15 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 88

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



# महाकुंभ में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, 2.50 करोड़ लोगों ने किया अमृत स्नान

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ का पहला अमृत (शाही) स्नान करीब 12 घंटे बाद खत्म हो गया। जूना अखाड़ा समेत सभी 13 अखाड़ों के संतों ने स्नान किया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक 2.5 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से लगातार फूल बरसाये जा रहे हैं।

वहीं, स्नान के बाद लोगों ने प्रयागराज से लौटना शुरू कर दिया है। इससे रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भारी भीड़ हो गयी है। प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर पैर रखने की जगह नहीं है। लोगों को हॉल में रोक लिया जा रहा है।

आने वाली ट्रेन के हिसाब से ही प्लेटफार्म पर भेजा जा रहा है। वहीं, सुबह-सुबह 6 बजे अमृत स्नान का अद्भुत दृश्य था। हाथों में तलवार-त्रिशूल और डमरू लिये संन्यासी हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए घाटों पर पहुंचे।

महाकुंभ में पहली बार शाही स्नान की जगह अमृत स्नान शब्द का इस्तेमाल किया गया। अखाड़ों ने नाम बदलने का प्रस्ताव दिया था।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### गुजरात में पतंगबाजी के दौरान 6 की मौत

अहमदाबाद। मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार पतंगबाजी से हुए हादसों में गुजरात में 6 लोगों की मौत हो गयी। राजकोट के राहटलाव गांव में 5 साल के कुणाल की मांझे से गर्दन कट गयी। वह पिता के साथ बाइक पर गुब्बारे लेने जा रहा था। सुरेंद्रनगर के ईश्वरभाई तारशीभाई ठाकोर की मांझे की चपेट में आने से मौत हो गयी। महेसाणा के कडी के कस्बा क्षेत्र में बिजली लाइन पर गिरी पतंग को हटाने के प्रयास में एक महिला करंट की चपेट में आ गयी। उसे बचाने गए उसके भाई की करंट से मौत हो गयी। वडोदरा शहर भी पतंग के मांझे से छह घटनाएं हुई। इनमें से पांच लोग घायल हो गये हैं।

# आये थे एजेंट की हत्या करने
# अपराधी ने अपने ही साथी को मारी गोली

- मारा गया अपराधी रांची में हुई 13 लाख की लूट में था शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के कुडू बस स्टैंड में दिनदहाड़े गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में एक कुख्यात अपराधी की मौके पर मौत हो गयी। मारे गये अपराधी की पहचान सुभाष जायसवाल उर्फ छोटू के रूप में हुई है। इस अपराधी का नाम रांची के पंडरा में 13 लाख रुपये की लूट और फायरिंग मामले में आया था। वह बीते वर्ष संतु पासवान के बड़े भाई और पूर्व पंचायत समिति सदस्य मंगलू पासवान की हत्या में शामिल था और फिलहाल जमानत पर बाहर था। उधर, पुलिस ने फायरिंग करनेवाले युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान एनामुल अंसारी के रूप में हुई है। एनामुल भी पूर्व में कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। उस पर कुडू के पूर्व अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।



### क्या है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार संतु पासवान रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह करीब 9:30 बजे बस स्टैंड में पहुंचा था। तभी सुभाष ने उस पर सामने से गोली चला दी। गोली संतु के बगल से निकल गयी। दूसरा फायर करने पर गोली बैरल में फंस गयी। इसी बीच भीड़ ने सुभाष को पकड़ लिया और धुनाई शुरू कर दी। इस बीच दूसरे अपराधी ने अपने साथी को गोली मार दी। गोली उसके सिर में लगी, वहीं वह गिर गया। इस बीच लोगों ने दूसरे अपराधी को भी दबोच लिया। पकड़े गये अपराधकर्मी की पहचान कुडू हमीद नगर निवासी रफीक अंसारी का पुत्र एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा के रूप में हुई है। पुलिस घायल सुभाष को अस्पताल ले कर गयी, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

### आक्रोशित लोगों ने सड़क किया जाम

दिनदहाड़े गोली चलने से बस अड्डे पर अफरातफरी मच गयी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कुडू-डाल्टेनगंज मेन रोड को जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गयी। स्थानीय लोग लोहरदगा एसपी से मिलने की मांग कर रह थे। बस स्टैंड की सभी दुकानें बंद कर दी गयीं। बाद में पुलिस ने सभी को समझा-बुझा कर मामले को शांत कराया।

### पुलिस मामले की जांच कर रही

फायरिंग की सूचना पाकर पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल हालत में सुभाष को स्थानीय हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से उसे रिम्स रांची के लिए रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। एसपी हारिस बिन जमा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच जारी है। कुडू बस स्टैंड से रोजाना हजारों वाहनों का परिचालन होता है। इस तरह की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गयी है। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# नीरू शांति भगत ने आजसू पार्टी से दिया इस्तीफा

**सुदेश महतो को दी सलाह, कहा : पार्टी के पदाधिकारियों में बोली-चाली में सुधार की जरूरत**

अजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी की नेता और विधानसभा प्रत्याशी रही नीरू शांति भगत ने आजसू पार्टी के स्थानीय नेताओं के तरह-तरह आरोप लगाने से आहत होकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे एक झारखंड आंदोलनकारी की पत्नी के रूप में जो मान सम्मान और प्यार दिया, उसके लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं। उन्होंने इस्तीफा पत्र में यह भी कहा है कि पार्टी के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को इस बात का प्रशिक्षण देने की जरूरत है कि वे अपनी बोली-चाली, बात-व्यवहार एवं लेखनी में भद्रता और सौम्यता लायें, यह पार्टी के लिए हितकारी होगा। साथ ही झारखंड आंदोलन के इतिहास का प्रशिक्षण पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अवश्य दिया जाना चाहिए।



सूत्रों के अनुसार चुनाव के बाद से ही नीरू शांति भगत कुछ स्थानीय नेताओं के बयान से आहत थीं। चुनाव में एक बड़े वर्ग ने उन्हें सहयोग नहीं किया था। उसके बाद से ही यह स्पष्ट हो गया था कि अब नीरू शांति भगत ज्यादा दिनों तक पार्टी में नहीं रहेंगी, क्योंकि कुछ कार्यकर्ता उन्हें देखना नहीं चाहते। वनभोज के दरम्यान जिस तरह के आरोप पार्टी के कुछ स्थानीय नेताओं ने उन पर लगाये, इससे वह काफी आहत हुईं। इसके पहले सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद उन्हें लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जाने लगे थे। अब उन्होंने आजसू पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया है। विधानसभा चुनाव 2024 में लोहरदगा से एनडीए से आजसू पार्टी की प्रत्याशी रही आंदोलनकारी पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने मंगलवार को आजसू पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को अपना इस्तीफा भेजा है। उनके इस्तीफे के बाद पार्टी के कुछ स्थानीय नेता अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, तो कुछ नेता इसे पार्टी के लिए अनहेल्दी मान रहे हैं।

### नीरू शांति के इस्तीफे में क्या है?

मैं झारखंड आंदोलनकारी, लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत बिना किसी राग द्वेष, भेदभाव के आजसू पार्टी के सभी पद तथा प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं। उन्होंने सुदेश महतो को भेजे इस्तीफा पत्र में यह भी लिखा है कि आजसू पार्टी ने मुझे एक झारखंड आंदोलनकारी की पत्नी के रूप में जो मान, सम्मान और प्यार दिया, उसके लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं। पर एक छोटी सलाह भी देना चाहूंगी कि पार्टी के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को अपनी बोली-चाली, बात-व्यवहार एवं लेखनी में भद्रता और सौम्यता लाने का प्रशिक्षण जरूर दें। यह आजसू पार्टी के लिए हितकारी होगा। साथ ही झारखंड आंदोलन के इतिहास का प्रशिक्षण पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अवश्य देने की कृपा करें। इसके साथ मिठास के पर्व मकर संक्रांति की आपको ढेरों बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने आजसू परिवार के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# धनबाद कार्मेल स्कूल मामला: प्राचार्या ने मांगी माफी, जांच में क्लीन चिट

**एसडीएम ने बताया-सीसीटीवी फुटेज में शर्ट उतरवाने की घटना का कोई प्रमाण नहीं**

**पीड़ित छात्राओं के अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन के बीच समझौता भी हो गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के कार्मेल स्कूल में कथित तौर पर छात्राओं के शर्ट उतरवाने के मामले में जांच रिपोर्ट सामने आ गयी है। इसमें स्कूल की प्रचार्या को क्लीन चिट दे दी गयी है। जांच समिति के अनुसार सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ में घटना से संबंधित कोई तथ्य नहीं मिला। उधर, स्कूल की प्रचार्या ने भी सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है। इसके बाद स्कूल प्रशासन और शिकायत करने वाली छात्राओं के अभिभावकों के बीच समझौता हो जाने की भी खबर आ रही है।

**10 घंटे चली जांच, कुछ नहीं मिला:** कार्मेल स्कूल मामले में लगभग 10 घंटे जांच चली। स्कूल में तीन सरकारी इकाइयों ने जांच की। इस दौरान प्राचार्या, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्राओं से पूछताछ की गयी। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गये। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में किसी भी तरह का आपत्तिजनक प्रमाण नहीं मिला है। स्कूल प्रबंधन और अभिभावक पक्ष के बीच सौहार्द्रपूर्ण माहौल में समझौता हो गया है। जांच की रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जायेगी। वहीं, विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि टीम ने पूछताछ की है। जांच रिपोर्ट झालसा को भेजेगी। झालसा का जैसा निर्देश होगा, वैसी ही आगे की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

### प्राचार्या ने कहा अपमानित करने की मंशा नहीं

स्कूल की प्राचार्या देवश्री ने घटना के लिए खेद प्रकट करते हुए कहा कि उनकी मंशा किसी को अपमानित करने की नहीं थी। अगर किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगती हूं। उधर, जांच रिपोर्ट और प्राचार्या की माफी के बाद शिकायत करने वाली छात्राओं के अभिभावकों संग स्कूल प्रबंधन के बीच समझौता हो गया। दोनों पक्षों ने सहमति जताते हुए भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति नहीं होने का आश्वासन दिया।

# कैरो में दुखा उरांव को अपने गांव में नहीं मिली दो गज जमीन


**मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तीसरे दिन शव का हुआ दूसरी जगह हुआ अंतिम संस्कार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** थाना क्षेत्र के महुवरी निवासी दुखा उरांव के शव को ग्रामीणों ने गांव के मसना कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार नहीं करने दिया। जानकारी के अनुसार दुखा उरांव जो कि पूर्व में गांव का पहान हुआ करता था, धर्म परिवर्तन कर ईसाई बन गया और 2007 में रांची जाकर बस गया था। रविवार को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी, तो परिजनों के द्वारा शव को पैतृक गांव महुवरी लाया गया, जहां पर गांव वालों ने अंतिम संस्कार के लिए जगह देने से इनकार कर दिया। उरांव समाज के लोगों का कहना था कि वह ईसाई बन गया था, इसलिए हम लोग अपने मसना में जगह नहीं देंगे, न ही अपने सिमाना में अंतिम संस्कार करने देंगे, वहीं ईसाई धर्मावलंबियों का कहना था कि वह हम लोगों के जैसा ईसाई नहीं था, इसलिए अपने कब्रिस्तान में जगह नही देंगे। प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी सोमवार को अंतिम संस्कार नही हो सका। मंगलवार को जिले के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमा समेत जिले के कई वरीय पदाधिकारी कैरो थाना और महुवरी गांव पहुंच कर दिशा-निर्देश और सुझाव दिये और मामले का हल करने का प्रयास किया, परंतु ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े रहे। अंततः शाम के समय जिला प्रशासन की पहल पर सेरेंगहातु ले जाकर अंतिम संस्कार कराने की बात कही गयी और शव को ले जाया गया।



अंतिम में शाम के समय जिला प्रशासन की पहल पर सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु में मजिस्ट्रेट अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार की उपस्थिति में मंगलवार शाम को ईसाई रीति रिवाज से झारखंड क्रिश्चियन इकाई लोहरदगा जिला की अगुवाई में फादर सतीश रुंडा के निर्देशन में दुखा उरांव का अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी सेन्हा मोदस्सर नजर मंसूरी, सीओ कैरो कुमारी शिला उरांव, सीओ भंडरा दुर्गा कुमार, बीडीओ कैरो छंदा भट्टाचार्य, थाना प्रभारी सेन्हा अजित कुमार के अलावे मृतक के परिजन और ग्रामीण मौजूद थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |



# दिल्ली में गलत ट्रैक पर आगे बढ़ रही है कांग्रेस की गाड़ी

## ■ सलाहकारों के कारण एक बार फिर से दोराहे पर फंस गये हैं राहुल गांधी

## ■ अपने कोर वोटरों को नजरअंदाज करने की बड़ी कीमत चुकायेगी पार्टी

आजाद सिपाही विशेष

**देश की सियासत के केंद्र में अभी दिल्ली का विधानसभा चुनाव है, जिसमें मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच होता दिख रहा है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस दिल्ली चुनाव में फिलहाल क्षेपक की भूमिका में ही नजर आ रही है, क्योंकि इंडी गठबंधन के उसके सहयोगियों ने उसे अकेला छोड़ दिया है। ऐसे में कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती राष्ट्रीय राजधानी में अपना वजूद बचाने की है। लोकसभा चुनाव में और उसके बाद लगातार ओबीसी-दलित राजनीति को केंद्र में लाने की कोशिश में जुटे कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी दिल्ली में भी यही फार्मूला लागू करने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। उनकी यह कोशिश वास्तव में कांग्रेस की चुनावी संभावनाओं पर विपरीत असर डालनेवाली हो सकती है। राहुल गांधी और कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में दलितों और ओबीसी वोटरों पर फोकस तो किया है, लेकिन इस क्रम में उसने अपने कोर वोटर, यानी ब्राह्मण और मुस्लिम को नजरअंदाज कर दिया है। इसका सीधा फायदा आम आदमी पार्टी और भाजपा को मिलता हुआ दिखाई दे रहा है, क्योंकि मुस्लिम जहां अरविंद केजरीवाल की पार्टी को समर्थन देने का मन बना चुके हैं, वहीं ब्राह्मण वोटरों का झुकाव भाजपा की तरफ दिख रहा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए दलित-ओबीसी वोटरों पर ध्यान केंद्रित करना आत्मघाती साबित हो सकता है, जिसका असर इस साल के अंत में होनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी पड़ सकता है। क्या है दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की सामाजिक रणनीति और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दिल्ली में अगले महीने होनेवाले विधानसभा चुनाव में एक साथ कई सियासी घटनाक्रम हो रहे हैं। इंडी गठबंधन टूट गया है, तो भाजपा के भीतर नये उत्साह का संचार हुआ है। उधर सत्ताधारी आम आदमी पार्टी हर दिन नये-नये विवाद में घिरती जा रही है, तो कांग्रेस के सामने रास्ता लगातार मुश्किल होता दिखने लगा है। ऐसे में आज बात करते हैं कांग्रेस की, जो दिल्ली के चुनावी मैदान में क्षेपक की भूमिका में नजर आ रही है।

दरअसल कांग्रेस इस समय ऐसे दोराहे पर खड़ी है, जहां से उसे कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा है। पार्टी ने जातीय राजनीति पर ध्यान केंद्रित किया था, तो दिल्ली चुनाव में यह रणनीति ही उसके लिए आत्मघाती साबित होती दिख रही है। अपने युवराज राहुल गांधी की रणनीति अब कांग्रेस पर ही भारी पड़ने लगी है। ऐसे लग रहा है कि कांग्रेस की गाड़ी एक बार फिर गलत ट्रैक पर चल पड़ी है।

देश की राजनीति के मैदान में राहुल गांधी को लगातार गलतियां करने वाले नेता के तौर पर जाना जाता है। कई बार तो राहुल गांधी जीता हुआ चुनाव भी हार जाते हैं। आरोप तो यहां तक लगाया जाता है कि राहुल गांधी के इर्द-गिर्द जो नेता रहते हैं, वे चाहते ही नहीं हैं कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव जीते। इसलिए कांग्रेस के नेता लगातार राहुल गांधी को अजब-गजब फैसले लेने के लिए उत्साहित और प्रेरित करते रहते हैं। राहुल गांधी कई बार चुनावी मैदान में सेल्फ गोल करते दिखाई देते हैं, तो कई बार गलत ट्रैक पर जाकर रास्ता ही भटक जाते हैं। दिल्ली विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण चुनाव में भी एक बार फिर से राहुल गांधी गलत ट्रैक पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यह बात बिल्कुल सौ फीसदी सही है कि कांग्रेस के वोट बैंक को छीन कर ही आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपराजेय पार्टी के तौर पर स्थापित हुई है, लेकिन उतना ही बड़ा सच यह भी है कि



कांग्रेस पार्टी अपना वह पुराना वोट बैंक आप से पूरी तरह से छीनने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में बेहतर तो यह होता कि कांग्रेस अपने पुराने वोट बैंक को पाने के लिए चरणबद्ध तरीके से रणनीति बना कर उसे अमल में लाती, लेकिन इसकी बजाय कांग्रेस रणनीतिक तौर पर एक बहुत बड़ी गलती करती हुई दिखाई दे रही है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी खोयी जमीन पाने के लिए कांग्रेस 'एमओज' (मुस्लिम, ओबीसी आदि) फार्मूला अपनाने जा रही है। यानी कांग्रेस दिल्ली में अल्पसंख्यक अर्थात मुस्लिम बहुल सीटों के साथ ही उन विधानसभा सीटों पर फोकस करेगी, जहां-जहां ओबीसी और दलित मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। हकीकत में कांग्रेस यहीं सबसे बड़ी गलती करने जा रही है। राहुल गांधी के करीबियों ने उन्हें यह सलाह देकर एक बार फिर से उनके नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी को गलत ट्रैक पर डाल दिया है। मंडल-कमंडल की राजनीति के दौर के बाद ओबीसी, यानी अन्य पिछड़े वर्ग के मतदाता पूरी तरह से कांग्रेस से विमुख हो चुके हैं और इनकी वापसी की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे में कांग्रेस के इस फार्मूले का असफल होना तय माना जा रहा है।

दरअसल राहुल गांधी को कांग्रेस को फिर से मजबूत करने के लिए एमओएस की बजाय बीडीएम के फार्मूले को अपनाना चाहिए, जिसके बल पर पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी और मनमोहन सिंह तक देश पर राज कर चुके हैं।

बीडीएम फार्मूले का मतलब है-ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम। इसी समीकरण के बल पर कांग्रेस ने लंबे समय तक देश पर राज किया है। लोकसभा चुनाव के समय से ही मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग ने कांग्रेस की तरफ लौटना शुरू कर दिया है। दिल्ली में भी इस बार के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं का वोट बड़े पैमाने पर कांग्रेस को मिलने की संभावना है और अगर कांग्रेस भाजपा को हराती हुई नजर आयी, तो पूरा मुस्लिम समाज कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देते हुए नजर आयेगा। लेकिन इसके लिए कांग्रेस को बीडीएम फार्मूले के बी और डी, यानी ब्राह्मण और दलित को भी अपने साथ जोड़ना होगा। दिल्ली का दलित आज की तारीख में अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा है और उन्हें अपने पाले में लाने के लिए राहुल गांधी को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मान-सम्मान की लड़ाई को और ज्यादा तेज करना पड़ेगा। ब्राह्मण मतदाताओं की बात करें, तो दिल्ली में यह समाज आज की तारीख में भाजपा, आप और कांग्रेस- तीनों ही पार्टियों में बंटा हुआ है। राहुल गांधी अगर थोड़ी सी कोशिश भी करेंगे, तो अन्य राजनीतिक दलों के ओबीसी राग से नाराज ब्राह्मण समाज पूरी तरह से कांग्रेस के पाले में खड़ा नजर आयेगा।

राहुल गांधी ने सोमवार को पहली बार दिल्ली के चुनावी मैदान में उतर कर पहली जनसभा की है। इसमें अच्छी भीड़ भी हुई। उनको जोर-शोर से दिल्ली में चुनावी जनसभाएं, रोड शो और रैलियां करनी ही चाहिए। लेकिन उन्हें कांग्रेस के पूरे चुनाव प्रचार अभियान को बीडीएम केंद्रित ही बनाना चाहिए और इसे जमीनी धरातल पर उतर कर क्रियान्वित भी करना चाहिए। गौर करने वाली बात यह है कि ब्राह्मण मतदाताओं का बड़े पैमाने पर साथ आना अन्य अगड़ी जातियों को भी कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने के लिए प्रेरित कर सकता है। यानी कांग्रेस को नये वोटरों को जोड़ने की कोशिश में अपने कोर वोटरों को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है।

---

### रांची से कुंभ के लिए 16 जनवरी से 1 मार्च तक 10 ट्रेनों का होगा परिचालन

## अधिक से अधिक संख्या में करें कुंभ यात्रा : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले के लिए 16 जनवरी से एक मार्च तक रांची रेल मंडल से 10 ट्रेनों का परिचालन होगा। विभिन्न क्षेत्रों से आकर यह ट्रेनें रांची रेलवे स्टेशन से गुजरेंगी, जहां बड़ी संख्या में रांची के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे।

रांची से या रांची होकर अधिक से अधिक ट्रेनों का परिचालन कुंभ के लिए हो, इस निमित्त रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर उनसे चर्चा की थी। उनसे आग्रह किया था कि कुंभ ट्रेनों का परिचालन रांची के रूट से किया जाये। इससे रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, कोडरमा, चतरा, लातेहार, पुरुलिया, जमशेदपुर, सरायकेला खरसावां सहित कई जिलों के लोग कुंभ की यात्रा कर सकेंगे।



विभिन्न तिथियां को कुंभ के लिए चलने वाली यह विशेष ट्रेन यहां के यात्रियों के तीर्थाटन को सुगम बनायेंगी। रक्षा राज्य मंत्री ने इन ट्रेनों के परिचालन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है।

सेठ ने कहा कि यह पहला अवसर है जब रांची को कुंभ मेला के लिए इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों की सौगात मिली है। हर ट्रेन का परिचालन रांची स्टेशन होकर ही होगा और पर्याप्त संख्या में यहां से इन्हें सीटें भी उपलब्ध करायी जायेंगी। यात्रियों को किसी तरह की कोई समस्या नहीं हो, इसे लेकर रेलवे हर प्रकार की व्यवस्था कर रहा है। इन सभी ट्रेनों में सामान्य क्लास, स्लीपर क्लास और एसी क्लास की बोगियां भी उपलब्ध होंगी। रांची से सफर करने वाले यात्रियों के लिए पर्याप्त आरक्षित सीटों की व्यवस्था होगी। रक्षा राज्य मंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि 12 वर्षों के बाद लगने वाले इस महाकुंभ में अधिक से अधिक सनातनियों को जाना चाहिए और सनातन के इस महापर्व में भाग लेना चाहिए।

#### इन ट्रेनों का होगा परिचालन

- रांची से टुंडला (08067/08968) के लिए कुंभ मेला स्पेशल 19 जनवरी।
- भुवनेश्वर से टुंडला (08425) कुंभ मेला स्पेशल 22 जनवरी, 5 फरवरी, 19 फरवरी और 25 फरवरी।
- टुंडला से भुवनेश्वर (08426) कुंभ मेला स्पेशल 24 जनवरी, 7 फरवरी, 21 फरवरी और 28 फरवरी।
- टिटिलागढ़ से टुंडला (08314) कुंभ मेला स्पेशल 16 जनवरी, 23 जनवरी, 6 फरवरी, 20 फरवरी और 25 फरवरी।
- टुंडला से तितलागढ़ (08313) कुंभ मेला स्पेशल 18 जनवरी, 25 जनवरी, 8 फरवरी, 22 फरवरी और 01 मार्च।
- तिरुपति से बनारस (07107) कुंभ मेला स्पेशल 18 जनवरी, 8 फरवरी, 15 फरवरी और 22 फरवरी।
- बनारस से विजयवाड़ा (07108) कुंभ मेला स्पेशल 20 जनवरी, 10 फरवरी, 17 फरवरी और 24 फरवरी।
- नरसापुर से बनारस (07109) कुंभ मेला स्पेशल 26 जनवरी, 2 फरवरी।
- बनारस से नरसापुर (07110) कुंभ मेला स्पेशल 27 जनवरी और 3 फरवरी को चलेगी।
- इन ट्रेनों का कुल परिचालन 38 बार होगा।

---

## महाकुंभ में झारखंड विस के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने भी डुबकी लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मकर संक्रांति के दिन भगवान भास्कर के उत्तरायण होने के साथ ही सनातन धर्म में शुभ कार्य का द्वार खुल गया है। मंगल कामना के साथ लोग शुभ कार्यों में जुट गये हैं। इस साल की मकर संक्रांति को प्रयागराज में लगे महाकुंभ ने और भी खास बना दिया है। नेक मनोकामना के साथ संगम में आस्था की अमृत डुबकी लगायी जा रही है। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो भी इस पुण्य के भागी बने हैं। उन्होंने मकर संक्रांति के दिन संगम में आस्था की डुबकी लगायी है। सोशल मीडिया एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए उन्हें अपनी भावनाएं भी प्रकट की हैं। स्पीकर ने लिखा है कि 'विश्व के



विशालतम सांस्कृतिक समागम महाकुंभ के दूसरे दिन आज पवित्र संगम में डुबकी लगायी। पूजा अर्चना कर भगवान सूर्य से झारखंड वासियों की समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की प्रार्थना की। महाकुंभ हमारी हजारों साल पुरानी आस्था, धार्मिक संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ा मानवता का उत्सव है।

---

## राजस्थान हाइकोर्ट के जज का मोबाइल झारखंड के चोरों ने चुराया, 4 लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका स्थित प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर में एक जनवरी को पूजा के दौरान राजस्थान हाइकोर्ट के एक जज का मोबाइल फोन चोरी हो गया था। इस संबंध में जरमुंडी थाने में एफआइआर दर्ज की गयी थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर लिया है। मोबाइल चोरों के एक इंटर स्टेट गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के बॉर्डर इलाके में छापेमारी कर गैंग के चार सदस्यों को पकड़ा गया है। उनके पास से



जज के मोबाइल फोन के अलावा चोरी के कुल आठ मोबाइल बरामद किये गये हैं। इस मामले की जांच के लिए स्पेशल टीम बनायी गयी थी। इस टीम ने टेक्निकल सबूतों के आधार पर साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव से दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश बॉर्डर से दो अन्य को पकड़ा गया।

---

### आजसू ने किया 6 सदस्यीय समिति का गठन

## धनबाद हिंसक झड़प की जांच करेगी समिति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद जिले के मधुबन में 9 जनवरी को हुई घटना की जानकारी प्राप्त करने के लिए आजसू पार्टी ने एक 6 सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का गठन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर किया गया है। बताया जा रहा है कि समिति का मुख्य उद्देश्य घटना में प्रभावित परिवारों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी लेना है। इसके बाद प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई के बारे में जानकारी हासिल करना है। जानकारी हो कि इस समिति के सदस्य 15 जनवरी बुधवार को धनबाद जायेंगे। यहां वे घटना की जांच करेंगे और केंद्रीय नेतृत्व को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे। इस समिति में शामिल 6 सदस्य हैं - मांडू विधायक निर्मल महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो, पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव, पूर्व डीआइजी सुबोध प्रसाद, प्रधान सचिव राजेंद्र मेहता और प्रधान सचिव राधेश्याम गोस्वामी। इस समिति का गठन घटना की पारदर्शिता से जांच करने और प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से किया गया है।

---

## संसदीय अध्ययन केंद्र ने वित्त मंत्री को बजट के लिए दिये सुझाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र ने वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपकर आगामी बजट के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। इन सुझावों में बजट तैयार करने के पूर्व योजनाओं का विनिश्चय, योजनाओं, कार्यक्रमों में ओनरशिप का अभाव, ट्राइबल इकोनॉमी, संसाधन अभिवृद्धि जैसे कई विषय शामिल हैं।

#### ये दिये गये हैं सुझाव

- योजनाओं का विनिश्चयः बजट तैयार करने से पहले योजनाओं की प्राथमिकता तय करनी चाहिए।
- ओनरशिप का अभावः योजनाओं/कार्यक्रमों में ओनरशिप का अभाव दूर करने के लिए कालबद्ध कार्यान्वयन और उत्तरदायित्व निरूपित करना चाहिए।
- ट्राइबल इकोनॉमीः झारखंड में आदिम जनजाति सहित जनजातीय आबादी 26 प्रतिशत है, इसलिए जनजातीय-आर्थिकी को समृद्ध करने के लिए योजना एवं बजट की संरचना की आवश्यकता है।
- संसाधन अभिवृद्धिः संसाधन अभिवृद्धि के उपक्रम उत्कृष्ट बजट की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।
- आउटकम आधारित विनियोजनः समाज हित में एकीकृत विकास के लिए कृषि, रोजगार, सिंचाई, स्वावलंबन, स्वास्थ्य में आउटकम आधारित विनियोजन आवश्यक है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.1°c | 12.4°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.23 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.32 बजे | |



# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति की दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मकर संक्रांति पर मंगलवार को देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर समस्त देशवासियों को दान के महापर्व मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि प्रकृति और लोक उत्सव का महापर्व सोहराय, टुसू परब, बुरु मांगे परब और मकर संक्रांति की आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। उन्होंने कहा है कि प्रकृति का यह महापर्व आप सभी को स्वस्थ रखे। आप सभी समृद्ध और खुशहाल रहें, यही कामना करता हूं।





## हितकर सामाजिक संस्था ने मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया

# झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की कॉपी करेंगे दूसरे राज्य : इरफान

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी को नये वर्ष की बधाई दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हितकर सामाजिक संस्था ने मंगलवार को नववर्ष और मकर संक्रांति उत्सव समारोह का आयोजन रांची के डिबडीह स्थित कार्निवल परिसर में किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केशव महतो कमलेश अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शामिल हुए हुए। उद्घाटनकर्ता मंत्री इरफान अंसारी स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विनय सिन्हा दीपू, राजीव रंजन प्रसाद अध्यक्ष गौ सेवा आयोग, संजय लाल पासवान अध्यक्ष आवास बोर्ड, वरिष्ट कांग्रेस नेता मंजूर अंसारी, रामा खलखो पूर्व मेयर रांची मंजूर अहमद अंसारी अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग, रविंदर सिंह अध्यक्ष मार्केटिंग बोर्ड ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी विनय सिन्हा दीपू ने किया। केशव महतो कमलेश ने सभी को बधाई दिया और कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है जो नव वर्ष के सबसे पहले पर्व के रूप में पूरे भारत में मनाया जाता है। हम कामना करते हैं आपका नव वर्ष 2025 शुभ हो। वहीं मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि आप सभी को विशेष रूप से आयोजक विनय सिन्हा दीपू को बधाई, जिन्होंने इतना बेहतर आयोजन किया। राहुल गांधी ने मुझ पर विश्वास जताया है, मैं पूरी निष्ठा के साथ अपना कार्य करूंगा और विश्वास दिलाता हूं स्वास्थ्य के मामले में दूसरे राज्य झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की कॉपी करेंगे। विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर हम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्सव को मिल कर मानने के लिए एकत्रित हुए हैं। सभी अतिथियों ने पतंग उड़ायी और कड़के के ठंड से गरीबों के बीच 500 कंबल वितरण किया। अतिथि के रूप में युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा, रांची जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदीप तुलस्यान, राजेश सिन्हा सन्नी, आभा सिन्हा, जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष अंजुमन इस्लामिया रांची इबरार अहमद, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडेय, अनवर अंसारी सहित मुख्य रूप से अमरेंद्र सिंह, अभिलाष साहू, कमल ठाकुर, गुलाम जावेद, मनिंदर कुमार सिंह, संतोष मिश्रा, संतोष कुमार, धनंजय वर्मा उर्फ रिंकू सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।



## बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर फिर बोला हमला, कहा

# राज्य सरकार नगर निकाय चुनावों के प्रति उदासीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी राज्य सरकार पर फिर हमला बोला है। उन्होंने झारखंड में नगर निकाय चुनाव न कराने आरोप राज्य सरकार पर लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि सरकार कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर लोगों के अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना निर्वाचित प्रतिनिधित्व के, नागरिक हितों की अनदेखी कर हेमंत सरकार बड़े घोटाले को अंजाम दे रही है।

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि सरकार नगर निकाय चुनावों के प्रति उदासीन है। उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर हेमंत सरकार जनता की लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है। राज्य निर्वाचन आयोग ने भी अदालत से कहा है कि हेमंत सरकार इस दिशा में आवश्यक सहयोग प्रदान नहीं कर रही है।

**हाइकोर्ट ने मुख्यसचिव को किया है जवाब तलब :** बता दें कि सोमवार को अदालत ने नगर निकाय चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन न होने पर नाराजगी जतायी है। हाइकोर्ट ने इस मामले में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी को जवाब तलब किया। मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। राज्य सरकार ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया है कि ट्रिपल टेस्ट कराया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट अभी तक सामने नहीं आयी है।



**नगर निकायों में बढ़ रहा है भ्रष्टाचार का बोलबाला**

**बाबूलाल मरांडी ने आगे लिखा कि नगर निकाय चुनावों को टालकर हेमंत सरकार प्रशासकों के माध्यम से इनके संचालन का काम कर रही है। इन प्रशासकों के संरक्षण में नगर निकायों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का बोलबाला बढ़ रहा है।**

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# जस्टिस डॉ एसएन पाठक हुए रिटायर

**1988 में वकालत के पेशे से शुरू किया था न्यायिक कॅरियर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गये। मंगलवार को हाईकोर्ट में उनका अंतिम कार्यदिवस था। अंतिम कार्यदिवस के मौके पर हाइकोर्ट के न्यायाधीशों और एडवोकेट एसोसिएशन ने उन्हें यादगार विदाई दी। बिहार के बक्सर जिले में इनका जन्म 15 जनवरी 1963 को हुआ था। पटना विश्र्वविद्यालय से उन्होंने इतिहास विषय में 1985 में एमए की डिग्री प्राप्त करने के बाद 1988 में एलएलबी और बाद में कानून में पीएचडी की डिग्री ली।

26 अगस्त 1988 को उनका बतौर अधिवक्ता पंजीयन हुआ था और कुछ समय तक उन्होंने आरपीएस लॉ कालेज पटना में अंशकालीन व्याख्याता के रूप में कार्य किया था। बिहार बंटवारे के बाद पटना उच्च न्यायालय छोड़कर वे झारखंड उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करने लगे। जस्टिस डॉ एसएन पाठक ने वर्ष 1988 में न्यायिक क्षेत्र में वकील के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। जिसके बाद वर्ष 2016 में उन्हें हाइकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित विदाई समारोह में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस समेत अन्य जजों ने जस्टिस डॉ एस एन पाठक को शुभकामनाएं दीं। जस्टिस डॉ एसएन पाठक ने अपने न्यायिक जीवन के अनुभवों पर एक पुस्तक भी लिखी है। उनके द्वारा लिखी गयी पुस्तक का नाम न्याय पथ के पथिक हैं, जिसका विमोचन हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस ने अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी में किया था। विदाई समारोह में स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों समेत हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की एडहोक कमिटी के पदाधिकारी और वरीय अधिवक्ता और हाइकोर्ट के अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे।



# पूर्व मंत्री राजा पीटर की गाड़ी को कंटेनर ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे

## एक्सयूवी गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त, कोई हताहत नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची टाटा मार्ग पोड़ाडीह कांची पुल के पास पूर्व मंत्री राजा पीटर की एक्सयूवी गाड़ी को कंटेनर ने टक्कर मार दी। उस वक्त गाड़ी में राजा पीटर भी सवार थे। वह बाल-बाल बच गये। घटना के बारे राजा पीटर ने बताया कि वे दिवड़ी स्थित अपने होटल से एसबीआइ बैंक बुंडू जा रहे थे। उसी क्रम में कांची पुल के पहले सिंगल लेन में जैसे ही एंट्री किये तो सामने से आ रही कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे एक्सयूवी का ड्राइवर साइड काफी क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी में खुद राजा पीटर सवार थे।

गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आयी। सिर्फ गाड़ी को नुकसान हुआ।

कंटेनर टक्कर मारने के बाद भागने लगा जिसकी सूचना तमाड़ पुलिस को दी गयी। पीछा करते हुए कंटेनर को तमाड़ के पास पकड़ लिया गया। चालक और खलासी को पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार ने खुद घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया और राजा पीटर से मिलकर घटना की जानकारी ली।



## मकर संक्रांति पर पहाड़ी मंदिर में भोले बाबा का भव्य श्रृंगार



**रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पहाड़ी मंदिर में पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा पहाड़ी मंदिर के भक्तों के सहयोग से भोले बाबा का माता पार्वती एवं भगवान गणेश के प्रतीक स्वरूप के साथ भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भोले बाबा के भक्त मौजूद रहे।**

## मुंबई में आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री

# पूर्व सैनिक समाज और राष्ट्र की धरोहर के प्रति मोदी सरकार प्रतिबद्ध : संजय सेठ

**कहा, आपका बलिदान, आदर्श, अनुशासन, ईमानदारी, समर्पण अनुकरणीय है**

**इनके कल्याण के लिए 1,24,000 करोड़ से अधिक खर्च किये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** मंगलवार को 9वें आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे के अवसर पर मुंबई में स्थित नौसेना डॉकयार्ड मेमोरियल में वीर बलिदानियों को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने सभी पूर्व सैनिकों से संवाद किया। संजय सेठ ने कहा कि राष्ट्र की सेवा में आपका सर्वोच्च बलिदान, आदर्श, अनुशासन और मातृभूमि के प्रति ईमानदारी और वफादारी हर देशवासी के लिए अनुकरणीय है। सभी पूर्व सैनिक हमारे गौरव हैं। इनके कल्याण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। पिछले 10 वर्षों में भूतपूर्व सैनिक और उनके परिवार के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने 1,24,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की है। उन्होंने कहा कि हम सम्मान उन्हें दे रहे हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश के नाम किया। संवाद उनसे कर रहे, जो सदैव देश के लिए समर्पित रहे। राष्ट्र की रक्षा को जीवन समर्पित करने वाले वीरों से मिलना मेरे जीवन का अविस्मरणीय पल है। सैन्यसेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी आगे इनका जीवन सुगम हो, भविष्य के लिए इन्हें चिंता नहीं हो, इसे लेकर हमारी सरकार संवेदनशील है। यह गौरव की बात है कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में वेटरंस डे मनाया जा रहा है। यह देश की सेवा में समर्पित हमारे कर्त्तव्यपरायण वीरों का सम्मान है।



# जिला स्कूल मैदान में राष्ट्रीय पुस्तक मेला 17 जनवरी से

## 10 दिवसीय पुस्तक मेले में पुस्तक प्रेमियों की रहेगी बहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला स्कूल मैदान में 17 से 26 जनवरी तक 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। यहां एक ही छत के नीचे हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी की नयी एवं पुरानी पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। पुस्तक मेले की मुख्य थीम होगी : सोशल मीडिया के दौर में पुस्तकें। समय इंडिया, नयी दिल्ली किताबों को पाठकों से जोड़ने की मुहीम के तहत यह पुस्तक मेला लेकर आया है। मेला सुबह 11 बजे से रात्रि 7.30 बजे तक चलेगा। ये जानकारी समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने दी।



**छात्र-छात्राओं के लिए एंट्री फ्री :** श्री भूषण ने बताया कि स्कूली एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पुस्तक मेला में पुस्तकों के करीब लाने के लिए संस्था की ओर से विशेष सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। मेला अवधि के दौरान सोमवार से शुक्रवार तक छात्र-छात्राएं प्रातः 11 बजे से 2 बजे के बीच अपना आई कार्ड दिखा कर फ्री प्रवेश पा सकते हैं।

**बच्चों पर केंद्रित विविध कार्यक्रम होंगे :** मेले के दौरान स्कूली बच्चों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखे गये हैं। इनमें कविता सुनाओ, कहानी लेखन प्रतियोगिता, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, बच्चों की लोक गीत/देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता, बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता, बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एकल नाट्य प्रतियोगिता आदि प्रमुख हैं। पुस्तक प्रेमियों को कवियों एवं कवयित्रियों की कविताओं को करीब से सुनने का मौका पुस्तक मेले में मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पुस्तक प्रेमियों के दिल जीतने के लिए होंगे।

**मेले में भाग ले रहीं प्रमुख संस्थाएं**

**पुस्तक मेले में जिन प्रकाशकों एवं पुस्तक विक्रताओं की स्वीकृति मिल चुकी है उनमें राजपाल एंड संस, प्रकाशन संस्थान, समय प्रकाशन, यश प्रकाशन, लक्ष्मी प्रकाशन, नैय्यर बुक सर्विस, वर्मा बुक कंपनी, रोहित बुक कंपनी, विकल्प प्रकाशन, आर्यन बुक कंपनी (नयी दिल्ली), हिंद युग्म (गौतम बुद्ध नगर), दिव्यांश प्रकाशन (लखनऊ), योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया, क्राउन पब्लिकेशन, झारखंड झरोखा, गीता प्रेस (रांची), श्री कबीर ज्ञान प्रकाशन केंद्र (गिरिडीह), राज्य अभिलेखागार (पटना) आदि प्रमुख हैं। झारखंड झरोखा के स्टॉल पर ही राजकमल प्रकाशन, वाणी प्रकाशन, प्रतियोगिता संबंधी और झारखंड पर केंद्रित पुस्तकें होंगी।**

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना मकर संक्रांति उत्सव

**परमजीत कौर ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सामूहिक प्रयास की सराहना की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में मकर संक्रांति का उत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों में इस पर्व के महत्व और उससे जुड़ी परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय के चारों सदनों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने के लिए शानदार झांकियों का प्रदर्शन किया। इनमें असम का बिहू, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का पोंगल, पंजाब की लोहड़ी और झारखंड का टुसू पर्व शामिल थे। हर झांकी ने इन त्योहारों और अच्छी फसल की खूबसूरती को प्रस्तुत किया। इसके अलावा, विद्यालय में पतंग बनाने और उड़ाने की गतिविधि का आयोजन भी किया गया, जिसने छात्रों को उल्लास से भर दिया। यह आयोजन सभी के लिए ज्ञानवर्धक और आनंददायक अनुभव साबित हुआ और विविधता में एकता की भावना को मजबूत किया। प्राचार्या, परमजीत कौर ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सामूहिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव बच्चों को भारत की परंपराओं और क्षेत्रीय त्योहारों से जोड़ते हैं और उनके मन में भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव का भाव उत्पन्न करते हैं।



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## न्यू दृष्टि आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क जांच और ऑपरेशन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड स्थित डाकघर के समीप संचालित न्यू दृष्टि आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क नेत्र जांच 30 जनवरी तक किया जायेगा। जल्द ही इस अस्पताल का उद्घाटन होगा। अस्पताल के संचालक आशीष कुमार ने कहा स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव पर हमारे यहां आंख के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा आंख से संबंधित सभी प्रकार की सर्जरी होंगे, अब किसी को, दूसरे शहर और महानगर जाने की जरूरत नहीं होगी, सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध होगें। 30 जनवरी तक नि:शुल्क नेत्र जांच के दौरान पाये जाने वाले मोतियाबिंद की मरीजों को फेको विधि से नि:शुल्क ऑपरेशन भी किया जायेगा।

## सामाजिक समरसता को लेकर चूड़ा-दही कार्यक्रम



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेको पंचायत अंतर्गत ग्राम बेको में विश्व हिंदू परिषद पंचायत अध्यक्ष सुर्य देव राणा के नेतृत्व में सामाजिक समरसता के तहत भाईचारा मजबूत करने और समाज में जो अफवाह फैली हुई है कि सनातन धर्म में छुवाछूत की भ्रम फैलाया जा रहा है इसलिए हम समाज के लोगों ने स्वगीय इंद्रदेव दास के घर जाकर मकर संक्रांति का पर्व दही चूड़ा का त्योहार मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा निवृत्त सैनिक रामजी यादव, अभियंता विजय यादव, प्रधानाध्यापक राजेन्द्र यादव, सुभाष यादव, किशोर राणा, प्रकाश राणा, कुलदीप पासवान, बिरेंद्र पंडित, उमेश यादव, सुरज यादव, पवन राणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने बांटे कंबल और खाद्य सामग्री



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मक्रर साक्रंति और सोहराय पर्व के अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने नगर पंचायत कोडरमा के सफाई कर्मियों के बीच कंबल और दही चूड़ा और अन्य खाद्य सामाग्री का वितरण किया। उपायुक्त ने सभी सफाई कर्मियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों के बीच खाद्य सामाग्री पहुंचाया गया। इस मौके पर नगर प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा और अन्य मौजूद रहे।

## कोडरमा के राम वर्णवाल राष्ट्रीय सेवारत्न से हुए सम्मानित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल को दरभंगा में सम्मानित किया गया। रक्तदान के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से खुद को रक्तसेवा के प्रति समर्पित कर चुके राम वर्णवाल को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर पटना एम्स के ब्लड बैंक की सीएमओ और इस सम्मेलन में पटना जिले के चर्चित निरमया ब्लड बैंक के संस्थापक राकेश रंजन, समर्पण मिथिला संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृदुल कुमार शुक्ला और सचिव दीपक कुमार महथा शामिल थे। इनके द्वारा सम्मानित किया गया। दरभंगा की संस्था समर्पण मिथिला द्वारा दलान रिसॉर्ट दरभंगा में राष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया था। कार्यक्रम समापन के उपरांत सभी को सम्मानित किया गया। कोडरमा के रक्त सेवक राम वर्णवाल को उक्त कार्यक्रम में रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने, रक्तदान शिविर का आयोजन करने और जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया। राम ने बताया कि रक्तदान ही एक ऐसी सेवा है जो निस्वार्थ रूप से किया जाता है। इस सम्मान से सम्मानित होने पर प्रवीण मोदी, गंगाधर राणा, विनीत मोदी, ठाकुर सुनील, हर्ष तेजपाल, दशरथ राणा, आकाश वर्मा, प्रमोद सिंह समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

## पासवा ने शिक्षक को श्रद्धासुमन अर्पित किया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सीएच हाई स्कूल झुमरीतिलैया के सेनि शिक्षक और ज्ञान लोक झुमरी तिलैया के प्रो रंजित सिंह के पिता जयचंद प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन पर प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ बीएनपी बर्णवाल के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक संदेश में डॉ बीएनपी बर्णवाल ने उन्हें बेहद ही मृदुभाषी, सामाजिक और व्यवहारिक व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा की उनकी मृत्यु से शिक्षक समुदाय के लिए बहुत बड़ी क्षति है। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले पासवा प्रखंड अध्यक्ष हीरामन मिस्त्री, सचिव नीलकंठ बर्णवाल, प्रो दशरथ प्रसाद राणा, अर्जुन चौधरी, कन्हाई चंद्र यादव, बासुदेव यादव, मुकेश तिवारी, अरुण यादव, राम नारायण यादव, लक्ष्मण चौधरी, दयानंद शर्मा, संजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नाई संघ ने किया वनभोज का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के यमुनिया डैम में मंगलवार को कुंदन शर्मा की अगवाई में विष्णुगढ़ नाई संघ (सैलून संघ) ने वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता कुंजलाल ठाकुर और संचालन प्रकाश ठाकुर ने किया। मौके पर संजय ठाकुर ने कहा कि महंगाई चरम पर है, सभी की सामानों की कीमत आसमान छू रही है, जिसके चलते घर परिवार चलाना मुश्किल होता है। इस पर सभी नाई समाज (सैलून संघ) ने विचार- विमर्श किया गया जिसमे सभी लोगों ने कहा कि होली के बाद नाई सैलून दुकानदारों की बाल दाड़ी की नई रेट की कीमत तय की जायेगी। साथ ही अगले सप्ताह के मंगलवार को दुकान बंद करने का आह्वान किया गया। जिसमें सभी नाई समाज के लोगों अपनी अपनी ने सहमति जतायी। मौके पर जीतू ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, आशीष ठाकुर, संजय ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, रवि ठाकुर, सोनू ठाकुर, बबलू ठाकुर, संतोष शर्मा, प्रकाश ठाकुर, मनीष ठाकुर, विनोद ठाकुर, किशून ठाकुर, विजय ठाकुर, कुंजलाल ठाकुर, पूरन ठाकुर, बसंत ठाकुर, कुंदन शर्मा, उपेंद्र ठाकुर, टिंकू ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, बिक्की ठाकुर, विकास ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री सह सांसद ने किया सूर्यकुंड मेला का उद्घाटन

**केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सूरज कुंड मेला में आने वाले लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** झारखंड प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुर्यकुंड मे लगने वाले पंद्रह दिवसीय मेला का उद्घाटन किया गया। मेला का उद्घाटन केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव और हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट और नारियल फोडकर किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सुरजकुंड मेला में आने वाले लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुरजकुंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सुर्य कुंड में विकास को लेकर हमने पर्यटन सचिव से बात की हूं। यहां पर एक कमिटी का गठन करें ताकि यहां बनने वाले सभी संसाधनों का देखभाल हो सके। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि सुरजकुंड एक पवित्र धार्मिक स्थल है इसलिए इसे साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने मकरसंक्रांति की लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुर्यकुंड विश्व के मानचित्र पर स्थित है। सुर्यकुंड आस्था का केंद्र और पर्यटन स्थल के रूप में झारखंड प्रसिद्ध है। हमने सुरजकुंड की गंभीर समस्या शुद्ध पेयजल को उपलब्ध कराया और आने वाले दिनों में सुर्यकुंड का विकास करना मेरी प्राथमिकता होगी। इसकी पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनेगा। देश के साथ-साथ विदेशी पर्यटक यहां घूमने आयेगें। मेला के दौरान मेला घूमने वालों को सुविधा का विषेश व्यवस्था हो। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सुर्य कुंड एक अस्था और पर्यटन दोनों से जुड़ा हुआ है। यहां पर विकास की आपार संभावना है। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, जीप सदस्य प्रेरणा प्रिया, बीडीओ सह सिओ श्रवण कुमार झा, बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, मुखिया ललिता पांडेय, टुकलाल नायक, विकास पांडेय, उतीम महतो, चंद्रकांत पांडेय, धीरेन्द्र पांडेय, रघुवीर महतो, राजकुमार गिरी, अर्जुन राणा, सुरेन्द्र साव, समेत मेला ठीकेदार पांच पांडव कमेटी के लोग उपस्थित थे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया गुरपा स्टेशन का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने कोडरमा गया रेल खंड के विंडो निरिक्षण किया। इस दौरान गुरपा स्टेशन पर पौधरोपण भी किया। डीआरएम ने स्टेशन परिसर में सफाई, ओवरब्रिज निर्माण, सुरक्षा व्यवस्थाओं, स्वचालित ट्रेन परिचालन प्रणाली और रेल फाटकों का गहन निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने अभियंता और अभिकर्ता से स्टेशन परिसर में चल रहे हर काम की बारीक जानकारी ली और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने घाट सेक्शन में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने घाट क्षेत्र में स्थित तीन प्राचीन गुफाओं के इतिहास और महत्व के बारे में भी जानकारी ली। स्टेशन परिसर में रेल सुरक्षा पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कला जत्था की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों और स्थानीय लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। रेल अधिकारियों ने बताया कि मानपुर से गुरपा तक स्वचालित ट्रेन परिचालन प्रणाली पहले से काम कर रही है। जनवरी माह के अंत तक गझंडी से शर्माटाड़ तक यह प्रणाली शुरू हो जायेगी। इसके बाद गुरपा से गझंडी तक स्वचालित ट्रेन प्रणाली लागू की जायेगी। निरीक्षण के बाद डीआरएम और उनके साथ मौजूद अधिकारी गुरपा पहाड़ पर पहुंचे। चोटी पर स्थित हिंदू और बौद्ध धर्म के मंदिरों में पूजा-अर्चना की। वहां की रमणीयता को देखते हुए उन्होंने प्रकृति की खूबसूरती की सराहना की। इस मौके पर अपर मध्य रेल प्रबंधक विनीत कुमार, मंडल परिचालन प्रबंधक अजय तिवारी, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार, वरीय मंडल अभियंत्रण प्रबंधक अमित कुमार, यातायात निरीक्षक नीरज सिन्हा, गुरपा स्टेशन प्रबंधक राजेश सिन्हा सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## मचान में लगी आग हजारों का पुआल जल कर राख

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो गौढा टोली में मचान में रखा पुआल में मंगलवार को आगजनी की घटना में किसान बंधन महतो का हजारों रुपये का पुआल जलकर राख हो गया तो है। आगजनी की घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन मचान में रखा पुआल जलकर राख हो गया आग कैसे लगा कब लगा पता नहीं चल पाया। अगल बगल के लोगों ने देखा कि पुआल से आग निकल रही है। तब हो हल्ला के बाद ग्रामीणों की मदद से आग तो बुझा लिया गया लेकिन पुआल जलकर राख हो गया है अब तक झरपो में प्राप्त जानकारी के अनुसार आज तक पांच मचाने जलकर खाक हो चुकी है अब किसानों की चिंता सत्ता रही है कि मवेशियों को वह क्या खिलायेंगे इसकी चिंता सता रहा है भुक्तभोगी ने अंचल कार्यालय से मदद की गुहार लगायी।

# बड़कागांव प्रखंड में मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न स्थानों में मेले का आयोजन

**मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर मेला का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय मिले आगाज किया गया। इस अवसर पर सोनपुरा मां पंचबहीनी मनोकामना मंदिर में श्रद्धालु द्वारा पूजा-अर्चना कर मेला का उद्घाटन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया सह समिति के संरक्षक पारसनाथ प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे मेला के संयोजक प्रोफेसर लालदेव महतो, ग्राम अध्यक्ष प्रकाश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया पारस नाथ प्रसाद ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां पांच वाहिनी मनोकामना मंदिर का मान्यता है कि जो भी कुछ इस मंदिर में आकर मांगते हैं। उनकी मानते पूरी होती है। इसलिए हर सनातनी को पूजा-अर्चना करनी चाहिए। तभी परिवार, समाज, प्रखंड, जिला और राज्य का संपूर्ण विकास होगा और क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। इस तरह बादम पंचवहिनी मंदिर में पूजा समिति अध्यक्ष जागेश्वर महतो ने कहा कि हमारे यहां बहुत दिनों से मेले का आयोजन करते आ रहे है। इस अवसर पर ग्राम अध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार, सचिव विनोद प्रसाद दांगी, कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद दांगी, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार चौबे, संयोजक प्रोफेसर लाल देव महतो, सह संयोजक विश्वेश्वर नाथ चौबे, भवानी प्रसाद, पूजा समिति अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, परमेश्वर राणा, मोहित कुमार दांगी, अशोक ठाकुर ,प्रकाश कुमार, गोलेश्वर कुमार, गुड्डू राज, दीपक कुमार, मुकेश ठाकुर, बेणेश्वर कुमार, बंधन राम पवन कुमार, पूजा समिति सदस्य सहित अन्य लोग शामिल थे।

# बड़कागांव के लड़कों ने जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक पर बनायी शॉर्ट फिल्म

**यूट्यूब पर खूब पसंद कर रहे हैं फिल्म जेपीएससी सीजीएल एक अधूरा सपना**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** झारखंड में इन दिनों लगातार जेएसएससी और सीजीएल एग्जाम में पेपर लीक होने और 2016 से लेकर 2024 तक एक भी परीक्षा न होना जैसे झारखंड की एक गंभीर समस्या बन गया है इसी को लेकर विद्यार्थियों के साथ घट रहे पर घटनाओं और हो रहे परेशानियों पर आधारित जेएसएससी सीजीएल एक अधूरा सपना नामक एक शॉर्ट फिल्म बड़कागांव प्रखंड के ग्राम खरांटी निवासी शुभम कुमार पिता ईश्वर प्रजापति के निर्देशन पर बनाया गया है। यह शॉर्ट फिल्म यूट्यूब चैनल दी एसपीएम सीरीज पर लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस शॉर्ट फिल्म के निर्देशक शुभम कुमार ने बताया कि लगातार झारखंड में हो रहे पेपर लीक से विद्यार्थियों के द्वारा आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं। इसी के लेकर यह शॉर्ट फिल्म बनाया गया है ताकि झारखंड सरकार को एक मैसेज दिया जा सके कि वह अपने व्यवस्था में सुधार करें ताकि आने वाले दिनों में कोई भी विद्यार्थी आत्महत्या जैसा कदम ना उठायें। इस फिल्म में शुभम कुमार, पंकज कुमार, बसंत महतो, अविनाश कुमार, कृष्ण कुमार, राहुल कुमार, तपेश्वर कुमार, धीरज प्रजापति ने काम किया है। इस फिल्म को हटिया के विधायक नवीन जायसवाल द्वारा खूब सराहा गया है और इस फिल्म को देखने के बाद उन्होंने भी सरकार को व्यवस्था पर सुधार करने को कहा और उन्होंने पूरे टीम को खूब सराहना की और ऐसे ही फिल्म बनाते रहने का भी बात कहा। इसके अलावा बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, उप प्रमुख वचन देव कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, मुखिया पूजा पुरी, मुखिया अनिकेत नायक, मुखिया प्रतिनिधि चंदन पुरी, सहित कई शिक्षकों ने इस फिल्म को देखकर सराहा है।

## दादीजी स्टील मैन्युफैक्चरिंग साकार टीएमटी ने ग्रामीणों संग मकर संक्रांति मनायी




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अपने सामाजिक दायित्वों के तहत दादीजी स्टील मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सेवा भाव को लेकर मकर संक्रांति के अवसर पर ग्रामीणों के बीच चुड़ा गुड़ बांटा गया। मौके पर कोडरमा गझंडी रोड के अंतर्गत चौराही, आरागारो, भोंडो सहित आसपास के क्षेत्रो के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। इस उपलक्ष पर दादी जी स्टील के संचालक उदय सोनी उर्फ पप्पू सोनी ने सभी ग्रामीणों को मकर संक्रांति पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी साथ ही सुख शांति और समृद्धि की कामना की उन्होंने सभी से कहा कि हमारे देश के विभिन्न हिस्सों में मकर संक्रांति त्योहार को फसलों का त्योहार पोंगल और बिहू जैसे पर्व के रूप में त्योहार मनायी जाती है। यह पर्व सदियों के अंत और लंबे दिनों की शुरूआत का प्रतीक है। बताते चले दादी जी स्टील मैन्युफैक्चरिंग के द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों के बीच उनकी जरूरत के अनुसार सामग्रियां वितरण करने का कार्य किया जाता रहा है। उन्होंने समय-समय पर ऐसे और आयोजन करने का भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया। मौके पर दादी जी स्टील के निर्देशक पप्पू सोनी, विक्की सोनी, महेश सोनी, रितेश सोनी, समाजसेवी विनोद विश्वकर्मा, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी... के अलावा ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह, स्वर्णकार संघ के नवल कुमार सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग और फैक्ट्री के सदस्य, कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

## टेट पास सहायक अध्यापकों के वेतनमान को लेकर 19 को रांची में बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए और सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया में जो समस्या हो रही है, सभी टेट पास सहायक अध्यापक को वेतनमान मिलें, सभी सहायक अध्यापक वर्तमान मानदेय पर 4प्रतिशत की वृद्धि हो, राज्य के सहायक अध्यापक को अनुकंपा पर नियुक्ति हेतु नीति संबंधी कार्रवाई की जाये, सहायक अध्यापक और विभाग के बीच बैठक में तय 1000 रुपया की बढ़ोतरी को शीघ्र लागू किया जाये, सभी सहायक अध्यापकों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाये आदि विषयों पर गहन विचार विमर्श करने के लिए प्रदेश स्तरीय एक बैठक 19 जनवरी को रांची के ऑक्सीजन पार्क मोराबादी में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी टेट पास सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महासचिव संजय मेहता ने दी है। श्री मेहता ने कहा कि आंदोलन के बिना हम लोगों को आज तक किसी तरह का लाभ नहीं मिला है इसलिए अपने मांगों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए आंदोलन करना अनिवार्य है और एकजुटता के तहत 19 जनवरी को रांची में अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लेने का आह्वान किया हैं।

## बिरहोर टोला में नि:शुल्क जांच शिविर



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा मंगलवार को नव प्राथमिक विद्यालय बिरहोर टोला में नि:शुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया। इस कैंप मे बिरहोर वासियों को फ्री बुखार,सर्दी और खांसी की जांच ग्राम निवासियों को उपलब्ध कार्रवाई गयी। एनटीपीसी परियोजना द्वारा आयोजित कैंप मे 59 लाभार्थियों ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। बीमार बिरहोर निवासियों को दवाइयां भी उपलब्ध करायी गयी। बीरहोर जनजाति विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह का हिस्सा है। यह नि:शुल्क हेल्थ कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। यह मेडिकल कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित लोगों के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। डॉक्टरों की टीम ने स्थानीय गांव वालो की जांच करने के साथ-साथ उन्हें अच्छी स्वच्छता और स्वस्थ आदतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर परियोजना के उपमहाप्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## चूड़ा-दही कार्यक्रम में शामिल हुए सदर विधायक



**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा जेआरबी विद्यालय दारु के परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर चूड़ा दही के कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद शामिल हुए। सदर विधायक ने इस अवसर पर मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया। विधायक ने कहा कि दारु प्रखंड से उन्हे काफी वोट मिले है जिसका ऋण वो अगले पांच साल तक चुकाने का प्रयास करेंगे। बिजली विभाग, अंचल, अस्पताल मे फैली अब्यवस्था को जल्द ही दुरुस्त किया जायेगा। इस मौके पर मौजूद सभी लोगों ने चूड़ा, दही और तिलकूट का सामूहिक रूप से एक साथ बैठकर आनंद लिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण राणा, रामनरेश कुशवाहा, रंजीत सिन्हा, इंद्रदेव कुशवाहा, दिनेश प्रसाद, शत्रुंजय प्रसाद, राहुल सिंह, नरेश प्रसाद, दसरथ प्रसाद, सोनी कुशवाहा, राजन सिन्हा, रौशन सिन्हा, प्रमोद कुशवाहा, प्रमोद पासवान, भैया सुमित, राकेश कुमार, राजेश कुशवाहा, बिनोद कुमार, किशुन प्रसाद, मोहन कुशवाहा, धनपत कुशवाहा, निरंजन मंडल, बजरंग सहाय, किशोरी प्रसाद, सुरेश साव, विकाश यादव, भैया संजीव सिन्हा, महेन्द्र प्रसाद, भैया अखिलेश, बजरंग सहाय, महेश साव, अरविन्द कुमार, प्रेमचंद यादव, प्रेम साव, कशोरी प्रसाद, किशुन प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के पांडेयडीह में मंगलवार को एक बाइक और साइकिल की टक्कर में साइकिल सवार किशोर और बाइक सवार भी घायल हो गया। घायल किशोर की पहचान उत्कर्ष कुमार उम्र 13 वर्ष पिता कुणाल कुमार पांडेय पूरनानगर निवासी के रूप में हुई है। वहीं बाइक सवार की पहचान जयनगर निवासी मो. अयान उम्र 18 वर्ष पिता मो. शहाबुद्दीन के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट में खुशी आनंद बनी उपविजेता, दी बधाई



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट सत्र 2024-25 में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के एमबीए (2023-25)की छात्रा खुशी आनंद उपविजेता रही। कोच आकाश झा ने उसे प्रशिक्षण दिये थे। यह टूर्नामेंट दामोदर इंडो बैडमिंटन हॉल में आयोजित की गयी थी। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने छात्रा को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य कामना की। वहीं, विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो डॉ रश्मि, कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के अजय कुमार, विभाग के व्याख्यातगण डॉ प्रशांत कुमार, मो रिजवान नूरी और कुंदन कुमार ने छात्रा को बधाई दी।

## नि:शुल्क नेत्र जांच और लंगर सेवा का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति को देखते हुए इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के में रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में आरिश हॉस्पिटल की देख रेख में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने अपने-अपने आंखों की जांच करवाया। चिकित्सक ने नेत्रों की जांच कर लोगों को उचित परामर्श भी दी। वही, बिजुलिया स्थित श्री जलाराम मंदिर परिसर में लंगर सेवा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर नववलजीत कौर, अनुराधा श्रॉफ, श्वेता जैन, ममता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, जसविंदर होरा, दीपा वडेरा, रेनू मेवाड़, जसमीत सोनी, जसप्रीत कौर, डॉ मनबीर कौर, राजेंद्र कालरा, ममता वसंत, सुरेंद्र कौर, प्रियंका जैन आदि उपस्थित थे।

## हवन पूर्णाहुति के साथ अखंड-हरिकीर्तन का समापन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सोमवार से चल रहे 24 घंटे का श्री अखंड हरिकीर्तन मंगलवार को हवन पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के महामंत्र भक्ति जयकारो से भुरकुंडा बाजार आसपास का क्षेत्र गूंजता रहा। इस अवसर पर श्री रामचरित्र मानस पाठ का भी आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूर्णाहुति के बाद भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद भी पहुंची और भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया। हरिकीर्तन में भुरकुंडा कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रो से कीर्तन मंडली भक्तजन शामिल हुए। अखंड हरिकीर्तन को सफल बनाने में पुरोहित नंदकिशोर मिश्रा, अशोक, राजेंद्र, रोशन, अभिषेक मिश्रा, भीम सिंह, नान्हू राय, सुभाष राय, राजेन्द्र सिंह, गुलाब मिश्रा, विनय मिश्रा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, राजकिशोर पांडेय, नागेश राय, बिट्टू, कृष्णा पासवान, जागेश्वर यादव, सुनील, लखेंदर, सतीश मोहन मिश्रा, मनोज राय गुप्ता, संतोष मिश्रा, अजय मिश्रा आदि भक्तजनों का योगदान रहा।

## जय गुरुदेव संस्था का सम्मान समारोह कार्यक्रम

गोला (आजाद सिपाही)। गुनगुन प्लेस में जय गुरुदेव संस्था का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जय गुरुदेव जी महाराज और इनके उत्तराधिकारी उमाकांत जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसमें शामिल दो सौ लोगों को पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया गया। कहा गया कि सेवा दल में शामिल लोगों ने अपने परिवार से दूर एक माह तक उज्जैन में रहकर बाबा जय गुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी उमाकांत जी महाराज की सेवा के आश्रम के लोगों की सेवा और सत्कार करने का मौका सौभाग्य लोगों को मिलता है। मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। मनुष्य जैसा भोजन करेगा, विचार व व्यवहार भी वैसा ही होगा। मौके पर लोगों को शाकाहार अपनाओं और मांसाहार त्यागने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर भंडारा का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष जर्नादन बेदिया, गणेश बेदिया, पूर्व जिलाअध्यक्ष जीतलाल टुडू, दिनेश्वर बेदिया, हेमलाल टुडू, भूपति महतो, बरतू बेदिया, महेंद्र बेदिया, मजनू प्रजापति, प्रकाश, बासो देवी, किरण देवी, छोटेलाल करमाली, पप्पू, उर्मिला देवी, दुलारी देवी, देवनाथ भोगता, सोहराय बेदिया, मुकेश, अनीता, राजन, सुधीर, मंझली, सावित्री देवी, बुधनी देवी, सुशिला कुमारी, सोनमति कुमारी, सुलेखा कुमारी व ममता कुमार सहित कई मौजूद थे।

## निर्माण कार्य की अनियमितता पर किया गया निरीक्षण



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। केलुआ पतरा मार्ग स्थित पंचायत भवन के समीप निर्माण कार्य हो रहे उप स्वास्थ्य केंद्र में अनियमितता की शिकायत पर बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिये हैं। विधायक रौशन लाल चौधरी ने स्वयं निर्माण कार्य स्थल पहुंच कर हो रहे कार्य की जांच की। जांच के दौरान भवन के निर्माण में इस्तेमाल किये गये ईंट और अन्य चीजों को बारीकी से देखा। मौके पर उपस्थित विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि भवन निर्माण कार्य में घोर अनियमितता देखी गयी है। ईंट व अन्य सामग्री की गुणवत्ता खराब पायी गयी है। कार्य कर रहे ठिकेदार और संबंधित अधिकारी के खिलाफ अवश्य रूप से कार्रवाई की जायेगी। जनहित मुद्दो में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बताते चलें कि वार्ड पार्षद गीता देवी और स्थानीय लोगों ने भवन निर्माण कार्य में ठिकेदार की मनमानी और संबंधित विभाग की शिकायत बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी से की थी। प्राप्त शिकायत पर बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी तत्परता दिखाते हुए स्वयं निर्माण कार्य स्थल पहुंच कर निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान बहुत खामियां पायी गयी हैं, जिसके उपरांत कार्रवाई की बात कही गयी है।

## सड़क हादसे में युवक घायल, रेफर

गोला (आजाद सिपाही)। रामगढ़ बोकारो मार्ग मर घटिया पुल के समीप मंगलवार दोपहर को हुई सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कतरास ठरगी गांव निवासी किशुन कुमार महतो अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर रामगढ़ से ड्यूटी कर बोकारो की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया।

# राहुल दुबे गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**कुजू में कोयला व्यवसायी पर चलवायी थी गोली**

**एसपी ने कुख्यात अपराधी राहुल दुबे को दी चेतावनी, कहा छोड़ दे अपराध, नहीं तो होगा बुरा हश्र**



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ पुलिस ने राहुल दुबे गिरोह के एक सदस्य विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल को गिरफ्तार किया है। साथ ही राहुल दुबे को एसपी अजय कुमार ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने उसे अपराध का रास्ता छोड़ने को कहा है, अन्यथा हश्र बुरा होगा। मंगलवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली ने कुजू ट्रांसपोर्ट नगर में कोयला व्यवसायी अनिल कुमार केसरी पर राहुल दुबे के इशारे पर गोली चलवाई थी। यह वही शख्स है जिसने शूटर को अनिल केसरी का दफ्तर दिखाया था और अनिल केसरी की पहचान करायी थी। एसपी ने बताया कि 5 जनवरी की रात ट्रांसपोर्ट नगर में राहुल दुबे के द्वारा रंगदारी वसूलने और व्यवसाईयों के बीच खौफ का माहौल बनाने के उद्देश्य से अपराधकर्मियों द्वारा कोयला व्यवसायी अनिल कुमार केसरी पर जानलेवा हमला कराया गया था। अपराधियों ने उन पर गोली चलायी थी। इस मामले में कांड संख्या 8/25 दर्ज कर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।

### विक्रम ने की थी पूरी रेकी

एसपी अजय कुमार ने बताया कि विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल पिता योगेश्वर शर्मा कुजू बाजारटांड़ का ही रहने वाला है। घटना के दिन उसने कुख्यात अपराधी जयशंकर दुबे उर्फ राहुल दुबे के गिरोह के दो अपराधकर्मियों को अनिल कुमार केसरी के ऑफिस की रेकी करने, ऑफिस दिखाने, साथ ही अनिल कुमार केसरी पर गोली चलवाने में सक्रिय सहयोग किया था।

**झारखंड से लेकर बिहार तक**

**पुलिस ने की छापेमारी :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि राहुल दुबे और उनके गुर्गे को पकड़ने के लिए पुलिस ने झारखंड और बिहार के कई जिलों में छापेमारी की। कुजू के अलावा हजारीबाग, रांची, पटना जिले में भी छापेमारी की गयी थी। राहुल दुबे के खिलाफ दर्जनों कांड विभिन्न जिलों में दर्ज हैं। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

### टीम में ये थे शामिल

छापामारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, डीसीबी प्रभारी सब इंस्पेक्टर दिगंबर पांडे, सब इंस्पेक्टर आशीष कुमार गौतम, मनीष कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# कौलेश्वरी में मकर संक्रांति की डुबकी लगाये विदेशी पर्यटक

**मंदिर में टेका माथा, आकाश लोचन भ्रमण कर अपने मोबाइल में तस्वीर किया कैद**



आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज /चतरा। प्रखंड क्षेत्र के मां कौलेश्वरी मंदिर परिसर में मंगलवार को भूटान के पर्यटकों का एक जत्था पहुंचा। जिसमें महिला पर्यटक भी शामिल थे। यहां आकर पर्यटकों ने सर्वप्रथम मां कौलेश्वरी मंदिर पर्वत पर स्थित सरोवर में डुबकी लगाया। इसके बाद कौलेश्वरी मंदिर और बौद्ध प्रतिमा में पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के पश्चात सबों ने पहाड़ के उपरी छोर पर स्थित आकाश लोचन का भ्रमण कर यहां के आकर्षक दृश्य को अपने कैमरे में कैद कर लिया। प्राकृतिक प्रतिमाओं और कलाकृतियों को देखकर विदेशी पर्यटक काफी प्रसन्न हुए। पर्यटक गोपाल चक्रवर्ती ने बताया कि यूट्यूब इंटरनेट को खंगालने के दौरान इस स्थल के विषय में जानकारी मिली थी। तब से यहां आने की इच्छा थी। उन्होंने बताया कि बोधगया पहुंचने के बाद उनके मित्रों ने कौलेश्वरी आने की इच्छा जाहिर की और हम यहां आ गये। पर्यटकों ने यहां के चारों ओर पहाड़ों से घिरा सरोवर को काफी महत्वपूर्ण बताया। वहीं पर्वत पर स्थित पांचों पांडवों का प्रतिमा और बौद्ध स्तूप की प्रतिमा को पर्यटकों ने अदभूत बताया। पर्यटकों ने बताया कि मुक्ति पाने के लिए ऐसे पावन स्थल में पहुंचकर बाल व नाखून कटवा कर जिंदा रहते हुए अपना अंतिम संस्कार करा रहे हैं। पर्यटकों ने मंदिर विकास प्रबंधन समिति से अनुरोध किया कि मंदिर परिसर को साफ और स्वच्छ रखें। भ्रमण के दौरान पर्यटकों के साथ स्थानीय युवक राजू यादव और पिंटू यादव ने गाइड बनकर मंदिर समेत पर्वत पर स्थित अनेक धरोहरों के बारे में विस्तार से बताया।

## समाजसेवी ने किया कंबल का वितरण



टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राहम पंचायत मुखिया विश्वजीत उरांव और मगध कोल परियोजना के विस्थापित नेता सह बीस सूत्री सदस्य सरबजीत गंझू ने सामूहिक रूप से मासीलौंग में कंबल का वितरण किया। कड़ाके की ठंड से राहत मिलने के लिए गरीब असहाय वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। असहाय वृद्ध लोगों को कंबल मिलते ही खुशियां जाहिर करते हुए आशीर्वाद दिया। सरबजीत गंझू ने बताया कि सैकड़ों गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। आगे उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन तभी सार्थक होता है। जब वह गरीब और असहायों को मदद करता है। सर्दी के इस मौसम में गर्म कपड़े वितरण करना मानव सेवा है और ऐसे कार्यों से समाज में एक सकारात्मक बदलाव आता है। बताया कि कंबल वितरण से निश्चित रूप से जरूरतमंदों को राहत मिली है।

## मुखिया संघ के अध्यक्ष बने व्यास सचिव गिरजेश



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू स्थित डैम में रविवार की देर शाम पतरातू प्रखंड मुखिया संघ का चुनाव और वनभोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से मुखिया संध के अध्यक्ष ब्यास पांडेय का चयन किया गया। इसी प्रकार सचिव गिरिजेश कुमार, अपाध्यक्ष मोकीम अंसारी, सुमन भारती, नुतन सिंह, आकाश करमाली, तिलेशवर साहु, कोषाध्यक्ष जगदीश मिडिया प्रभारी विजय मुन्दा और अजय पासवान का चयन किया गया। कार्यक्रम में विधायक रोशनलाल चौधरी को भी आमंत्रित किया गया था। विधायक कार्यक्रम में पहुंच कर मुखिया संघ के नवचयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# रामराज मेला सह टुसू मिलन महोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। दुलमी प्रखंड के पंचायत पोटमदगा, भालू टुंगरी सुरंगा पहाड़ में रामराज मेला सह टुसु मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों हजार की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए राम राज्य मेला के मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो शामिल हुए जबकि विशिष्ट तिथि के रूप में दुलमी जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान शामिल हुए अतिथियों के द्वारा मेला का शुभ उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने मेला में उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए ने कहा कि मेला के आयोजन से समाज के लोगों के बीच बढ़ता है। हमारी परंपरागत संस्कृति की पहचान है। पूर्वजों का दिया हुआ विरासत है जिसे हमें बचाये रखने की आवश्यकता यहां के धार्मिक स्थल पर लोग मिलते हैं और आपस में एक दूसरे को खुशियां बांटते हैं और आस्था और श्रद्धा बढ़ती है। दुलमी पार्षद प्रीति दीवान ने कहा कि मकर संक्रांति आने से लोगों में खुशी होती है किसान वर्ग के लोग फसलों को काटकर अपने घर पर सुरक्षित करने के पश्चात नूतन वर्ष आगमन की खुशियां मनाते है। इस दौरान राज म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा नागपुरी गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कलाकार मना रीया काजल खुशी के द्वारा एक से बढ़कर रिकॉर्डिंग डांस प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया। इससे पूर्व मेला में पहुंचे अतिथियों को माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। मौके पर मेला समिति के प्रकाश महली, होन्हे मुखिया राजीव मेहता, दुलमी रविंद्र कुमार, रिझु महतो, बालकृष्ण ओहदार, निरंजन महतो, दिलीप महतो, ठाकुर दास महतो, अरुण दीवान, बलराम महतो, बीरबल करमाली, मनसु महतो, किलश महतो, दीपेन कुमार, विक्की कुमार, सिकंदर महतो, संतोष पहान, राजेंद्र, नागेंद्र, झमन लाल महतो सहित कई मौजूद थे।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया 40वां स्थापना दिवस

# मेगा रक्तदान शिविर के साथ होगा आठ दिवसीय कार्यक्रम का समापन: अध्यक्ष




आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ने मंगलवार को अपना 40 वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान मंच ने 14 से 21 जनवरी तक स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। युवा मंच ने अपने स्थापना के 4 दशक पुरे किये है। इस अवसर पर 8 दिवसीय कार्यकमो का आयोजन किया जा रहा है।

**8 दिवसीय प्रोग्राम 21 जनवरी तक चलेगा:** मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष ने बताया 14 जनवरी से आरम्भ हुए हमारा यह 8 दिवसीय प्रोग्राम 21 जनवरी तक चलेगा जो। जिसके तहत सदर अस्पताल रामगढ़ में कन्या भ्रूण संरक्षण के अंतर्गत नवजात कन्याओं के बीच बेबी किट और लोगों के बीच कन्या भ्रूण संरक्षण की जागरूकता के लिए पंपलेट का वितरण किया जायेगा। डी यू मिशन स्कूल झंडा चौक में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के पौधों का वितरण किया जायेगा और उन्हें पर्यावरण का संरक्षण कैसे किया जायेगा। इसके बारे में जानकारी दी जायेगी। रामगढ़ गौशाला में गौसेवा के अंतर्गत गौवंशों को हरा चारा और हरी सब्जी खिलायी जायेगी। एम एम टी ग्राउंड में स्वास्थ जांच शिविर के अंतर्गत डी कैंप का आयोजन किया जायेगा। पतंग महोत्सव। रामगढ़ सदर अस्पताल में ब्लड डोनेशन किया जायेगा और 21 जनवरी को मारवाड़ी धर्मशाला चट्टी बाजार में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन के साथ यह कार्यक्रम समाप्त होगा।

### ओंकार मिशन वृद्धाश्रम में दही चूड़ा गुड तिलकुट, गर्म कंबल वितरण

आयोजित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ओंकार मिशन वृद्धाश्रम में दही चूड़ा गुड तिलकुट गर्म कम्बल और अन्य जरूरत से जुड़ी सामग्री का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ओंकार वृद्धाश्रम में राजेश नेगी, रतनी देवी, फादर तसरेम लाल नेगी, प्रेमशंकर मिश्रा, तुलसी महतो, शुक्र मुंडा, रति महतो, रामरतन लोहरा मौजूद थे।

## मनोविज्ञान विभाग में निबंध प्रतियोगिता



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के थीम 'एक स्थाई भविष्य के लिए युवा' पर आधारित थी। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय भूमिका निभायी। प्रतियोगिता में स्नातक और स्नातकोत्तर सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पुष्पा को प्रथम, अभिषेक को द्वितीय और विकास को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अन्य विद्यार्थियों प्रियंका, अंकित, दीपशिखा ने भी निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि स्वामी विवेकानंद के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर युवाओं में नई चेतना का संचार करता है। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भारती कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश की अधिकतर आबादी युवाओं की है और किसी भी देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। सहायक व्याख्याता विक्रम कुमार ने भी अपना विचार रखा। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रतिकुलपति प्रो डॉ रश्मि, कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार अन्य व्याख्यातगण और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप में अज्ञात लोगों ने लगायी आग



प्रतापपुर / चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के प्रतापपुर-जोरी मुख्य मार्ग पर स्थित कुकुरमन प्योर फिलिंग स्टेशन पैट्रोल पंप में अज्ञात लोगों ने नोजल मशीन में आग लगा दी। यह घटना सोमवार की रात लगभग 11:30 बजे की बतायी जा रही है। जब सुबह लोगों ने पेट्रोल पंप के नोजल को जला हुआ देखा, तो इस घटना की सूचना प्रतापपुर थाना को दिया गया। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि घटना के सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गयी है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। दोषियों को किसी भी हालात में बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान ने घटनास्थल पहुंचकर पंप मालिक जहीर खान से मुलाकात कर घटना की जानकारी लिया।

## कोयलांचल कुजू ने मनायी मकर संक्रांति



कुजू (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति का पर्व कुजू कोयलाचंल और आस-पास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। अहले सुबह से ही लोग पर्व के मौके पर स्नान किया। इसके बाद तिल व अन्य साम्रगी की दान की। तत्पश्चात लोगों ने दही, चूड़ा, गुड़ व तिलकुट आदि का सेवन कर मकर संक्रांति की एक दूसरे को बधाई दी। वहीं, दोपहर बाद लोगो ने अपने-अपने घर के छतों व मैदान में जाकर पतंगबाजी का आनंद उठाया। वहीं, मकर संक्रांति को लेकर क्षेत्र के कई धार्मिक स्थलों पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें तीन नंबर स्थित चरण पहाड़ी, करमा आदि क्षेत्र में मेला का आयोजन किया गया। चरण पहाड़ी मेला समिति ने बताया कि 15 जनवरी को टुसू प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा है। जिसमें मुख्य रूप से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, मांडू विधायक तिवारी महतो, दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, आरसीएमयू के सीसीएल रिजनल सचिव कुमार महेश सिंह उपस्थित होंगे। समिति ने लोगों से टुसू मेला में भारी संख्या में आकर मेले का आनंद लेने की अपील की है।

## बच्चों के बीच वस्त्र का किया गया वितरण




टंडवा (आजाद सिपाही)। स्वामी विवेकानंद चेतना जागृति सेवा संस्थान टंडवा के तत्वावधान में टंडवा प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव कोयद के विरहोर टोला में मकर संक्रांति का पर्व मनाया। इस अवसर पर विरहोर परिवार के साथ चूड़ा गुड़ बांट कर खुशी मनायी गयी। इसके साथ ही विरहोर परिवार के बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण किया गया, जिससे बच्चे काफी आनन्दित हुए। सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष जगन्नाथ भोक्ता के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। मौके पर सेवा संस्थान के सह सचिव जानकी कुमार महतो, दिनेश कुमार ठाकुर, दिलीप पेंटर और सत्येन्द्र गुप्ता मौजूद थे।

## टुसू जतरा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



रजरप्पा(आजाद सिपाही)। रजरप्पा क्षेत्र के बहमन दरहा मे 14 जनवरी को आदिवासी कुड़मि समाज झारखंड और बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच झारखंड के संयुक्त बैनर तले रामगढ़ जिला के चितरपुर प्रखंड में बावनदरहा टुसू जातरा का आयोजन कुड़मि टोला चितरपुर से भेंड़ा नदी बावनदरहा घाट तक आदिवासी कुड़मि समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगेश्वर महतो नागवंशी के नेतृत्व में किया गया साथ ही बावनदरहा घाट पर जबर टुसू जातरा द्वारा सभी टुसू धारी क्लब को पारितोषिक दिया गया। तत्पश्चात सरना धर्म विधि से टुसू भसावन किया गया जिसमें रामगढ़ जिला के चितरपुर, दुलमी, गोला एवं रामगढ़ प्रखंड के हजारों टुसू प्रेमी शामिल हुए पारितोषिक वितरण में प्रथम मारंगमरचा कुड़मि टोला द्वितीय मारंगमरचा कुरमाली टोला तृतीय चितरपुर कुड़मि टोला और चतुर्थ सांडी कुड़मि टोला और 25 प्रतिभागियों को शांतवना पुरस्कार दिया गया। तत्पश्चात टुसू भसावन किया गया और सभी नाचते गाते हुए वापस घर को प्रस्थान कियें।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-एनआईटी सं. एसटी-आरएनसी-एस01-एएमसीएसएसडीएसीईएलडीवाईएनई, मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : ओईएम या ओईएम के अधिकृत डीलर द्वारा 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए राँची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे के विभिन्न ब्लॉक सेक्शनों में स्थापित एल्डीन प्रस्तुतकारक सिंगल सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी), मात्रा-26 सेट (52 डीपी)। **विज्ञापित लागत:** रु.83,05,939.20, **बयाना राशि:** रु.शून्य। **निविदा कागजात की लागत** : रु.शून्य, **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.02.2025 को 11.00 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 24.01.2025, **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in कार्य निविदा के लिए।
(PR-1012)

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**विद्युत/क.वि. विभाग**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतू ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/ पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा संख्या: TRD-OT-11-AMC-132 KV-24-25** **2. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** Annual Maintenance of 132KV Transmission line in CIC section for three (03) years. कार्य समापन की अवधि (36) छत्तीस माह **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 64,40,393.63/- निविदा प्रपत्र का मूल्य - शून्य **3. बीड सिक्युरिटि:** 1,28,900/- 4. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि 03.02.2025 को 11:00 बजे एवं ई-निविदा खुलने की तिथि 03.02.2025 को 11:30 बजे। **5. वेबसाईट का विवरण:** www.ireps.gov.in

ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (क.वि.)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01911/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24-25/32

# भारत-बांग्लादेश के बीच बाड़बंदी बन रहा नया मुद्दा

सीमा पर बाड़ लगाने के मसले को बांग्लादेश ने जिस तरह भारत के साथ दोस्ताना रिश्तों से जोड़ा है, उससे साफ है कि मामला सिर्फ उतना ही नहीं है, जितना दिख रहा है। बात यह नहीं कि बाड़ लगाने से दोनों पक्षों में तनाव और अविश्वास बढ़ रहा है, असलियत यह है कि रिश्तों में अविश्वास बढ़ने की वजह से बाड़बंदी को मुद्दा बनाया जा रहा है। इस बात की पुष्टि तब होती है, जब बाड़बंदी से जुड़े ताजा विवाद को हम समग्रता में देखने का प्रयास करते हैं। रविवार को बांग्लादेश के विदेश सचिव ने भारतीय हाई कमिश्नर से मुलाकात में आरोप लगाया कि भारत 5 जगहों पर बाड़ लगाकर द्विपक्षीय संबंधों का उल्लंघन कर रहा है। तथ्य यह है कि सीमा सुरक्षा के लिहाज से बाड़ लगाने पर दोनों देशों में पहले से सहमति बनी हुई है। जहां भी बाड़ लगाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है, उसके बारे में बीएसएफ की बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीपी) के साथ न केवल बातचीत हो चुकी है, बल्कि उनमें सहमति भी बन चुकी है। बांग्लादेश के रुख में अचानक आये इस बदलाव की जड़ में है, वहां हुआ सत्ता परिवर्तन। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भाग कर भारत आने के बाद से वहां बनी सरकार पुराने तय हो चुके मसलों पर भी सवाल उठा रही है। बाड़बंदी को लेकर दोनों पक्षों में हुए समझौतों पर सवाल उठाना भी इसी का एक उदाहरण है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर भी उसका यही राग बरकरार है कि वे घटनाएं बढ़ा-चढ़ा कर पेश की जा रही हैं। हालांकि जब इन घटनाओं को छुपाना या उनका खंडन करना संभव नहीं रह गया, तो अब नयी व्याख्या यह दी गयी है कि उन घटनाओं का स्वरूप सांप्रदायिक नहीं, राजनीतिक है। खास कर बांग्लादेश की नयी सरकार ने पाकिस्तान के साथ करीबी दिखाते हुए पाकिस्तानियों को वहां आसानी से प्रवेश देने की, जो नीति अपनायी है, उससे यह आशंका बढ़ गयी है कि आतंकी तत्व बांग्लादेश के रास्ते भारत आ सकते हैं। जाहिर है, भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता। बांग्लादेश को समझना होगा कि दोस्ताना रिश्तों का भविष्य बातचीत के जरिए आपसी समझदारी बढ़ाने में है, अलग-अलग मुद्दों पर तनाव बढ़ाने में नहीं।

**बाड़बंदी को लेकर दोनों पक्षों में हुए समझौतों पर सवाल उठाना भी इसी का एक उदाहरण है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर भी उसका यही राग बरकरार है कि वे घटनाएं बढ़ा-चढ़ा कर पेश की जा रही हैं।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

आज कई लोग उनकी उपलब्धियों के बारे में बात करेंगे। मैं उनके असाधारण चरित्र पर और भी अधिक जोर देना चाहूंगा। मैं कई चतुर और योग्य लोगों से मिला हूं। लेकिन सिंह दूसरों से अलग थे। वे हमेशा संतुलित, विचारशील और बुद्धिमान थे। वे सबसे बढ़ कर, सबसे दुर्लभ व्यक्ति थे। वे उच्च पद पर एक पूरी तरह से सभ्य व्यक्ति थे। मैं उनसे पहली बार 1974 के मध्य में मिला था, जब वे भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार थे और मैं भारत में विश्व बैंक का वरिष्ठ प्रभागीय अर्थशास्त्री था।

# आज का आर्थिक रूप से गतिशील भारत मनमोहन सिंह की विरासत है



**मार्टिन वुल्फ**

डॉ मनमोहन सिंह के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया जाना मेरे लिए सम्मान और खुशी की बात है, वे सबसे महान व्यक्ति हैं, जिन्हें जानने का सौभाग्य मुझे मिला है। एक लोक सेवक के रूप में सिंह की उपलब्धियां मेरे द्वारा जाने गये किसी भी अन्य व्यक्ति से कहीं अधिक हैं। आज कई लोग उनकी उपलब्धियों के बारे में बात करेंगे। मैं उनके असाधारण चरित्र पर और भी अधिक जोर देना चाहूंगा। मैं कई चतुर और योग्य लोगों से मिला हूं। लेकिन सिंह दूसरों से अलग थे। वे हमेशा संतुलित, विचारशील और बुद्धिमान थे। वे सबसे बढ़ कर, सबसे दुर्लभ व्यक्ति थे। वे उच्च पद पर एक पूरी तरह से सभ्य व्यक्ति थे। मैं उनसे पहली बार 1974 के मध्य में मिला था, जब वे भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार थे और मैं भारत में विश्व बैंक का वरिष्ठ प्रभागीय अर्थशास्त्री था। यह पहली तेल आपदा से ठीक पहले की बात है।

सिंह ने अपने मौलिक शोध प्रबंध भारत के निर्यात रूझान और आत्मनिर्भर विकास की संभावनाएं में पहले ही पहचान कर ली थी कि इस तरह के झटके के बाद भारत को किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जिसे बाद में 1964 में क्लेरेंडन प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया। तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के प्रति भारत की अत्यधिक संवेदनशीलता मुख्य रूप से देश के निर्यात के बेहद कम स्तर और इसके परिणामस्वरूप आयात पर सबसे कम आवश्यकता के लिए दबाव के कारण थी।

**भारत के वित्त मंत्री के रूप में, मनमोहन सिंह ने मार्टिन वुल्फ और मेरे साथ अपने सुधार कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए 1990 के दशक की शुरुआत में एफटी के लंदन कार्यालय का दौरा किया।**

दोनों ही भारत की नीतियों में अत्यधिक व्यापार विरोधी पूर्वाग्रह के परिणाम थे। इसके बाद, मैंने 1982 में अपनी खुद की किताब इंडियाज एक्सपोर्ट्स प्रकाशित की, जो उदारीकरण की बेहद जरूरी परियोजना में एक छोटा सा योगदान था। संयोग से नहीं, मुझे नफिल्ड कॉलेज में इयान लिटिल ने पढ़ाया था, जो सिंह के थीसिस सुपरवाइजर भी थे। जब मैं उनसे पहली बार मिला, तो मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वे प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के अधीन इस विकृत नीति प्रणाली में आमूलचूल सुधार करने वाले वित्त मंत्री बनेंगे। ये मेरे उनके साथ केवल व्यक्तिगत संबंध नहीं थे।

मैं अपने आजीवन मित्रों मोंटेक सिंह आहलूवालिया और शंकर आचार्य से 1971 में मिला था, जब मैं विश्व बैंक के घरेलू वित्त प्रभाग में एक युवा पेशेवर था। बेशक, दोनों ने ही उनकी सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ मेरी दोस्ती ने उनके साथ मेरे संबंधों को और गहरा कर दिया। इस बार एक पत्रकार के रूप में बैंक छोड़ने के बाद के वर्षों में भी मैं सिंह से मिलता रहा। फाइनांशियल टाइम्स के पूर्व संपादक रिचर्ड लैंबर्ट ने उन बैठकों में से एक के बारे में निम्नलिखित कहानी बतायी। भारत के वित्त मंत्री के रूप में, मनमोहन सिंह ने मार्टिन वुल्फ और मेरे साथ अपने सुधार कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए 1990 के दशक की शुरूआत में एफटी के लंदन कार्यालय का दौरा किया।

मार्टिन ने पूछा कि उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया जो बिल्कुल स्पष्ट नीतिगत परिवर्तन जैसा लग रहा था। सिंह ने धीरे से उत्तर दिया, हां, मार्टिन, मैं अर्थशास्त्र को समझता हूं। लेकिन आप और मेरे बीच अंतर यह है कि यदि आप कोई गलती करते हैं, तो आप इसे अपने अगले कॉलम में सुधार सकते हैं। यदि मैं कोई गलती करता हूं, तो 20 मिलियन लोग मर जाते हैं।

एक पल के लिए, मार्टिन भी बोल नहीं पाए। सिंह एक बहुत महान व्यक्ति थे। प्रधानमंत्री के रूप में उनके वर्षों के दौरान, मैं उनसे कई मौकों पर उनके निवास पर मिला।

मुझे याद है कि मैंने उनसे पाकिस्तान के साथ शांति का रास्ता खोजने की उनकी इच्छा और अमरीका के साथ संबंधों को एक नए स्तर पर लाने के उनके दृढ़ संकल्प के बारे में बात की थी। हमने हाल ही में, उनके घर पर, भारत में लोकतंत्र के भविष्य के बारे में बात की। इस पर वे दृढ़ता से आशावादी थे।

2023 की गर्मियों में उनसे मेरी आखिरी बातचीत में, मुझे पहले तो चिंता हुई कि उन्हें बात करने में बहुत मुश्किल हो रही है। मैं गलत था। वे यूक्रेन में युद्ध को लेकर पश्चिम और रूस के बीच संघर्ष पर अपनी चिंताएं व्यक्त करने में सफल रहे। हम असहमत थे। फिर भी, हमेशा की तरह, उनकी असहमति विनम्र थी, उनके तर्क तर्कसंगत थे और उनकी चिंता की जड़ें मानवीय थीं।

मनमोहन को जानना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य था। उन्होंने मुझे और बाकी सभी को दिखाया कि नेतृत्व और सेवा का वास्तव में क्या मतलब है। आज का आर्थिक रूप से गतिशील भारत उनकी विरासत है। साथ ही, दुनिया के लिए खुले समृद्ध और लोकतांत्रिक भारत के लिए समर्पित सेवा का उनका उदाहरण भी है। जैसा कि शेक्सपियर ने लिखा होगा, यहां एक सिंह था, ऐसा दूसरा कब आयेगा?

**(एक बैठक में मार्टिन वुल्फ द्वारा दी गयी श्रद्धांजलि की प्रतिलिपि।)**



**मनमोहन को जानना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य था। उन्होंने मुझे और बाकी सभी को दिखाया कि नेतृत्व और सेवा का वास्तव में क्या मतलब है। आज का आर्थिक रूप से गतिशील भारत उनकी विरासत है। साथ ही, दुनिया के लिए खुले समृद्ध और लोकतांत्रिक भारत के लिए समर्पित सेवा का उनका उदाहरण भी है।**

## देश-विदेश की खबरें

# जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है : राजनाथ


**यह पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन, यहां आतंकी ट्रेनिंग कैंप चलाये जा रहे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया है। उन्होंने कहा कि पीओके के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा है। पीओके और कुछ नहीं बल्कि पाकिस्तान के लिए विदेशी जमीन है और इस जमीन का इस्तेमाल वह आतंकवाद फैलाने के लिए कर रहा है। पीओके में आतंकियों के लिए ट्रेनिंग कैंप चलाये जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने यह बात मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर में 9वें आर्म्ड फोर्सेज वेटरंस डे इवेंट में कही।

उन्होंने कहा कि 1965 में अखनूर में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध लड़ा गया था। भारत ने पाकिस्तानी सेना के सभी प्रयासों को विफल कर दिया था। अब तक भारत और पाकिस्तान के बीच जितने युद्ध हुए, उनमें भारत ने पाकिस्तान को हराया है। 1965 से ही पाकिस्तान ने भारत में अवैध घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा देना शुरू कर दिया था।

राजनाथ ने कहा कि हमारे मुस्लिम भाइयों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। आज भी भारत में घुसने वाले 80% से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं। 1965 में ही सीमापार आतंकवाद खत्म हो सकता था, लेकिन तब की लाल बहादुर शास्त्री की अगुआई वाली केंद्र सरकार युद्ध में प्राप्त सामरिक लाभ को रणनीतिक लाभ में बदलने में असमर्थ रही।



**वेटरंस की सेवा करना हमारी जिम्मेदारी : उमर अब्दुल्ला**

**कार्यक्रम में शामिल हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। आप वही लोग हैं जिन्होंने अपने भविष्य या जीवन की चिंता किए बिना देश की सुरक्षा के लिए त्याग किया। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आपकी सेवा करें। यह हमारा कर्तव्य है कि हम सुनिश्चित करके कि आपको आरामदायक जीवन मिल सके। ऐसा करके ही हम कर्ज चुका पायेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि भर्ती में आरक्षण का पूरा उपयोग हो और योजनाओं के तहत आपको जरूरी आर्थिक मदद बिना किसी रुकावट के मिले। मुझे यह कहते हुए कोई झिझक नहीं है कि एक सेवानिवृत्त सैनिक के बेटे, सतीश शर्मा, मेरी कैबिनेट में हैं।**

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि कश्मीर और बाकी देश के बीच जो भी दूरी है, उसे खत्म किया जाये। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इस दिशा में कदम उठा रहे हैं। अखनूर में वेटरंस डे सेलिब्रेशन से यही साबित होता है कि अखनूर की हमारे दिलों में वही जगह है, जो दिल्ली की है।

बता दें कि सशस्त्र बलों का पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। सशस्त्र बलों के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। उनके द्वारा दी गयी सेवा को मान्यता देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। पहली बार 2016 में यह दिन मनाया गया था।

# 400 स्कूलों में बम की फर्जी धमकी देनेवाला 12वीं का छात्र

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली के 400 स्कूलों में बम की फर्जी धमकी देने वाले के बारे में नयी जानकारी सामने आयी है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी 12वीं का स्टूडेंट है। उसकी फैमिली एक एनजीओ के संपर्क में थी, जो अफजल गुरु की फांसी का विरोध कर रहा था। पुलिस ने बताया कि हमारी टीमों ने 8 जनवरी को आये ई-मेल के बाद नाबालिग को ट्रैक किया। ई-मेल भेजने वाला नाबालिग था, इसलिए टीम ने फोरेंसिक जांच के लिए उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि, हिरासत में नहीं लिया गया था। दरअसल, दिल्ली में 2024 में मई से लेकर दिसंबर तक 50 बम की धमकियां भेजी गयीं। इसमें सिर्फ स्कूल ही नहीं अस्पताल, एयरपोर्ट और एयरलाइन कंपनियां भी शामिल हैं। इस महीने 4 बार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है। मामला सामने आने के बाद भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि सभी को पता है कि आप का ऐसे एनजीओ से गहरा संबंध है, जिन्होंने अफजल गुरु की फांसी का विरोध किया था। फरवरी 2015 में अफजल गुरु की बरसी पर 'टुकड़े-टुकड़े' के नारे लगाये गये थे और आप ने महीनों तक उस फाइल को बंद रखा। आप को सामने आकर इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

# मार्क जुकरबर्ग के बयान पर संसदीय समिति मेटा को मानहानि नोटिस भेजेगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** फेसबुक, वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम को ऑपरेट करने वाली कंपनी मेटा को भारत की संसदीय समिति मानहानि का समन भेजेगी। यह समन मेटा के सीइओ मार्क जुकरबर्ग के उस बयान को लेकर भेजा जायेगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोविड के बाद भारत में मोदी सरकार हार गयी थी। भाजपा सांसद और कम्युनिकेशन-इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मंगलवार को कहा कि मेटा को गलत जानकारी फैलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। मार्क जुकरबर्ग ने 10 जनवरी को एक पॉडकास्ट में कहा था, '2024 में कोविड के सरकारों का गिरना उनके प्रति जनता का अविश्वास दिखाता है।' जुकरबर्ग के बयान के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था, 'भारत के चुनाव में 64 करोड़ लोग शामिल हुए थे। लोगों ने पीएम मोदी और एनडीए पर भरोसा किया। जुकरबर्ग को तथ्यों और विश्वसनीयता को कायम रखना चाहिए।' बता दें कि मार्क जुकरबर्ग ने कहा था : 2024 का साल दुनिया के लिए उथल-पुथल भरा रहा और कोविड के बाद हुए चुनाव में भारत समेत कई देशों की सरकारें गिर गयीं। लोकसभा में गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि हमने तय किया है कि हम मेटा के लोगों को बुलायेंगे। जुकरबर्ग ने बयान देकर दिखाया है कि कोविड-19 के बाद सरकार के खिलाफ माहौल बनाया गया है, जिसमें उन्होंने भारत का भी जिक्र किया है। उनका यह बयान चिंताजनक है। इस तरह के बयान से पता चलता है कि वह देश के लोकतंत्र में हस्तक्षेप कर रहे हैं और दुनिया को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रहे हैं कि भाजपा-एनडीए हार गयी है। दुबे ने कहा कि हमने तय किया है कि हम मेटा के लोगों को बुलायेंगे। उन्हें माफी मांगनी होगी, नहीं तो हमारी समिति कार्रवाई करेगी। हम समिति के सदस्यों से बात करेंगे और 20-24 जनवरी के बीच उन्हें उपस्थित होने के लिए कहेंगे। मार्क जुकरबर्ग जो रोगन के साथ एक पॉडकास्ट में कोविड-19 महामारी के बाद सरकारों में विश्वास की कमी पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2024 एक बड़ा चुनावी साल था। भारत समेत इन सभी देशों में चुनाव थे। लगभग सभी सत्ताधारी चुनाव हार गये।

# आखाइन जतरा हार-पुन्हा और कुड़माली कृषि वर्ष प्रारंभ

**गुणधाम मुतरुआर**

**हमारा** भारत कृषि प्रधान देश है और इस कृषि का प्रारंभ कुड़ुमगढ़, राढ़देश आदि कई नामों से परिचित वर्तमान झाड़खंड, बंगाल और ओड़िशा के आंशिक एवं समेकित भूखंड को बृहद छोटानागपुर कहा जाता है। यहां के मूल आदि निवासी कुड़मी हैं, जो कृषि के जनक हैं। इस बृहद छोटानागपुर के कुड़मियों का एक वर्ष गणना है। इस अलिखित वर्ष गणना के अनुसार ही कुड़मियों के सभी कार्य एवं पर्व त्योहार होते हैं। यह वर्ष आखाइन जातरा अर्थात प्रथम माघ से शुरू होकर पुस संक्रांति अर्थात महीना के अंतिम दिन में शेष होता है। कुड़मियों के जीवन में प्रारंभिक काल से अब तक मुख्य फसल धान है और इसकी खेती की शुरुआत प्रथम माघ महीना तथा अंत पुस बांउड़ी अर्थात संक्रांति के एक दिन पूर्व में होता है। कुड़मी परंपरा में वर्ष या महीना के शेष दिन को संक्रांति कहते हैं। इसलिए पुस के अंतिम तिथि को पुस संक्रांति के रूप में हम सभी परिचित हैं।

भौगोलिक दृष्टिकोण से सूर्य की किरण दक्षिणायन में जाने की अंतिम तिथि को मकर संक्रांति कहते हैं। यह भूगोलवेत्ताओं के अनुसार 22 दिसंबर को माना जाता है, परंतु कुड़मियों की पुस संक्रांति या वर्ष के अंतिम तिथि को मकर संक्रांति के रूप में 14 या 15 जनवरी को मनाया जाता है। यह मकर संक्रांति, जो 14 या 15 जनवरी को ही मनाया जाता है, यह अति प्राचीन है। तब खगोल विद्या आज की तरह इतना विकसित नहीं था, तो पर भी हमें लगता है यहां के बुद्धि प्रखर लोगों ने ही मौसम देख कर अनुमान से मकर संक्रांति की तिथि मानकर ही अपने वर्ष का अंतिम दिन पुस संक्रांति को रखा है। कुड़मियों की इस पुस संक्रांति एवं मकर संक्रांति एक ही तिथि है। जो अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के अनुसार प्राय 14 जनवरी तथा किसी साल 15 जनवरी को भी पड़ता है। इसलिए कहा जा सकता है कि सभ्यता के आदि बिंदु राढ़ अर्थात बृहद छोटा नागपुर के लोगों ने ही मकर संक्रांति की तिथि निर्धारित किया है, जिसकी मान्यता अभी भी सर्वविदित हैं। बाद में खगोल विद्वानों ने सही तिथि 22 दिसंबर पता लगाया है। फिर भी कुड़मियों की अनुमानित तिथि ही मकर संक्रांति के रूप में मानी जाती है।



कुड़मियों का यह वर्ष गणना कृषि कार्य पर आधारित हैं। राढ़ सभ्यता के इतिहास के अनुसार आदि खेतिहर कुड़मी लोग ही थे। यह भी कहा जा सकता है कि वर्ष गणना की शुरुआत कुड़मी लोगों ने ही किया होगा। खेती और वर्ष का एक-दूसरे अभिन्न संबंध है, इसलिए देखा जाता है कि जैसे ही वर्ष की प्रारंभ वैसे ही खेती का शुभारंभ, वहीं जैसे ही वर्ष का अंतिम क्षण, वैसे ही खेती का भी समापन।

कृषि कार्य का अंतिम अध्याय धान को एक-एक बांइद (पुड़ा) बनाकर घर में रखना होता है। यह काम पुस संक्रांति के पूर्व दिन तक कर लिया जाता है। इस दिन को 'बांउड़ी-बांधा' कहते हैं। खेती-बाड़ी के काम से निश्चित होना तथा साल भर खाने के लिए अनाज का भंडारण होना कृषक कड़मी के लिए सबसे बड़ी खुशी एवं उमंग का पल होता है। इसी बांउड़ी दिन से ही परब मनाना शुरू करते हैं तथा दूसरे दिन धूमधाम से पुस संक्रांति या मकर संक्रांति परब मानते हैं। यह कुड़मियों का सबसे बड़ा पर्व है।

वर्ष की प्रथम तिथि को 'आखाइन जातरा' कहते हैं। यह तिथि कुड़मियों के लिए महत्वपूर्ण तिथि है। इसी दिन आदि खेतिहर कुड़मियों ने खेत में हल चला कर खेती का शुभारंभ करते हैं, जिससे हम सब 'हार-पुन्हा' कहते हैं ।

संक्रांति के दिन ही हल से संबंधित सभी सामान ठीक कर लिया जाता है और आखाइन जातरा के दिन उषाकाल में ही औरतें घर-आंगन की चारों ओर साफ-सफाई कर लेती हैं। खेतिहर किसान हल-बैल के साथ अपना खेत में तीन या पांच बेड़हा (पाक) हल चला कर घर आता है। घर की औरत स्वागत के लिए खड़ी रहती हैं। घर के आंगन में पहले बैलों को श्रद्धापूर्वक पैर धोकर देती है और प्रणाम करती हैं, उसके बाद हलवाहा को पैर धोकर तेल-हल्दी लगा देती है एवं उन्हें भी प्रणाम करती हैं।

बैलों के सिंग में भी तेल-सिंदूर लगा दिया जाता है तथा उन बैलों को बेहतर खाना दिया जाता है और हलवाहा किसान को दही-चूड़ा जैसा सात्विक भोजन दिया जाता है। बाकी लोगों के लिए भी अच्छा सात्विक एवं स्वादिष्ट भोजन बनाया जाता है। उस दिन के लिए दोनों बैल एवं किसान श्रद्धेय एवं पूजनीय होते हैं। कुड़मियों का हार-पुन्हा आदि काल से अभी तक अक्षुण्य है। पहले केवल कुड़मी लोग ही खेतिहर थे। इसलिए कुड़मी लोग ही हार-पुन्हा करते थे। कालांतर में इस क्षेत्र के अन्य लोग भी खेती करना सीख लिया और हार-पुन्हा जैसे रिवाज तथा परंपरा को भी मानने लगे हैं। यह वर्ष का प्रथम त्योहार है, इसलिए हार-पुन्हा के पश्चात दिनभर खाना-पीना, मिलना-जुलना तथा गढ़लागि, प्रणाम आदि चलता रहता है। यह आज की नयी पीढ़ियों के लिए अनुकरणीय एवं गौरवशाली परंपरा है।

**(लेखक : अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलिद में शिक्षक हैं।)**

## फूलवार धाम पर गर्म कुंड में नहाने पहुंचे दूर-दूर से लोग

भवनाथपुर(आजाद सिपाही)। प्रखंड के कैलान पंचायत के फुलवार गांव में मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाला दो दिवसीय मेला के पहले दिन 14 जनवरी को फुलवार धाम पर गर्म कुंड नहाने पहुंचे दूर-दूर से लोग। बता दें कि फुलवार धाम शिव जी का स्थान है, जो यहां चारों दिशा में जंगल से गिरे हुए एक उच्च स्थान पर पहाड़ से गर्म कुंड है जो लोगों आने का आकर्षित करता है। लोगों की मान्यता है कि इस गर्म कुंड में नहाने से अनेकों प्रकार के रोगों का नाश होता है। यहां पर ग्रामीणों की मदद से मंडप भी तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर फुलवार धाम कमेटी के लालनाथ यादव, ब्रजेश यादव, आलोक यादव, मनोज यादव, लाल विहारी कोरवा, निरंजन सिंह, दिलीप, धर्मेंद्र, नरेश कोरवा, अशोक, विजय, सुखाडी सिंह, गोपाल कोरवा सहित कई लोग मेला को सफल बनाने में लगे हुए है। यह मेला दो दिनों तक लगता है।

# अधिक उम्र हो जाने के कारण अब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा: रामचंद्र चंद्रवंशी

**चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता में कही अपने मन की बात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से चार चार बार विधायक रह चुके रामचंद्र चंद्रवंशी अब आगे चुनाव नही लड़ेगे। यह घोषणा उन्होंने मंगलवार को अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान की। हालांकि उन्होंने कहा कि भाजपा ने उन्हें जो सम्मान दिया है उसके वह ऋणी हैं तथा पार्टी आगे जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपेगी उसे निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कांडी प्रखंड स्थित सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल के विकास की जिम्मेदारी कांडी क्षेत्र की जनता पर छोड़ने तथा बगैर किसी पद पर रहे इस मामले में सहयोग करने का संकल्प दुहराया।

पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जनता के प्रेम को वह जीवन भर भूला नहीं पायेंगे। आगे भी वह जनता की सेवा करते रहेगे। इसमें वह कभी पीछे नहीं रहेगे। इस बार चुनाव हारने के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हार जीत होती रहती है। जनता का फैसला सर्वोपरि है। विगत चुनाव की तुलना में डेढ़ गुणा अधिक 60 हजार मतदाताओं का उन्हें समर्थन मिला इसलिए वे जनता का आभारी हैं। वर्तमान विधायक के बारे में उन्होंने कहा कि वे एक गंभीर व्यक्ति है तथा सोच समझ कर निर्णय लेते हैं। मेरे द्वारा किए गए अधूरे कार्यों को वे पूरा करेंगे वह ऐसी आशा करते हैं। चंद्रवंशी ने कहा कि वर्तमान विधायक क्षेत्र का विकास करें इसमें उन्हें हर संभव सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में वह अपना जीवन पार्टी, जनता एवं छात्र छात्राओं के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के साथ दिवाकर दुबे उर्फ चंचल दुबे, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

बताते चलें कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी का नाम दिग्गज राजनीतिज्ञों में रहा है। वह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रह चुके है। एकीकृत बिहार सहित झारखंड अलग राज्य बनने के बाद उन्हें मंत्री का पद संभालने का मौका भी मिला है। उनके आगे चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा से राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है तथा यह विषय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भाजपा नेता के 25 वर्षीय पुत्र का असामयिक निधन, परिजनों में मातम

**भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे विनय कुमार चौबे के बड़े पुत्र पीयूष कुमार चौबे का अंतिम संस्कार पैतृक गांव हासनदाग के यूरिया नदी के तट पर किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग गांव निवासी और भाजपा नेता विनय कुमार चौबे के बड़े पुत्र पीयूष कुमार चौबे का असामयिक निधन मंगलवार की प्रातः 6:00 बजे गढ़वा निवास स्थान पर हो गया। परिजन के अनुसार एलएलबी के अंतिम ईयर का छात्र 25 वर्षीय पीयूष पिछले 4 महीना से असाध्य रोग से ग्रसित था, जिसका इलाज टाटा मेमोरियल मुंबई में चल रहा था, स्थिति ठीक होने पर करीब दो सप्ताह पूर्व उसे घर लाया गया था। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे विनय कुमार चौबे का होनहार लायर पुत्र के असामयिक निधन की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। वहीं सांत्वना देने वाले शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। पीयूष का अंतिम संस्कार पैतृक गांव हासनदाग के यूरिया नदी के तट पर किया गया। जहां अग्नि संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हासनदाग पहुंचकर सत्वना देने वालों में विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी उर्फ रिंकू तिवारी, ओंकार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, जितेंद्र कुमार चतुवेर्दी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, राम उदार पाण्डेय, कांग्रेसी नेता श्रीकांत पांडेय, अनु दुबे, बंशीधर नगर से मुकेश चौबे, सोनू दुबे, अनिल कुमार, मुखिया अनिल चौधरी, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, अनंत दुबे, विजय प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना प्रखंड सहित आस पास के क्षेत्रों में मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर चांदराज पहाड़ी के प्रांगण में मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो कार्यसमिति सदस्य ताहिर अंसारी, जिप अध्यक्ष शांति देवी, रमना मुखिया दुलारी देवी, सिलिदाग मुखिया अनीता देवी ने सामूहिक रूप से फीता काटकर व पूजा पाठ कर शुरूआत किया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि बाबा चांदराज पहाड़ी मंदिर से पूरे प्रखंडवासियों का आस्था जुड़ा हुआ है। कहा कि मान्यता है कि इनके मनौती से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने इस पहाड़ी बाबा चांद राज पहाड़ी को तीर्थस्थल व दार्शनिक स्थल बनाने का पूरा करने का काम करूंगा। वहीं झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने कहा प्रखंड का नहीं बल्कि पूरे विधानसभा का धार्मिक स्थल व पर्यटन स्थल को चुन चुन कर एक पहचान दिलाने का कार्य किया जायेगा। कहा कि बाबा चांद राजा पहाड़ी मंदिर के स्थल विकसित होने से यहां का रोजगार में बढ़ौतरी होगी। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के लिए कमिटी को बधाई देते हुए हर संभव मदद दिलाने का भरोसा जताया। कार्यक्रम को मुखिया अनिता देवी,दुलारी देवी झामुमो नेता मुन्ना प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार सोनी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन रामचंद्र राम ने किया। इस मौके पर इस कार्य को सफल बनाने में मेले का अध्यक्ष मंतोष चंद्रवंशी, विनय ठाकुर, गोपाल प्रसाद गुप्ता, बनारसी ठाकुर, जगदीश यादव, दिलीप ठाकुर, धनंजय गुप्ता, परसू मेहता, श्याम सुंदर चंद्रवंशी, उमेश मिस्त्री, डॉ पारसनाथ, बबलू, महेश शर्मा, राजेंद्र, सोमारू, राकेश, बचनू, मुकेश, रामकुमार सहित कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# रामा साहू स्कूल बना जूनियर वर्ग का चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामा साहू की टीम ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को 34 रन से हराकर पहली बार विजेता बना। सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामा साहू की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कार्तिक के 33 और यगीज के 19 रन के सहयोग से 98 रन बनाए। ज्ञान निकेतन की ओर से उज्जवल ने तीन विकेट लिया। 99 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन की टीम फहीन के 13 रन और नंदन के 20 रन के सहारे 64 रन ही बना पायी। सीएम विद्यालय ऑफ एक्सीलेंस रामा साहू की टीम की और से कार्तिक ने चार ओर रूपेश ने तीन विकेट लिया। मैच पूर्व डीएफओ अंशुमान राजहंस ने खिलाड़ियो से परिचय किया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल व जीवन एक-दूसरे के पर्याय है। जीवन में खेल का बहुत महत्व है। खेल में हार-जीत होती है पर हार हमें एक नयी सीख देती है। जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है। परमेश्वरी मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कार्तिक को दिया गया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, मनोज तिवारी, मनीष उपाध्यय, आकाश मनोज तिवारी, गोलु शामिल थे।

# राष्ट्रीय नाई महासभा का नव वर्ष मिलन समारोह 18 को : दशरथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा जिला इकाई का नव वर्ष मिलन समारोह सह समाजिक चिंतन शिविर का आयोजन 18 जनवरी को 10 बजे दिन में स्टेशन रोड स्थित रामलाला मंदिर परिसर में किया जायेगा। महासभा के गढ़वा जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। श्री ठाकुर ने बताया कि इस मिलन समारोह का उद्देश्य नए वर्ष में नाई बंधुओं का सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक गतिविधियों पर चिंतन करना है। महासचिव सतीश ठाकुर ने कहा कि हम सभी को चट्टानी एकता के साथ आगे बढ़ना होगा। संगठन मंत्री दिनेश कुमार ठाकुर ने कहा कि इस समारोह का उद्देश्य नाई समाज को एकजुट कर अंतिम व्यक्ति को सहयोग प्रदान करना है। समाज में मौजूद कुरीतियां को दूर करना है। इस समारोह में राष्ट्रीय नाई महासभा के राज्य स्तरीय कई पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त पदाधिकारियां ने जिले के नाई समाज के सभी लोगों से समारोह में भाग लेने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी मनोज ठाकुर, श्यामसुंदर, सुनील आदि आदि लोग शामिल थे।

# ग्रामीणों के जगने से पाइप लदा ट्रक को खड़े छोड़ कर भागे चोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** भंडरिया थाना क्षेत्र के खजूरी गांव स्थित पावर ग्रिड के पास पेयजल और स्वच्छता विभाग एचडीपी पाइप चोरों के द्वारा आईसर गाड़ी पर लोड किया जा रहा था, इधर ग्रामीणों को एचडीपी पाइप लोड करने की आवाज सुनकर ग्रामीणों के जगने के कारण पाइप लदा ट्रक को खड़े छोड़ कर चोर भाग खड़े हुए। पाइप लोड करने के दौरान आपस में पाइप टकराने से ग्रामीणों को लगा कि गांव में हाथी का झुंड पहुंच गया है, हाथी से बचाव के लिए जैसे ही ग्रामीण एक दूसरे को आवाज लगाते हुए घर से बाहर निकले, पाइप चुरा रहे चोर ट्रक छोड़कर भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना भंडरिया थाना को दी, इसके बाद भंडरिया थाना ट्रक को जब्त कर लिया, साथ ही मेक मिलियन के सिविल इंजीनियर विशाल कुमार के आवेदन पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी की दर्ज करायी गयी है। इधर भंडरिया थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने कहा कि मेक मिलियन के सिविल इंजीनियर विशाल कुमार के आवेदन पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी ने कहा कि आवेदन के आलोक में हर एक पहलू जांच की जा रही है जल्द ही चोर कानून की गिरफ्त में होंगे। गढ़वा जिले के सुधार भारती क्षेत्र में पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्य में इस पाइप का इस्तेमाल होता है। इस पाइप की चोरी करने वाले चोर दूर दराज के गांव को अपना निशाना बनाते हैं, जहां उनकी चोरी के इस धारावाहिक पर किसी की नजर नहीं पड़ती है। लोग यह सोचकर चोरी की इस घटना को राजा रामदास कर देते हैं कि संभवत विभाग का ही कोई व्यक्ति कार्य कर रहा हो, लेकिन पिछले कुछ दिनों में जिले में इस तरह की घटना बढ़ने के कारण अब ग्रामीण भी सतर्क हो गये हैं। भंडारिया में हाथियों के आतंक में चोरों के मध्य सुबह पर पानी फेर दिया, यदि ग्रामीणों में हाथियों का भय नहीं होता, तो संभवतः चोर इन पाइपों की चोरी करने के मकसद में कामयाब हो जाते। बहरहाल भंडारिया पुलिस पूरे मामले की जनता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि इन पाइप को चोरी कर जहां बेचते है, कौन उनका खरीदारी करता है, इन सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

# मकर संक्रांति पर चारों तरफ रहा उत्साह का माहौल, लोगों ने मेले का उठाया लुत्फ



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड भर में मंगलवार को मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने स्नान, दान के बाद दही-चुरा, लाई, तिलकुट से दिन की शुरूआत की। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रखंड भर में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर मेला का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने मेले का लुफ्त उठाया। प्रखंड के बाना में सर्वदाहा उरिया नदी किनारे शिव स्थान के पास, लातदाग में चूरामन पहाड़ शिव स्थान, बंका में बाबा बागेश्वर नाथ शिव मंदिर बंका पहाड़ के पास दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। मेला में लगे चरखा, नाव आदि पर युवाओं और बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया वहीं महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। मेले में स्थानीय मिठाइयों के साथ-साथ खिलौना तथा सौंदर्य के सामानों की खरीद बिक्री कर लोग उत्साहित दिख रहे थे। इसके अलावा भी अन्य कई जगहों पर मेला का आयोजन किया गया।

# आदिम जनजाति बच्चों के साथ तिलकुट चूड़ा-दही भोज कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** रारो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र कुमार ठाकुर द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर पश्चिम कोरवा टोला में आदिम जनजाति बच्चों के साथ तिलकुट चूड़ा-दही भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेलवाटीकर पश्चिम कोरवा टोला आदिम जनजाति के महिला, पुरुष एवं बच्चों के साथ-साथ मुखिया के समर्थक शामिल हुए। इसके अलावा रारो गांव के आसपास के लोगों ने जाति धर्म का भेद मिटाकर इस आयोजन में शिरकत किया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर द्वारा आदिम जनजाति परिवारों का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं सभी को तिलकुट, चूड़ा, दही का भोज करा कर नववर्ष की बधाई के साथ बच्चों को पतंग भेंट किया गया। भोज के दौरान मुखिया प्रतिनिधि बारी-बारी से सभी लोगों के बीच जाकर उनका हाल पूछते रहे।

मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर आदिम जनजाति के लोग किनारे छूट जाते हैं। जबकि मकर सक्रांति जंगल से जुड़े लोग व किसानों की संस्कृति की परंपरा का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति भाईचारे का पर्व है। भोज के बहाने हमें एक दूसरे को जानने और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि 2011 के बाद कोरवा परहीया समाज को एक भी आवास का लाभ नहीं मिला था। हमने 150 के करीब कोरवा परहीया लोगों का लाभ दिलाने का काम किया है। साथ ही बताया की पूरे पंचायत में लगभग 603 लोगो को अबुआ आवास दिलाया है। इस दौरान उन्होंने 50 लोगों के बीच कबंल का भी वितरण किया। मौके पर झामुमो नेता पप्पू यादव, बीडीसी अरविंद पासवान, शिवधर यादव,मुकेश यादव, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक भानु ने भगवान घाटी में किया 15वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**30 शहीद बनिहारों को दी गयी नम आखों श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**14 जनवरी 2010 को बिहार से धान काटकर लौट रहे 30 बनिहारों की ट्रक पलटने से हो गयी थी मौत**

विदित है की 2010 में कुपा पंचायत के 30 बनिहार भोजपुर बिहार से धान काट कर वापस लौट रहे थे। उसी क्रम में केतार के भगवान घाटी में ट्रक अनियंत्रित हो कर पलट गयी थी। जिसमें 30 बनिहारों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी। उसी समय से पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा हर वर्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते आ रहे हैं।

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के भगवान घाटी में मंगलवार को 15वां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक भानु प्रताप शाही और भाजपाइयों के द्वारा बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद पूर्व विधायक शहीद बनिहारों के परिजनों को अंग वस्त्र एवं सैकड़ों गरीब, असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। इसके उपरांत सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद और सभा का संचालन उपेंद्र दास ने किया।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि आज बड़े-बड़े लोग भी अपने माता-पिता का पुण्यतिथि लगातार पंद्रह वर्षों तक नहीं मनाते हैं। लेकिन आपका बेटा भानू प्रताप शाही पंद्रह वर्षों से बनीहार बेदी पर आकर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव पर निशाना साधते हुए कहा कि बनिहारों के घर जाकर 14 जनवरी के बजाय 13 जनवरी को श्रद्धांजलि देकर गरीब मजदूरों का उपहास उड़ानें का कार्य किया है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार और अफसरशाही चरम सीमा पर है। मंईयां योजना के तहत महिलाओं को 2500 रू देकर भइया से मोटर साइकिल पकड़वाकर 5 हजार रुपये का चालान काट कर पैसा वसूला जा रहा है। बुजुर्गो, दिव्यांग का पेंशन रोक दिया गया है। इस मौके पर घुरन राम, पंकज सिंह, विक्रमा सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, मनोज पहाड़िया, मूंगा साह, ज्वाला प्रसाद, राजेश रजक,विजया लक्ष्मी, दयानंद भगत, कन्हाई प्रसाद, रवि पाल, राजू सिंह, गुडन पासवान, अनिल पासवान, रविंद्र, राम प्रसाद, राजा, अरविंद सहित सैकड़ों भाजपाई और नसमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सतबहिनी झरना तीर्थ में मकर संक्रांति का मेला शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में तथा सोन नद में मकर संक्रांति का मेला श्रद्धालुओं की विराट जनमेदिनी के साथ शुरू हो गया। इस मेला में स्थानीय 100 गांवों के साथ कई शहरो व झारखंड के कई जिलों एवं देश के कई राज्यों के लोग देर शाम तक उमड़ते रहे। देश के उत्कृष्ट पर्यटन स्थलों में शुमार सतबहिनी झरना तीर्थ में लगने वाले पांच मेलों में से वर्ष का चौथा मेला सूर्य के उत्तरायण होने के उपलक्ष्य में 14 जनवरी से शुरू हो गया। यह मेला 16 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस विराट मेले को लेकर हजारों की संख्या में स्थानीय एवं बाहरी दुकानदारों के द्वारा दुकान लगायी गयी है। इनमें प्रसाद एवं पूजा सामग्री, सिंगार, खिलौना, मिठाई, होटल, रेडीमेड, लोहे के बने सामान, लकड़ी के बने सामान, जूता चप्पल, चाट चाउमीन, फोटो, फोटोग्राफी के साथ-साथ अनेकों तरह की हजारों दुकानें सजी हुई हैं। इस कारण इस मेले में लाखों की संख्या में पर्यटकों की भीड़ उमड़ती देखी गयी। सतबहिनी झरना को शून्य से शिखर तक पहुंचाकर इसे सतबहिनी झरना तीर्थ बनाने वाली संस्था मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति मेले की सफल व्यवस्था के लिए काफी सक्रिय देखी गयी। मालूम हो कि यह मेला प्रमुख रूप से झरना घाटी से पश्चिम की ओर सुविस्तृत मेला मैदान में लगा है। जबकि झरना घाटी में भी कई दुकानें सजी देखी गयी। इधर सूर्य के उत्तरायण होने को हिंदू धर्म में बहुत बड़े त्यौहार की मान्यता दी गयी है। इस कारण लोग मंगलवार की अहले सुबह सतबहिनी पहुंचकर मनोरम झरना में स्नान करते हुए यहां के नौ मंदिरों की श्रृंखला में पूजा करते और दान दक्षिणा करते देखे गए। इन मंदिरों में सतबहिनी भगवती माता महादुर्गा, महाकाली, महालक्ष्मी, भैरवनाथ, भगवान भास्कर, बजरंग बली, साक्षी गणेश, भगवान शिव और नंदी महाराज के मंदिरों का नाम शामिल है। यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इसके साथ ही रहस्यमयी सात मंजिली साधना सह समाधि गुफा में भी सभी लोग दर्शन एवं पूजन करते रहे। इसी दिन मां सतबहिनी झरना तीर्थ और पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मानस महायज्ञ के इस वर्ष रजत जयंती आयोजन को लेकर विशेष बैठक की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने की। इस मौके पर विधायक सह समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस मौके पर मेला में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं कानून के अनुपालन को लेकर तीन दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की मेले में एसडीओ संजय कुमार के द्वारा प्रतिनियुक्ति की गयी थी। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने भी मेले का जायजा लिया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## लोहरदगा में पतंगबाजी के माध्यम से सड़क सुरक्षा का दिया संदेश



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन विभाग ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता समाहरणालय मैदान में आयोजित किया गया था। जिसमे शामिल बालक बालिकाओं को पतंग व मांझा लगा हुआ लटाई दिया गया था। सभी ने पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। इस प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष की आयु के कुल 120 लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में सुरक्षित यातायात के महत्व को समझाने के लिए एक प्रभावशाली कदम था। मौके पर मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) गौतम गौरव व डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी, रोड इंजीनियर एनालिस्ट कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत हर दिन कुछ न कुछ इवेंट्स किये जा रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, सड़क दुर्घटना, हिट एंड रन और गुड समैरिटन के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। यह कार्यक्रम 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। मौके पर आईटी असिस्टेंट दुलार कुजूर, ट्रैफिक इंचार्ज शिव शंकर मरांडी और सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

## बिराटोली कोल साइंडिंग में गोदावरी कंपनी का कोयला लोडिंग शुरू



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार चंदवा प्रखंड के बिराटोली साइडिंग में कई वर्षों से विवाद चल रहा था। जो अब गोदावरी कम्पनी का कोयला गिरा और कई लोगो को बाधा पहुंचाने के बाद युवराज कंस्ट्रक्शन के ओनर धीरज जायसवाल वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर मंगलवार सुबह 11:00 बजे रैक लोडिंग का कार्य शुरू कर दिया है। बिराटोली साइंडिंग लोडिंग का काम युवराज कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है वही सिड़ेंग में अभी गोदावरी और संगीता कंस्ट्रक्शन का कोयला निरंतर गिरेगा और अन्यत्र जगह पर रैक के माध्यम से कोयला यहां से जायेगा बिराटोली साइंडिंग खुलने से आसपास के लोगों में काफी खुशी है और यहां के लोगों को भी रोजगार मिलेगा। इससे लोग काफी उत्साहित हैं। बताते चलें की सेटिंग खुलने से पहले गांव के आसपास के लोग आपस में भिड़ गये कई लोगों में मारपीट भी किया और अन्य लोगों पर आप प्रत्यारोप लगाते रहे।

## कार्यकर्ताओं को नसीहत की जरूरत नहीं : अंजू देवी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ने नीरू शांति भगत के इस्तीफे पर बयान जारी कर कहा कि झारखंड आंदोलनकारी बड़े भाई स्वर्गीय, कमल किशोर भगत आजसू पार्टी के जन्मदाता एवं अभिभावक थे और हमेशा हम सभी पार्टी कार्यकताओं का आदर्श, प्रेरणा बने रहेंगे। लेकिन आज उनकी धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने जो आरोप लगाकर पार्टी से इस्तीफा दिया है। उसपर मैं खंडन करते हुए कहना चाहती हूं की निरू शांति स्वयं आंदोलनकारी की पत्नी है और यही आजसू पार्टी ने उन्हें तीन बार प्रत्याशी भी बनाया। लेकिन आज आजसू पार्टी पर आरोप लगाकर पार्टी से इस्तीफा दिया है और पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो को जो नसीहत दे रही है।

# सिंचाई मशीन के साथ तीन गिरफ्तार, नाबालिग निरुद्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र से सिंचाई मशीन चोरी होने की मौखिक सूचना पूर्व में थाना प्रभारी अजित कुमार को प्राप्त हो रहा था। जिससे बढ़ते चोरी का अपराध पर अंकुश लगाने की स्वयं थाना प्रभारी और गस्ती दल द्वारा क्षेत्र में पुलिस नजर बनायी हुई थी। उसी क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र के रियाडा रोड में चोरी का सिंचाई मशीन के साथ एक लड़का का होने की सूचना पर सेन्हा पुलिस द्वारा कार्रवाई कर लड़का को धर दबोचा गया। जो चोरी में संलिप्त होने का बात बताया।



वही सिंचाई मशीन के साथ बरही निवासी बालक बैठा का 20 वर्षीय पुत्र राहुल बैठा को पकड़ कर सेन्हा थाना लाया गया। जिसे पूछताछ करने पर चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए घटने में संलिप्त अन्य आरोपी साथियों का नाम का खुलासा किया। जिसकी निशानदेही पर सेन्हा पुलिस बरही निवासी कीर्तन उरांव का 24 वर्षीय पुत्र बीरेंद्र उरांव, करमा उरांव का 19 वर्षीय पुत्र बाबूराम उरांव को गिरफ्तार तथा एक नाबालिग युवक को निरुद्ध किया। इन लोगों के निशानदेही पर चोरी का सिंचाई मशीन खरीदार दुकानदार हमजा रेहान उम्र 25 वर्ष पिता मोहम्मद रेहान ग्राम राहत नगर थाना जिला लोहरदगा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा दिया गया। वही नाबालिक को बाल सुधार गृह गुमला भेजा गया।

इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी घटना की गुप्त सूचना सत्यापन के पश्चात नाबालिक लड़का को निरुद्ध करते हुए बाकी युवक को गिरफ्तार कर नियम संगत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि बरामद सभी सिंचाई मशीन की चोरी भंडरा थाना क्षेत्र के मसमनो पंचायत ग्राम से किया गया था।

## मकर संक्रांति हमारी गौरवपूर्ण संस्कृति का अटूट हिस्सा : आचार्य शरतचंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। सर्वप्रथम आचार्य गणेश शास्त्री, अर्जुनदेव आर्य, किशन आर्य के द्वारा आचार्य शरतचंद्र आर्य एवं भारत स्वाभिमान पतंजलि के जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती की उपस्थिति में यज्ञ हवन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ब्रह्मचारियों एवं लोगों को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व हमारी सनातनी संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, आज ही के दिन महर्षि भगीरथ के अखंड तप से मां गंगा का अवतरण पृथ्वी पर हुआ, भीष्म पितामह ने सूर्य भगवान के उत्तरायण होने पर ही अपने प्राण त्यागे थे। इस दिन हवन यज्ञ, तप, स्वाध्याय एवं दान का विशेष महत्व है। हमें अपनी सनातनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। आज हरेक घर में यज्ञ हवन होना चाहिए जिससे घर का वातावरण विशुद्ध रहे एवं चारित्रिक दोषों का शमन हो। इसके बाद सभी उपस्थित जनों एवं ब्रह्मचारियों को चूड़ा दही तिलकुट गुड़ आदि का सामूहिक भोजन प्रसाद कराया गया। आचार्य शरतचंद्र आर्य ने कहा कि आज के दिन हवन यज्ञ अध्यात्म का अवश्य अनुष्ठान करना चाहिए। यह हमारी गौरवपूर्ण संस्कृति का अटूट हिस्सा है। राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह पतंजलि परिवार के द्वारा योग आयुर्वेद के प्रचार प्रसार हेतु पदाधिकारियों से पुरुषार्थ करने हेतु आह्वान किया गया।

## 17 से 19 तक होगा राज्य स्तरीय मीट का आयोजन





**राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जिला के आम और खास सबों का खेल महोत्सव है : संजय कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 1951 से चला आ रहा खेलकूद प्रतियोगिता इस वर्ष 67वीं राज्य स्तरीय मीट का आयोजन ललित नारायण स्टेडियम में दिनांक 17 से 19 जनवरी 2025 तक होना है। इस संबंध में लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के संगठन सचिव संजय कुमार साहू ने बताया की झारखंड स्तरीय मीट में झारखंड के अन्य जिलों से लगभग 600 से अधिक एथलेटिक लोहरदगा आने की संभावना है। लोहरदगा तीन दिन होगा गुलजार और खिलाडियों के स्वागत को लोहरदगा है तैयार, उन्होंने बताया की ललित नारायण स्टेडियम का ट्रैक एंड फील्ड बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है, वही स्मृति खेल पत्रिका निमित्त सारी तैयारी सुनिचित की जा चुकी है। इस संदर्भ में 17 जनवरी को 10:30 बजे प्रतियोगिता का उद्धघाटन के मुख्य अतिथि उपायुक्त लोहरदगा डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण (आइएएस ) एवं विशिष्ट अतिथि लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बीन जमां (आइपीएस) द्वारा शुभारंभ और उद्‌घाटन के साथ मार्च पास्ट की सलामी लेंगे, इसके लिए आयोजन मंडली के एसोसिएट सचिव किशोर कुमार वर्मा, सैयद जाहिद अहमद, कयूम खान और अजय कुमार डीसी एसपी को आमंत्रित और स्वीकृति प्रदान करा चुके है। 19 जनवरी 2025 को समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार के परिवार और कल्याण तथा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी होंगे।

## अनोखा बना मकर संक्रांति मालनेश्वर धाम : जतरू मुंडा



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के माल्हन में मकर संक्रांति के दिन माल्हन मालनेश्वर धाम में जतरा का आयोजन किया गया। जतरा समिति से मुलाकात करते हुए माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा सभी जतरा दर्शकों को हार्दिक स्वागत किये और मकर संक्रांति की ढेर सारी शुभकामना देते हुए कहा कि यह जतरा माल्हन पंचायत का धरोहर है। माल्हन पहाड़ में अनेकों देवी देवता यहां स्थान लिए हैं दर्शन के लिए काफी दूर दूर से आते हैं। मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने कहां की आने वाले दिनों में यहां एक से बढ़कर एक पर्यटक स्थल सरकार के द्वारा बनाए जाने का प्रस्ताव रखूंगा। मौके पर राजकुमार तिर्की धनेशर मुंडा, अबुल अंसारी, रामकिशुन गंझू, भीम गंझू, जयमंगल गंझू रोहित तुरी, अशोक तुरी, सुशील भगत, अनिल उरांव रमेश मुंडा एवं पूजा समिति के साथ हजारों लोग उपस्थित थें।

## ट्रेन ठहराव और रेलवे फाटक बनाने की मांग को लेकर जिप सदस्य ने सांसद को सौंपा मांगपत्र



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के भाजपा नेता सह पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, भाजपा नेता दीपक तिवारी ने सोमवार को चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह को उनके चतरा स्थित आवास पर पहुंच बरवाडीह रेल से जुड़ी समस्या व अन्य मांग को लेकर मांग पत्र सौपने का काम किया है। जिप सदस्य ने अपने मांग पत्र में छिपादोहर एवं बरवाडीह रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम कुचिला के पास अप डाउन रेलवे पुल संख्या 251/26– 27 के बीच अंडर रेलवे क्रॉसिंग का निर्माणकरने, हेहेगढ़ा कुमांडीह रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम गुआ के पास अप डाउन रेलवे पल संख्या 236/ 16 –17 के बीच अंडरग्राउंड रेलवे क्रॉसिंग, बरवाडीह एवं मंगरा रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम मंगरा के पास अप डाउन रेलवे पुल संख्या 262/ 33–34 के बीच अंडरग्राउंड रेलवे क्रॉसिंग का निर्माण, केचकी एवं मंगरा रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम कंचनपुर के पास अप डाउन रेलवे लाइन में अंडरग्राउंड रेलवे क्रॉसिंग निर्माण के साथ कई ट्रेनों की ठहराव को लेकर भी मांग किया है। सांसद का ध्यान आकर्षित करते हुए जिप सदस्य ने कहा कि यह सभी ट्रेनों का ठहराव में नियमित रूप से होता था लेकिन कोरोना काल में बंद होने के बाद पुन शुरू नहीं हुआ। वहीं सांसद कालीचरण सिंह ने जिप सदस्य को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी मांगे पूरी की जायेगी।

## लकड़ी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** पलामू टाइगर रिजर्व के छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के सैदुप जंगल से वन विभाग की टीम ने दो लकड़ी तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छिपादोहर पूर्वी वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू ने बताया कि वन विभाग के वरीय अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर सोमवार को सैदुप के आरएफ जंगल में छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो करम के बोटे काटकर ठिकाने लगाने की कोशिश की जा रही थी। मौके पर वन विभाग की टीम ने दोनो तस्करों को पकड़ लिया।गिरफ्तार तस्करों की पहचान छिपादोहर के हंसराज टोला निवासी बैजनाथ सिंह और राजनाथ सिंह के रूप में हुई। दोनों आपस में भाई हैं। गिरफ्तार तस्करों को मंगलवार को लातेहार जेल भेज दिया गया। जब्त की गयी लकड़ी को छिपादोहर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इस अभियान में प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू के साथ वनपाल नवीन कुमार, वनरक्षी दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार, अमर बड़ाइक और अन्य वनकर्मी शामिल थे।

**कोल्हान की खबरें**

# भिलाई पहाड़ी हाट मैदान के टुसू मेला में शामिल हुए मंत्री रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड में मकर संक्रांति के अवसर पर टुसू पर्व का धूम महाउत्सव के रूप में हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को लौहनगरी जमशेदपुर से सटे भिलाई पहाड़ी हाट मैदान में भव्य टुसु मेला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि झारखण्ड सरकार शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, सम्मानित अथिति में इचागढ़ विधायक सविता महतो, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, हिदायतुल्ला खान, मोहन कर्मकार, राजू गीरी, जिला परिषद सदस्य प्रभा वाती दत्ता, मुखिया देवघर पंचायत शशि सिंह सरदार, उप मुखिया, देवघर पंचायत श्रीमंतो प्रधान, देवघर पंचायत अंगूरी गौर, मति बसंती सिंह सहित



कोल्हान के अलग-अलग क्षेत्र से हजारों हजार की संख्या में टुसू प्रेमी शामिल रहे।

मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने भिलाई पहाड़ी हॉट मैदान में आयोजित टुसू मेला से झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री सोरेन ने कहा मकर संक्रांति झारखंड में टुसू पर्व के नाम से प्रसिद्ध है। इस राज्य में झारखंड के आदिवासी मूलवासी ओबीसी समाज के लोग मकर संक्रांति के दिन टुसु पर्व को महापर्व के रूप में मनाते हैं। मकर संक्रांति के दूसरे दिन अखंड यात्रा का आयोजन किया जाता है। अखंड यात्रा के दिन किसानों ने दिन भर हल चलाते है। उन्होंने कहा 365 दिन में सबसे शुभ दिन अखंड यात्रा को माना जाता है। इस दिन नई खेती का शुरूआत करना,घर बनाने या अन्य काम करने से साल भर रोजगार व सुख शांति और समृद्धि मिलती हैं। वही पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने कहा झारखंड में मकर संक्रांति और टुसू पर्व साल का पहला पर्व होता है। विशेष तौर पर झारखंड के परंपरा और संस्कृति के लिए आज के दिन को शुभ माना जाता है। मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सह मेला के संरक्षक पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता ने कहा भिलाई पहाड़ी हाट मैदान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 18वां झारखंडी कला संस्कृति के द्वारा भव्य टुसु मेला का आयोजन किया गया। मेला में उड़ीसा, बंगाल सहित झारखंड के अलग-अलग क्षेत्र से लोग मेले में शामिल होते है। उन्होंने कहा एकदिवसीय मेला में ग्रामीणों का भी काफी सहयोग रहता है। झारखंड के संस्कृति को बचाये रखने के लिए इस तरह के मेला का आयोजन की जाती है। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगारंग कार्यक्रम, छौ नाच सहित कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पश्चिम बंगाल के मान्यता प्राप्त कलाकारो द्वारा प्रस्तुति की गयी। प्रतियोगिता में विजेताओं को मंत्री रामदास सोरेन के द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने मेला में आये सभी अतिथियों सहित टुसू प्रेमी और जिला प्रशासन को मकर संक्रांति की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

# मां-बेटे ने पुलिस पर घर में घुसकर महिला और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** बीते दिनों पुलिस कर्मियों द्वारा घर में घुसकर महिला और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने का एक मामला प्रकास में आया है। पीड़ित परिवार ने जिले बीके एसपी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगायी। साथ ही प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चाइबासा को भेजा गया। बुधवार को गम्हरिया भोलाइडीह निवासी माला प्रमाणिक ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा बीते 9 जनवरी के रात्री 12.30 बजे कुछ पुलिसकर्मी घर का दरवाजा में जोर-जोर से लात मार कर खोलने के लिए कहा। इसी बीच पीड़ित महिला के पति दरवाजा खोलते ही पुलिस कर्मियों ने कहा थाना जाने को कहा। कारण पूछने पर जवाब नहीं दिया। उनके बेटे राजा प्रामाणिक पुलिस कर्मियों से जानकारी लेने का प्रयास किया तो



पुलिस कर्मियों ने जवाब देने की बजह अभद्र भाषा का प्रयोग कर मार पीट किया। राजा प्रमाणिक ने आरोप लगाया आदित्यपुर पुलिस जबरन मुझे पकड़ कर ले गयी और हाजत में बंद कर दिया। वही रात भर थाने में रखने के बाद सुबह छोड़ दिया।

पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया अश्लील बर्ताव के कारण ना तो सही से अपनी जिंदगी जी पा रहे न ही मेरा बेटा सही से पढ़ाई कर पा रहा हैं। समाज में किसी के सामने मुंह भी दिखाना मुश्किल हो गया है। जहर खाने तक की नौबत आ चुकी है। उन्होंने कहा पूरी घटना का वीडियो क्लिप मौजूद है। पुलिस द्वारा किसी भी झूठे केस में फंसाने की कोशिश की जा सकती हैं। फिलहाल इस घटना से स्थानीय महिलाओं में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

वही आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया माला प्रमाणिक के पति का नाम पेटू प्रमाणिक है। उनपर कई आपराधिक मामले दर्ज है। उनपर अपराधियों को घर में बुलाकर बैठकी करवाने की सूचना मिली हैं। पुलिस क्षेत्र में विधि व्यवस्था को कायम रखने के लिए गई थी।पेटू प्रमाणिक द्वारा घर में रखे पालतू कुत्ते को छोड़ दिया गया था। पालतू जानवर पुलिस पर ही झपट्टा मार दिया। जिससे एक पुलिसकर्मी घायल है।

# मकर संक्रांति पर मउभंडार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** मकर संक्रांति के अवसर पर घाटशिला के मउभंडार स्थित स्वर्णरेखा नदी तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की और दान-पुण्य किया। सुबह से ही नदी तट पर भक्तों का तांता लगा रहा। लोगों ने स्नान के बाद भगवान सूर्य की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मउभंडार के घाट पर भक्तों के लिए विशेष प्रबंध किये गये थे। मकर संक्रांति के इस पावन पर्व पर क्षेत्रीय बाजारों



में भी रौनक देखने को मिली। तिलकुट, गुड़ और चूड़ा की दुकानों पर लोगों की खूब भीड़ नजर आयी वहीं इस खास अवसर पर स्थानीय युवाओं ने पतंगबाजी का भी आनंद लिया। श्रद्धालुओं के भीड़ को लेकर मउभंडार पुलिस भी काफी सक्रिय दिखी। नदी तट पर सुरक्षा और व्यवस्था बनाये रखने के लिए विशेष इंतजाम भी किये गये थे। घाटशिला के मऊभंडार स्वर्णरेखा नदी तट हर साल मकर संक्रांति के मौके पर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनता है। इस बार भी लोगों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पर्व का आनंद लिया।

# नहाने गये युवक की नदी में डूबने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मकर संक्रांति के दिन स्वर्णरेखा नदी में नहाने दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गया। मृतक के सहयोगी ने बताया मकर संक्रांति के अवसर पर अपने दोस्तों के साथ नदी स्नान करने आया था। शुभेंदु मोबाइल से बात कर रहा था। बाकी दोस्त नहाने के उपरांत पुल पर चले गये। वहा शुभेंदु उर्फ जगत मुंडा नहीं था। बाकी दोस्त उसे खोजने के लिए नदी घाट पर दुबारा गये। एक घंटे खोजबीन के बाद दोपहर करीब 12 बजे उसका शव पानी में बहते हुए पाया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। उन्होंने कहा घटनास्थल गुड़ाबांदा और श्यामसुंदर थाना की सीमा पर होने के कारण पुलिस पदाधिकारी 4 घंटे बाद पहुंचे। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान श्यामसुंदर थाना क्षेत्र के इंदबनी गांव के मुख्य टोला निवासी छोटराय मुंडा के 24 वर्षीय पुत्र शुभेंदु मुंडा के रूप में की गयी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रिपोर्ट मिलने बाद ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा।


# बाजार में दबंगई कर रहे युवक को दुकानदारों ने पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बारीडीह बाजार में एक युवक को दबंगई करना महंगा पड़ गया। मंगलवार को दुकानदारों ने आरोपी को पकड़ा और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। युवक बिरसानगर जोन नंबर 8 का रहने वाला राजेश गिरी है। उस पर दुकानदारों ने जबरन पैसे मांगने, नहीं देने पर गाली गलौज करने और धमकाने का आरोप लगाया है। इस मामले में दुकानदारों ने थाना में लिखित शिकायत की है। थाना पहुंचे दुकानदारों ने बताया कि राजेश गिरी अपने 4-5 साथियों के साथ अक्सर बारीडीह बाजार में आकर दुकानदारों से पैसे की मांग करता है। मना करने पर गंदी-गंदी गालियां देता है, जिस कारण ग्राहक भी वहां से चले जाते है. उन्होंने कहा कि यह सभी युवक पास ही नशे का सेवन करते हैं और आये दिन दुकानदारों को तंग करते हैं। मंगलवार को राजेश गिरी, मिथिलेश साहू की दुकान में पहुंचा और जबरन गल्ले से पैसे निकाल कर भागने लगा। इसी बीच हो हंगामा होने पर दुकानदार इकठ्ठा हो गये और उसे पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी।

# दिनदहाड़े हुई कोचिंग सेंटर संचालक की बाइक चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की घटना ने लोगों में दहशत फैला दी है। यह घटना चैनपुर मुख्यालय के बस स्टैंड के पास की है, जहां से चोरों ने लाइफ लाइन कोचिंग सेंटर के संचालक उपेंद्र कुमार की मोटरसाइकिल पैसन प्रो जेएच 03 आर 7665 की चोरी कर ली।

उपेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने कोचिंग सेंटर के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर अंदर बच्चों को पढ़ा रहे थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को 4:30 बजे तक कोचिंग सेंटर के बाहर खड़ा देखा था लेकिन 5:00 बजे कोचिंग छुट्टी होने के बाद जब वह बाहर निकले, तो मोटरसाइकिल वहां पर खड़ा नहीं था। इसके बाद उपेंद्र कुमार ने अगल-बगल काफी पूछताछ की लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला। मुख्यालय में काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल का पता नहीं चला तो उन्होंने मौखिक रूप से चैनपुर थाना को इसकी जानकारी दी है और अपने स्तर से मोटरसाइकिल का पता लगा रहे हैं। इस घटना के बाद से लोगों में काफी भय बन गया है। लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे से चोर मोटरसाइकिल उड़ा ले जा रहे हैं। चोरों का आतंक कितना बढ़ गया है कि दिनदहाड़े चैनपुर बस स्टैंड भीड़ भाड़ वाली जगह से चोरों ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली।

# बिजली तार की चोरी में चार गिरफ्तार

2.5 लाख रुपये के तार की हुई थी चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के भरनो थाना अंतर्गत अज्ञात चोरों ने दो लाख पचास हजार की लागत का विद्युत तार चोरी कर ली। यह चोरी की घटना को रायकेरा जंगल से बनटोली तक अंजाम दिया गया। करीब 4.5 किलोमीटर तक 11 केडब्ल्यू के विधुत तार की चोरी की गयी। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 2.5 लाख रूपये बताया जा रहा है।

इस संबंध में विधुत आपूर्ति शाखा गुमला के कनीय विधुत अभियंता, वैकुंठ दास लिखित आवेदन के आधार पर भरनो थाना में मामला दर्ज कराया। अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। छापमरी दल के द्वारा अज्ञात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु तकनिकी एवं वैज्ञानिक स्त्रोत के आधार पर पूछताछ हेतु मुर्शिद बक्श नामक व्यक्ति को थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में इन्होंने अपना अपराध स्वीकार करते हुए इस कांड में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों के बारे में बताया। साथ ही बेचे गये बिजली तार के बारे में बताया। जिसके निशानदेही पर रांची के एक कबाड़ी दुकान से चोरी गयी बिजली तार बरामद की गयी। साथ हीं उक्त घटना में शामिल अन्य तीन अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की गयी है। इन सभी ने अपने-अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में भरनो थाना के अलावे लोहरदगा जिले के भंडरा थाना एवं चाइबासा जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्युत तार चोरी करने की बात बतायी। इन चारों अपराधकर्मियों कि गिरफ्तारी से झारखंड राज्य अंतर्गत विद्युत तार चोरी के एक अंतरजिला गिरोह का पदार्फाश हुआ है। शेष अन्य बचे अपराधकर्मियों कि गिरफ्तारी हेतु विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कि जा रही है। पकड़े गये आरोपियों में ग्राम - पहाड़केशा, थाना - भरनो निवासी 50 वर्षीय मुर्शिद बक्श, ग्राम मेलानी, चान्हो निवासी 59 वर्षीय सेराज अंसारी, कटहल टोली, चचकोपी निवासी 30 वर्षीय शेख तैफुल उर्फ पप्पू, मल्लिक टोली, चचकोपी , थाना - बेडो, निवासी 22 वर्षीय तौशिफ मल्लिक के नाम शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इनके पास से चोरी की गयी बिजली की तार, 4 पीस मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त वाहन का नंबर प्लेट आदि बरामद किया गया है।

छापामारी दल में थाना प्रभारी भरनो पुअनि कंचन प्रजापति, पुअनि मंटू चौधरी, पुअनि अभिनन्दन कुमार, पुअनि विजय लकड़ा, भरनो थाना एवं भरनो थाना सशस्त्र बल के पुलिस कर्मी शामिल थे।

# मकर संक्रांति वसंत ऋतु के आने की घोषणा करती है : प्राचार्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी मकरा में मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस दौरान बच्चों ने तिलकुट दही चूड़ा खाने को प्रात कर पतंग उड़ाया गया। प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने कहा मकर संक्रांति का पर्व सूर्य देव को समर्पित होता है, यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन की घोषणा करता है, जिसमें लोग पतंग उड़ा कर, विशेष मिठाइयां बनाकर तथा नदियों में पवित्र स्नान कर इस त्यौहार को मनाते हैं। आज के दिन पतंग उड़ाने का एक विशेष महत्व है। जिसका एक वैज्ञानिक कारण भी है, सूर्य की रोशनी में रहने पर जोर दिया जाता है। क्योंकि सूर्य की किरणें त्वचा रोगों और सर्दी से संबंधित रोगों को ठीक करने में मदद करते हैं। सूर्य का प्रकाश विटामिन डी का एक प्रमुख स्त्रोत है। जिसे स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के बच्चों सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी योगदान रहा।

# विकास भारती के स्थापना दिवस पर किसान मेल सह प्रदर्शनी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** मंगलवार 14 जनवरी को विकास भारती बिशनपुर के 42 वें स्थापना दिवस के अवसर पर किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन बिशनपुर प्रखंड के सातों गांव में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सातों गांव के प्रबुद्ध किसान रवि उरांव ने की। इस किसान मेला में रवि उरांव ने बताया कि आज से लगभग 36 वर्ष पूर्व इस किसान मेले का आयोजन विकास भारती बिशनपुर के द्वारा किया गया, जिसका आज यह असर है कि इस क्षेत्र के किसानों में काफी जागरूकता आयी है और किसान खेती कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इस किसान मेला सह प्रदर्शनी में किसानों को संबोधित करते हुए पदम श्री अशोक भगत ने कहा कि विकास भारती लगातार 42 वर्षों से आदिवासियों के विकास के लिए कार्य कर रही है और यह संस्था आदिवासियों के लिए समर्पित भी है। संस्था सुदूरवर्ती गांव में अंतिम व्यक्ति तक विकास के कार्य को ले जाने के लिए शिक्षा स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में काम करने का कार्य कर रही है। पदम श्री भगत ने बताया कि इन क्षेत्रों में बहुत सारे अंधविश्वास थे परंतु धीरे-धीरे अब ग्रामीणों में जागरूकता आ रही है और विकास का मार्ग प्रशस्त्र हो रहा है।

सचिव विकास भारती ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला क्या है, मिलने जुलने का स्थान, ज्ञान प्राप्त करने का स्थान। गांव में जब खानेको नहीं था, कठिनाई थी तब इस गांव के लोग यही पर बात करने के उपरांत बैठकर पहाड़ो से चिरकर पानी निकालकर खेती करने योग्य तैयार किया गया। पहले के लोग अपने संस्कृति कों बचाये रखा है।

अगले बार से इस मेले का आयोजन महिला समिति के नाम से आयोजित हों, हम सब यही चाहते है, जिससे महिलाओं की भागीदारी और सुनिश्चित हों।

किसान मेला को संबोधित करते हुए कमलाकांत पांडे ने बताया कि विकास भारती बिशनपुर एवं ग्रामीणों के सहयोग से पहाड़ के ऊपर सातों गांव मैं बांध का निर्माण किया गया। यह बांध बनाना काफी जटिल था परंतु ग्रामीण के सहयोग एवं पदम श्री अशोक भगत के दृढ़ संकल्प के द्वारा पहाड़ से सातों गांव में पानी लाने का कार्य सफल हो पाया।

# भालू के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कटिंग पंचायत पंचायत अंतर्गत सेमला बरटोली के सेमला टोंगरी टोली में भालू के हमले से 45 वर्षीय महिला रंजीता बेक गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना मंगलवार दिन के 2 बजे की है। महिला जलावन लकड़ी लाने सेमला टोंगरी गयी थी तभी अचानक दो भालुओं ने उस पर हमला कर दिया। घटना में उसके कान हाथ नाक आंख सिर शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आयी है। तत्काल परिजन महिला को 108 एंबुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं सदर अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया महिला की स्थिति काफी खराब है। स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे रिम्स रांची रेफर किया जा सकता है। सदर अस्पताल आए परिजनों ने बताया महिला अक्सर जलावन के लिए लकड़ी चुनने टोंगरी की ओर जाती थी। आज भी वह टोंगरी की ओर अकेले गई थी। इसी बचा अचानक दो भालुओं ने हमला कर दिया।

# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में मनायी मकर संक्रांति



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में मकर संक्रांति उत्सव धूम-धाम से मनाया गया। विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र स्नान कर एकत्रित हुए जहां उन्हें पंगत में बैठाकर दही-चूड़ा, चीनी, तिलकुट तथा केला खिलाया गया। दोपहर में बच्चों ने मसालेदार खिचड़ी, चोखा, पापड़ व अचार का आनंद लिया। अपराह्न 3 बजे से बच्चों ने पतंगबाजी में अपना हुनर दिखलाया।

# आशा लकड़ा ने भाजयुमो अध्यक्ष के मातृ शोक पर परिवार से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** एसटी-एससी आयोग की राष्ट्रीय सदस्या आशा लकड़ा ने घाघरा पहुंचकर भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी के मातृ शोक पर परिवार से मुलाकात की। जहां उन्होंने शोक संप्त परिवार को ढांढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

राष्ट्रीय सदस्या ने परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, नंद किशोर सोनी, जितेंद्र कुमार सोनी, श्याम किशोर पाठक, अमित ठाकुर, सालावंती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

ग्रामीणों ने ठेकेदार और मुंशी पर लगाया आरोप

# सर्वे के स्थान पर भवन न बना कर दूसरी जगह बनाया जा रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** पीरहापत्थर के आदिम जन जाति के लोगों ने घाघरा सीओ आशीष कुमार मंडल को आवेदन देकर ठेकेदार एवं मुंशी द्वारा गलत जगह पर आदिम जन जाति के भवन निर्माण करने का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में आदिम जन जाति के लोगों ने बताया कि सलगी गांव अंतर्गत आदिम जन जाति का भवन निर्माण पीरहापत्थर टोला स्थान में सर्वे के मुताबिक चयनित किया गया था। जिसे सर्वे के स्थान पर ठेकेदार और मुंशी द्वारा भवन निर्माण न कराकर जबरदस्ती अपना सुविधा को देखते हुए उक्त स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान सलगी झाड़ू टोली गांव में बनाया जा रहा है। जिसका पीरहा पत्थर से दूरी 7 किलोमीटर है। हम सभी असुर जाति के लोग इस भवन निर्माण से आक्रोशित है। उक्त भवन सर्वे के मुताबिक स्थान पर निर्माण हो ताकि हम लोग इस भवन को सही से उपयोग कर सके। वहीं दिये गये आवेदन में आदिम जन जाति के लोगों ने कहा कि उक्त भवन का उपयोग आदिम जन जाति परिवार के लोगों के लिए किया जाना है। जिसका ठेकेदार द्वारा गलत जगह का चयन कर काम कराया जा रहा है।

वही सीओ आशीष कुमार मंडल ने इस संबंध में कहा कि आदिम जनजाति परिवार के लोगो द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। चयनित जगह पर प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार उक्त पीरहा पत्थर टोला में सरकारी जमीन नहीं है। फिलहाल जिस दूसरे जगह पर ठेकेदार द्वारा कार्य करने की तैयारी की जा रही थी वह स्थल उक्त गांव से काफी दूर है इस कारण उसे रोक दिया गया है। जमीन सरकारी गांव से पास में खोजने को लेकर संबंधित अमीन और कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है। इस मौके पर आवेदन देने वालों में रामरित असुर, राजेंद्र असुर, रामलाल असुर सहित कई अन्य के नाम शामिल है।

# 11 साल की छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 11 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी युवक को गुमला पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार की अपराह्न 4 बजे जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आंजन रोड टोटो निवासी 30 वर्षीय संतोष विश्वकर्मा उर्फ पिंटा पिता अर्जुन मिस्त्री 10 जनवरी को छात्रा के साथ छेड़छाड़ किया था। मामले को लेकर छात्रा के मामा ने 13 जनवरी को गुमला थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना को दिया आवेदन के अनुसार छात्रा रांची की रहने वाली है और अपने मामा के यहां मेहमान आई थी। 10 जनवरी को वह घर में अकेली थी तभी शाम को आरोपी पानी पीने के बहाने घर पहुंचा। इसके बाद पानी की मांग की। पानी पीने के बाद छात्रा से उसका नाम और पता पूछने लगा इसके बाद वह अपने पॉकेट से लंबाई नापने वाला टेप निकाला और उसकी लंबाई नापने लगा। इसी बीच वह उसके छाती को सहलाने लगा। साथ ही उसके प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़खानी करने लगा। इसके बाद उसे जमीन में लिटा कर कपड़ा उतारने लगा। तभी छात्रा डर गई और वहां से भाग कर पड़ोसी के घर में जाकर छिप गई। तभी आरोपी बगल के एक घर पहुंचा जहां एक 14 वर्षीय छात्रा खाना खा रही थी वह इशारे से उसे बाहर बुलाने लगा जब छात्रा बाहर नहीं आई तो वह घर में घुसने का प्रयास करने लगा। इसके बाद छात्रा डर से अंदर से दरवाजा बंद कर दी। दूसरे दिन मामा मामी जब घर पहुंचे तो छात्रा को उदास पाया। काफी पूछने के बाद उसने पूरी घटना की जानकारी दी। वही आवेदन प्राप्त होते ही गुमला पुलिस 13 जनवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर ली। इसके बाद पोक्सो एक्ट के तहत मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं छात्रा का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया गया।

# मंकर संक्रांति पर नदी के किनारे मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुटवा कोयल नदी किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रम का मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया फिरंगी उरांव, समाज सेवी सुनील सिंह व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस क्रम में कलाकारों द्वारा रंगारंग नागपुरी, हिंदी, ठेठ जैसे गीतों पर नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। वही मिठाई सहित कई खिलौने की दुकानें सजी। मौके पर मुखिया फिरंगी उरांव ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति सभ्यता परंपरा को संजोय के रखने की जरूरत है आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर कई समाजसेवी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सुखदेव भगत ने शोकाकुल महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सांसद सुखदेव भगत ने शोकाकुल महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत और उनके परिवार से घाघरा स्थित घर में मुलाकात किया। इस क्रम में सांसद ने बॉबी भगत से उनके पुत्र के आत्महत्या करने की घटना की जानकारी लिया। साथ ही गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में धैर्य बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक अपूरणीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में हम सभी परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके पर बॉबी भगत, अनिरुद्ध चौबे, जोगेंद्र भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# तीन लाल वारंटी समेत पांच लोगों को भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर तीन लाल वारंटी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मकईयाटांड़ पिकेट पर कार्यरत पिकेट प्रभारी को मोटरसाइकिल से टक्कर मारने के आरोपी पंकज गंझू, पिता चंद्रदीप गंझू, ग्राम हेमपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।साथ ही भोलेनाथ कुमार, पिता रामदयाल गंझू, ग्राम सिंदाग लावालौंग, जिला चतरा ने गत शनिवार को ट्रक संख्या जेएच 02 बीएस 8506 ने मुरपा से अपने नाती के साथ मैक्लुस्कीगंज जा रहे प्रयाग गोप, 60 वर्ष, ग्राम मुरपा, थाना बालूमाथ को टक्कर मार दी थी। जिसमें प्रयाग गोप की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी।

# गुमला में मकर संक्रांति पर निकाली रथ यात्रा

मकर संक्रांति पर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने लगायी पवित्र सरोवरों में आस्था की डुबकी,

मंदिरों में हुई पूजाअर्चना, गरीबों के बीच किया गया दान, दही चूड़ा व तील गुड़ का किया पारण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर गुमला और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को रथ मेला का आयोजन किया गया। सिसई के नागफेनी व रायडीह प्रखंड के हीरादह में भव्य रथ मेला लगाया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों व सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायी। मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की सुख शांति व समृद्दि के लिए भगवान से कामना की। वहीं लोगों ने गरीबों के बीच दान किये और तिल, गुड़, दही व चुड़ा आदि का पारण कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का केंद्र नागफेनी में श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ कोयल नदी में स्नान किया और प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। मकर संक्रांति के अवसर पर नागफेनी स्थित जगन्नाथ मंदिर का पट अहले सुबह खोल दिया गया। सुबह से ही भगवान के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्तों के फल, फूल व प्रसाद को भगवान पर भोग लगाया। भक्त गण हाथ जोड़कर भगवान से सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मंदिर के बाहर आरती की थाल लेकर पुरोहित भक्तों को चंदन लगा रहे थे और रक्षा सूत्र बांधकर दक्षिणा ले रहे थे। वहीं गरीब भिक्षुक भी मंदिर परिसर में चादर फैलाए दाताओं का इंजतार कर रहे थे। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु गरीबों को दान करते देखे गए। यह सिलसिला अपराह्न तक चलता रहा।

# स्कूल का ताला तोड़कर सरकारी चावल की चोरी करते दो चोर पकड़ाये

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना छेत्र के ढिढोली स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चावल की चोरी करते रंगे हाथ दो चोरो को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद पूछताछ कर पुलिस ने दोनो चोरो को जेल भेज दिया। इस बावत स्कूल के एचएम मोहन खड़िया ने दोनो चोरो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। गिरफ्तार चोरो में एक बालिक और एक नाबालिग शामिल है। थाना को दिये आवेदन में एचएम ने कहा है कि 13 जनवरी को सुबह करीब 8 बजे दोनो गिरफ्तार चोर स्कूल का ताला तोड़कर चावल चोरी का प्रयास में जुटे हुए थे। तभी ग्रामीणों द्वारा उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया गया। साथ ही उनके पास से चाभी का गुच्छा, चिलम आदि बरामद किया गया। कड़ाई से पूछने पर चोरो ने पूर्व में भी कई स्कूलों में चोरी की बात स्वीकार की है। साथ ही बताया कि चोरी की इस घटना में उनके साथ जीवित चौधरी, सुबोध खड़िया, सुबोध मुंडा, मनीष नायक,अमान अंसारी,सुभम पाठक, ओम पाठक आदि शामिल है। चोरों ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद उससे आने वाले इनकम से वे गांजा दारू आदि पीकर मौज मस्ती करते है।

## मार्शल क्रिकेट टूर्नामेंट 25 जनवरी से शुरू

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड कार्यालय परिसर के मैदान में अगामी 25 जनवरी से मार्शल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है। उक्त जानकारी टूर्नामेंट के आयोजक कर्ता सीआरपीएफ से सेवा निवृत कपिलदेव राम ने मंगलवार को दी है। उन्होंने कहा कि मार्शल क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी 17वीं टूर्नामेंट आयोजित करेगी। इस बार क्रिकेट टूनार्मेंट में 16 टीम भाग लेने जा रही है। उद्घाटन के दिन रंगारंग एवं फाइनल मैच में चियर्स गर्ल का प्रोग्राम होगा। एलबीडब्ल्यू को छोड़कर सभी नियम लागू किए गए हैं। वहीं सभी मैच 16 ओवर खेले जायेंगे। यह टूर्नामेंट 25 से शुरू हो कर 9 फरवरी को अंतिम मुकाबला खेला जायेगा। जिसमें विजेता को 16000 और उप विजेता को 7000 रुपये नगद के अलावा मेडल देकर प्रोत्साहित किया जायेगा।

# महिला हुनर हाट 2025 के लकी ड्रा विजेताओं को बधाई : अरुणा

**विजेता तीन दिनों के अंदर समान कलेक्ट कर ले**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला विंग द्वारा महिला हुनर हाट सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इसमें आने वाले लोगों को पूर्व में बताया गया था कि मेले का प्रवेश लकी ड्रा कूपन के माध्यम से होगा, जिसे दिखाते हुए प्रवेश पत्र की आधी प्रति लकी ड्रॉ बॉक्स में डालनी थीं जिसे लगभग सभी लोगों ने डाला।

संध्या 6:00 बजे सभी गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित आगंतुकों के सामने और प्रतियोगिताओं के विजेता के समक्ष उपस्थित बच्चों के द्वारा उस लकी ड्रा बॉक्स से बारी-बारी करके पुरस्कृत टिकट निकाली गयी।

इसमें प्रथम पुरस्कार टीवी के लिए टिकट संख्या 0957 निकली। द्वितीय पुरस्कार टिकट संख्या 0038 के द्वारा विक्रांत सिंघानिया को फ्रिज मिला। हमारे मीडिया के साथी दिवाकर जी को तृतीय पुरस्कार में वाशिंग मशीन टिकट संख्या 0087 के माध्यम से प्राप्त हुई। इसके अलावा प्रथम सांत्वना पुरस्कार के रूप में रिना अग्रवाल को टिकट संख्या 0594 से मिक्सी प्राप्त हुई। शेष तीन संतान पुरस्कार के लिए टिकट संख्या 0293, टिकट संख्या 0084 एवं टिकट संख्या 0706 के लिए कोई भी पुरस्कार लेने के लिए अभी तक नहीं पहुंचा है।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर और चेंबर परिवार ने अनुरोध किया हैं कि जिन किसी के पास भी प्रथम पुरस्कार या शेष बचे तीन संतान पुरस्कार की टिकट है वह कृपया सहित्य समाज चौक पर रितेश मेडिकल में आशीष भगत से फोन नंबर 933471734 संपर्क कर सकते हैं और टिकट दिखाकर तीन दिनों के अंदर अपना पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। प्रथम महापौर ने सबों को शांतिपूर्ण ढंग से मेले को सफल बनाने के लिए पुनः बधाई दी है।

# गोली लगने से युवक घायल, हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में नशे कि हालत में अचानक गोली चलने से मेदिनीनगर के माली मोहल्ला निवासी मुन्ना पांडे के बेटा मोंटी पांडे उर्फ भास्कर पांडे को पैर में गोली लग गयी। युवक को इलाज के लिए मेदिनीनगर के राहुल अग्रवाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चैनपुर पुलिस युवक का बयान लेकर हथियार देने वाले युवक की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। तथा पुलिस ने एक देसी कट्टा सहित आठ जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया है। मोंटी नमिता देवी मर्डर केस में जेल जा चुका है। सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि मोंटी पांडेय ने पुलिस को जानकारी दी कि सोमवार को चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के इलाके में उसे गोली लगी। शराब पीने के बाद नशे में पिस्टल देखने के दौरान अचानक गोली चली और पैर को छेदते हुए निकल गयी। घटना के वक्त मोंटी के साथ मौजूद लोगों के बारे में भी जानकारी ली जा रही है। युवक की हालत खतरे से बाहर है। जख्मी मोंटी पांडे के अनुसार नमिता देवी मर्डर केस में 2 महीने पहले जेल से जमानत पर बाहर आया है। 7 फरवरी 2024 को सद्दीक चौक के समीप शाहपुर जाने वाली सड़क पर नमिता देवी की गोली मारकर हत्या करने में आरोपी था। घायल मोंटी के अनुसार सोमवार को हाजिरी लगाने के लिए न्यायालय में पहुंचा था। यहां उसकी मुलाकात स्टेशन रोड के नागा पांडेय और बारालोटा के सोनू तिवारी, रिंकू दुबे, पिंकू तिवारी से हुई। नागा भी हाजरी लगाने पहुंचा था। सभी लोगों ने मिलकर शराब पार्टी करने की योजना बनाई शाहपुर से शराब लेकर कल्याणपुर जाने लगे तो बताया गया कि उसके जान को खतरा है। इसलिए साथ में पिस्टल भी रखा जाए, ताकि सेफ्टी रहे। एक महीने पहले दोस्त बने एकराम कुरैशी से शाहपुर के गढ़वा रोड में जाकर पिस्टल लिया और फिर कल्याणपुर के लिए निकल गया। शराब पीने के बाद नशे में पिस्तौल निकाल कर देखने के क्रम में अचानक गोली चल गई और उसके पैर को छेड़ते हुए निकल गयी। घटना के बाद उसके साथी इलाज के लिए उसे लेकर डॉ राहुल अग्रवाल के निजी अस्पताल में पहुंचे। इलाज के क्रम में जब इसकी सूचना पुलिस को हुई तो उसके साथी उसे अस्पताल में छोड़कर फरार हो गये। इधर पुलिस कस्टडी में मोंटी का इलाज किया जा रहा है। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि जांच पड़ताल के दौरान एक देसी पिस्टल एवं सात जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। फिलहाल पिस्टल देने वाले को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# भक्ति जागरण से सराबोर चैनपुर भोजपुरी गायकों ने बांधा समा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महान क्लब द्वारा आयोजित तालाब रोड स्थित सूर्य मंदिर के समीप भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक आलोक चौरसिया व मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने किया। इस दौरान भोजपुरी गायक आर्यन बाबू, अभिमन्यु सिंह और गायिका खुशी कक्कड़ ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों के साथ लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। आर्यन बाबू का गाना अवध में भईल लेकर जन्मवा जानत होखब राम जी के नमवा पर खूब वाहवाही बटोरी गई। तो इधर किसी के बाप का नहीं अयोध्या रामलला का धाम है,भारत के रघुनायक कौशल्या नंदन राम है गीत पर खुशी कक्कड़ ने लोगों को भरपूर मनोरंजन कराया। भक्ति जागरण में लोग खूब झूमे तो अभिमन्यु सिंह गायक के द्वारा एक से बढ़कर एक भोजपुरी गीत की प्रस्तुति की गयी। महान क्लब के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सफल रहा जिसे लोगों ने भरपूर सराहा।

# सीएसआर के साथ पूरा ग्रासिम परिवार सामाजिक कार्यों के प्रति सजग : हितेंद्र

**रेहला ग्रासिम सीएसआर के द्वारा ज्वाय ऑफ गिविंग परियोजना का हुआ शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ग्रासिम के सीएसआर द्वारा जनवरी 2025 को ज्वाय ऑफ गिविंग के रूप में मनाया जा रहा है। इसके लिए आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को समारोह आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास व आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक नुरुल हक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार ने किया। ज्वाय ऑफ का गिविंग के तहत विभिन्न सरकारी विद्यालयों के लगभग डेढ़ सौ स्कूली बच्चों के बीच स्कूल किट, हाइजीन किट व खेल सामग्री का वितरण कर किया गया। इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि हम अपने सामाजिक दायित्व के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं, जिससे समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने नये सत्र में सीएसआर के माध्यम से संचालित किए जाने वाले कई अनूठे कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। बताया कि दीदी की दुकान योजना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, मोबाइल मेडिकल वाहन के द्वारा आसपास के क्षेत्र में लगातार मेडिकल कैंप की व्यवस्था,शिक्षा में गुणवत्ता व उत्थान के लिये स्कूलों में पुस्तकालय सुविधा व विशेष अभियान चलाना, क्षय रोग के उन्मूलन के लिये क्षय रोगियों के निरंतर मॉनिटरिंग की आधुनिक सुविधायुक्त व्यवस्था और युवाओं के रोजगारपरक बनाने हेतु उन्हें विभिन्न विभिन्न प्रकार के कौशल विकास की गतिविधियों से जोड़ना हमारी इस वर्ष की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जॉय आफ गिविंग में 50 प्रतिशत की राशि कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों व महिला मंडल के सदस्यों द्वारा इकट्ठा की गयी है, जो यह प्रदर्शित करता है कि सीएसआर के साथ-साथ पूरा ग्रासिम परिवार सामाजिक कार्यों के प्रति सजग व संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बांटने की खुशी सब खुशियों से ऊपर है। समाज के अभावग्रस्त तबके की समस्या को साझा कर उसे दूर करने में सहायक बने तो इससे बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं हो सकता। मौके पर अनुपम मिश्रा, वंदना झा, प्रीति दास, निशा पाठक, ब्रजराज चौबे, राजेश चौबे, व्रज किशोर शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला, सीएसआर के अनिल गिरि, नागेंद्र यादव सहित जन सेवा ट्रस्ट के कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत, मायके वालों ने जहर देकर मारने का लगाया आरोप

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर स्थित वार्ड नंबर तीन के रामविगहा निवासी अमरेश प्रजापति की 30 वषीर्या पत्नी रूबा देवी ने मंगलवार को मानसिक तनाव में जहरीला पदार्थ खा ली। बेहोशी की स्थिति में परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां स्थिति को गंभीर हालत देखते हुए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के क्रम में मौत हो गयी। इस संबंध में महिला के मायके वालों ने अपने दामाद व बेटी के ससुराल वालों पर जबरन जहरीला पदार्थ खिलाने व साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया हैं। इस संबंध में मृतका के मायके वालों ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर रूबा देवी को पूर्व से प्रताड़ना व जहरीला पदार्थ खिला कर उसकी हत्या का आरोप लगया हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## छतरपुर में मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार



**छतरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** छतरपुर पुलिस ने सोमवार को थाना गेट के सामने सड़क पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। गिरफ्तार किये गये आरोपी का नाम लव कुमार रजक 24 वर्ष है, जो महेश रजक का पुत्र है और ग्राम खोड़ी, पोस्ट तेलाडी, थाना छतरपुर, जिला पलामू का निवासी है। उसके पास से एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर CG13N-1733) और एक स्कूटी (रजिस्ट्रेशन नंबर JH01AR3300) बरामद हुई है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र में दो जगह लगा मेला, हुई विशेष पूजा अर्चना



**विश्रमपुर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के घरटिया स्थित झारनेश्वर शिव मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को भव्य मेला लगा। विशेष पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु अहले सुबह से ही झारनेश्वर मंदिर पहुंच कर पूजा-पाठ में जुट गये थे। पूजा अर्चना का सिलसिला सारा दिन चलता रहा। मेला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां स्थानीय भोजपुरी गायको ने एक से बढ़ कर एक भक्ति गीत गाकर लोगो का मन मोह लिया। इधर रेहला कोयल नदी तट पर भी वार्षिक मेला लगा। यहां भी श्रद्धालु कोयल नदी में अहले सुबह से ही आस्था की डुबकी लगाने लगे थे।

# विधायक प्रतिनिधि बने राजेंद्र और मिंटी



अमलेश ठाकुर

**पांकी (आजाद सिपाही)।** नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हॉउस में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पांकी विधानसभा के जिला प्रतिनिधि और प्रखंडो में अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इसमें प्रो राजकमल वर्मा और प्रकाश मेहता को जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया। इसी तरह पांकी प्रखंड के लिए केकरगढ़ के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव और पकरीया मुखिया पति मिंटी वर्मा और नीलांबर पीतांबरपुर के लिए सुनील कुशवाहा और छोटेलाल सोनी, इसी तरह तरहसी के लिए वशिष्ठ नारायण सिंह और सुचित भुइयां, मनातू प्रखंड के लिए बंधु भुइयां और उदेश यादव, सतबरवा के लिए अजय उरांव को प्रतिनिधि मनोनीत किया है। वहीं महेश यादव और कार्तिक सिंह को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। विधायक के द्वारा सभी प्रतिनिधियों के बीच विभाग का बंटवारा करते हुए संबंधित अधिकारीयों के समक्ष जनता की समस्यायों को रखने और विधायक की अनुपस्थित में प्रशासनिक बैठक मे भाग लेने की बात कही। विधायक ने नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधियों को जनता से जुडी समस्यायों का भी समाधान करने का निर्देश दिया है। मौके पर प्रो बचन ठाकुर, सरोज चटर्जी, दयानंद सिंह, ललित मेहता, लाला प्रसाद यादव, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, रोशन सिंह, रंजय ठाकुर, मंदीप मेहता, अजय, सुनील, मुखिया पति यशवंत कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की तैयारी पूरी, महायज्ञ की जल यात्रा आज

**महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह कर रहे हैं कैंप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। यज्ञशाला से लेकर प्रवचन स्थल की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर मां तारा शक्ति मंदिर महायज्ञ कमेटी के पदाधिकारी तैयारी में दिन रात जुटे हैं। कमेटी में संरक्षक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, मिथलेश पाठक, संयोजक सूर्या सिंह, अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं रतन लाल, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह (मास्टर साहब), रणजीत पासवान, संजय सिंह, रामराज मेहता, विमलेश सिंह, सह सचिव अजय गुप्ता, मनु सिंह, विनय पासवान, व्यवस्थापक, सुधीर सिंह, बलराम मेहता, बसंत चौहान, दुर्गा शर्मा, लल्लू, सीबी रमन सिंह आदि मूर्ति स्थापित करने आदि में जुटे हैं। पूर्व मंत्री सह यज्ञ कमेटी के संरक्षक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि 15 जनवरी को अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद स्थित मां तारा शक्ति मंदिर परिसर से भव्य जल यात्रा निकला जायेगा। पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत भी 15 जनवरी से होगी, जो 19 जनवरी तक चलेगी। 19 जनवरी को पूणार्हुति एवं भंडारा के बाद यज्ञ कार्यक्रम संपन्न होगा।

## पूर्वडीहा में धर्मविलीन सुखदेवाचार्य की पुण्य स्मृति पर मेला का आयोजन



**चैनपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव में कोयल नदी तट पर पारंपरिक मेले का आयोजन धर्मविलीन सुखदेवाचार्य जी महाराज के पुण्य स्मृति में मेला का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री केंएन त्रिपाठी के द्वारा द्वीप प्रतिज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे भारत देश में सनातन धर्म को मानने वाले लोग मकर संक्रांति का पर्व मनाते हैं। सनातन परंपरा के अनुसार आज मोक्ष का दिन है। इस कार्यक्रम में मुख्य कलाकार सुपर स्टार गायक राकेश मिश्रा, शिवानी सिंह,अक्षरा गुप्ता सभी गायक अपने गायकी अपने अपने एक से बढ़कर एक संगीत प्रस्तुत कर रहे हैं। कोयल नदी तट पर 1994 में बहुत ही भव्य और दिव्य श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन धर्मविलीन श्री सुखदेवाचार्य जी महाराज के देखरेख में चातुर्मास व्रत के समापन के उपरांत हुआ था। जब यज्ञ के उपरांत स्वामी जी की विदाई इस गांव से हुई। आज भी ढांचाबार में उनकी समाधि स्थल तथा आश्रम अवस्थित है। इसी घटना की स्मृति में प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के दिन कोयल नदी तट पर स्थित शंकर भगवान के मंदिर के प्रांगण में पूजन के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होता आ रहा हैं।




# जसप्रीत बुमराह आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

## कमिंस और पैटरसन को पीछे छोड़ा, विमेंस कैटेगरी में सदरलैंड को मिला अवॉर्ड

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारतीय तेज गेंदबाद जसप्रीत बुमराह ने दिसंबर की परफॉर्मेंस के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीत लिया है। आईसीसी ने उनके साथ साउथ अफ्रीका के गेंदबाज डैन पैटरसन और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को भी नॉमिनेट किया था।



विमेंस कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को यह अवॉर्ड मिला। भारत की स्मृति मंधाना और साउथ अफ्रीका की एन मलाबा भी रेस में थीं। सदरलैंड ने 5 मैच में 9 विकेट लिए और 269 रन भी बनाए थे।

### दिसंबर में बुमराह ने 3 मैच में 22 विकेट लिये

जसप्रीत बुमराह ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट खेले। इनमें उन्होंने 22 विकेट अपने नाम किए। मेलबर्न और ब्रिस्बेन में तो उन्होंने 18 विकेट लिए। एडिलेड में वह 4 ही विकेट ले सके, क्योंकि दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 2 ही ओवर बैटिंग कर मैच जीत लिया था। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के चलते ही बुमराह टेस्ट रेटिंग में टॉप पर पहुंचे।

### पैटरसन ने 13, कमिंस ने 17 विकेट लिए

प्लेयर ऑफ द मंथ की रेस में साउथ अफ्रीका के डैन पैटरसन भी शामिल थे। उन्होंने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ 2 ही टेस्ट में 13 विकेट झटक लिए। वहीं ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ 3 टेस्ट में 17 विकेट लिए।

### सदरलैंड ने दो शतक और 9 विकेट लिये

एनाबेल सदरलैंड ने दिसंबर में 5 वनडे मुकाबले खेले। भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में एक शतक की मदद से उन्होंने 122 रन बनाए। गेंदबाजी में भी 6 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के खिलाफ दो वनडे में उन्होंने 147 रन बनाने के साथ ही 3 विकेट लिए। दोनों ही सीरीज में वह प्लेयर ऑफ द सीरीज बनीं।

## मकर संक्रांति पर बराही धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने बराही धाम पहुचकर पूजा अर्चना किया। श्रद्धालुओं ने दंगवार के सोननदी घाट पर स्नान किया। स्नान के बाद सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ चर्चित बराही धाम में पहुंचने लगी, वहीं बराही धाम परिसर में स्थित माता रानी की मंदिर में पूजा अर्चना करने को लेकर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। पूरा धाम परिसर माता की जयकारों से गूंज रहा था। मालूम हो धाम परिसर में प्रत्येक मंगलवार को विगत दो वर्षों से अधिक समय से भंडारा का आयोजन किया जाता है।

## मेला में एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है : सुरेंद्र



**पांकी (आजाद सिपाही)।** मकर सक्रांति के अवसर पर तरहसी प्रखंड के जोगियादह मेला दुगोला कार्यक्रम में पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल हुए। इस दौरान सुरेंद्र यादव ने मेला में सभी जनसमूह को मकर सक्रांति पर्व पर शुभकामनाएं दी और कहा कि मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर गमन करते है। खगोलीय दृष्टी से सूर्य का प्रवेश कर्क राशि से मकर राशि की ओर होता है। हमारी सनातन संस्कृति में इस अवसर का व्यापक महत्व है। मौके पर मुखिया महेंद्र पासवान, जीवनन्दन यादव, अनिल मेहता, दिलीप यादव, रांची नगर पार्षद चेयरमेन प्रीती रंजन, इसलामु हक, गिरेंद्र, अजय, अंजनी, विजय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# आशा कोठी माफिया कांड: कारू यादव के संरक्षण में कौन हैं ताकतवर राजनीतिक सूत्र?

**बाघमारा में बढ़ता जा रहा गैंगवार और हिंसा का सिलसिला, आशा कोठी में महिला शिकायतों के बाद पुलिस पर सवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बाघमारा में बर्चस्व की जंग में गोली-बमबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पैसे, पावर और राजनीति के बल पर कई नामो ने अपना प्रभाव स्थापित करते क्षेत्र में अपना दबदबा कायम किया। ऐसे ही एक शख्स, बिहार के नवादा जिले के रहने वाले 40 वर्षीय कारू यादव ने 30 साल पहले आशा कोठी में कदम रखा। यहां वह पहले खलासी के तौर पर काम करते थे, फिर बाद में निजी वाहन चलाने लगे। इसी दौरान, उन्होंने अवैध कोयला और लोहा चोरी करने के लिए एक संगठित गिरोह बना लिया। अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए वे राजनीतिक दलों से संपर्क स्थापित कर झामुमो पार्टी में शामिल हो गये और धीरे-धीरे अपनी ताकत बढ़ाने में सफल हुए। यादव ने झामुमो के नेताओं से नजदीकी बढ़ाई और पार्टी के जिला सचिव बन गये। इसके साथ ही, वे कांग्रेस के बड़े नेताओं से भी जुड़ गये। बॉलीवुड फिल्मों के खलनायकों की तरह, उन्होंने गैंगवार, सत्ता की जुगत और मार-धाड़ के रास्ते अपना दबदबा कायम किया। यादव ने अवैध कोयला कारोबार से अपनी साम्राज्य की नींव रखी और अवैध कोयला कारोबार में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए उन्होंने बिहार से गुंडों को बुलाकर आशा कोठी में प्रशिक्षित किया और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए गोली-बम चलवाते आउटसोर्सिंग कंपनियों को अपने नियंत्रण में लिया और अपराधों के जरिये अपने वर्चस्व को मजबूत किया। हालांकि, कतरास थाना क्षेत्र में एक घटना के बाद उन्हें झामुमो से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। उन पर कतरास, मधुबन, बरोरा और खरखरी ओपी में दर्जनों मामले दर्ज हैं, जिनमें कोयला कारोबार में वर्चस्व की कोशिशों को लेकर हिंसा और अपराध की घटनाएं शामिल हैं। हाल ही में, यादव ने बाघमारा के एक प्रभावशाली नेता से नापाक गठजोड़ किया और गोविंदपुर के बाबूडीह इलाके में हिलटॉप कंपनी की देखरेख की जिम्मेदारी प्राप्त की, जिससे उनका दबदबा और भी बढ़ गया। 9 जनवरी को यादव के गुर्गों ने पुलिस प्रशासन पर जानलेवा हमला किया, जिसमें बाघमारा के डीएसपी, पुरुषोत्तम कुमार सिंह घायल हो गये। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हलचल मच गयी और इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस की छापेमारी में दो दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार हुए, जबकि कई अन्य के खिलाफ पूछताछ जारी है। छापेमारी में देर रात सोमवार को अन्य चार लोगों की गिरफ्तार हुई। इस बीच, आशा कोठी में 500 टन से ज्यादा अवैध कोयला बरामद किया गया है और 60 से अधिक घरों पर अवैध कब्जे की पुष्टि हुई। इस कांड के बाद पुलिस ने कारू यादव और उनके करीबियों की संपत्तियों की जांच शुरू कर दी है, और यह सामने आया है कि उन्होंने अवैध गतिविधियों से अकूत संपत्ति अर्जित की है। इधर यादव की इस काली कमाई का शिकार बनने वाले कई लोग अब रोजमर्रा की जिंदगी में संघर्ष कर रहे हैं। इस बीच, यह भी चर्चा है कि इस कांड के पीछे कुछ राजनीतिक ताकतें हो सकती हैं, जो यादव को संरक्षण दे रही हैं। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई के दौरान आशा कोठी की महिलाओं ने पुलिस पर मारपीट और तोड़फोड़ के आरोप लगाये हैं। इसके अलावा, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा के खिलाफ भी मामले दर्ज किये गये हैं। इस घटनाक्रम के बीच सवाल उठ रहा है कि आखिर वह कौन है, जो पर्दे के पीछे कारू यादव का संरक्षण कर रहा है।

## टोटो की सफाई करने के दौरान बैट्री फटी, युवक घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा अस्पताल के निकट रहने वाले आबिद अंसारी की टोटो की सफाई करने के दौरान बैट्री फट गयी। इससे आबिद बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जेलगोड़ा अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। परिजनों ने घटना की सूचना अंनता मोटर डिगवाडीह को दिया है। घायल युवक की मां फातिमा खातून ने बताया कि अनंता मोटर से 17 अक्टूबर 23 को जेजा कम्पनी का टोटो एक लाख तिरासी हजार में खरीदा था। जिसमें इस्टेट मैन कंपनी की बैट्री लगा हुआ था। जिसकी गरान्टी 18 माह की दी गयी थी। जबकि 15 माह में ही पुत्र द्वारा टोटो साफ करने के दौरान बैट्री बम की तरह आवाज कर गयी। जिससे पुत्र घायल हो गया। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना एजेंसी वाले को दी गयी है। उनके द्वारा यदि कुछ नहीं किया गया तो पुलिस सहित कंज्यूमर कोर्ट में मामला ले जायेंगे।

## गोल्फ ग्राउंड पार्क में मकर संक्रांति और पूर्व मेयर का जन्मदिन मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में मॉर्निंग वॉक करने आनेवाले मॉर्निंग वॉकरों के लिए मंगलवार का दिन दोहरी खुशी लेकर आया। एक तरफ जहां मॉर्निंग वॉकरो ने मकर संक्रांति के पर्व के मौके पर एक दूसरे को तिलकुट खिलाया तो वही दूसरी ओर केक काटकर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल का 63वां जन्मदिन भी मनाया गया। सभी लोगों ने पूर्व मेयर के दीघार्यु होने की कामना की। बता दें कि हर रोज सैकड़ों लोग गोल्फ ग्राउंड में मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं। पूर्व मेयर के दिनचर्या में भी मॉर्निंग वॉक शामिल है। जब सभी लोग मॉर्निंग वॉक करने पहुंचे तो पूर्व मेयर की जन्मदिन की खुशी में केक काटा साथ ही मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तिलकुट बांटकर मकर संक्रांति का पर्व भी मनाया। मौके पर आनंद चौरसिया, जावेद खान, जाकिर खान, संजय शर्मा, विकाश सिंह, नायाब खान, गुड्डू शर्मा, मुकेश सिंह, कमलेश कुमार, जॉय आदि मौजूद थे।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने मनायी मकर संक्रांति, उड़ायी पतंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भगवान सूर्य के दक्षिण से उत्तरायण होने पर भारतवर्ष के उजाले में वृद्धि के प्रतीक नव वर्ष के प्रथम पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को नारायणी चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जग जीवन नगर स्थित विशेष बच्चों की पहला कदम स्कूल में मकर संक्रांति के अवसर पर बड़े बच्चों के मनोरंजन के लिए बहुत ही शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे पतंग उड़ाना विशेष रूप से शामिल था।आज बच्चो ने दही चुड़ा और तिल कूट का लुत्फ उठाया। पहला कदम की संचालिका अनिता अग्रवाल कहा कि सदैव यह कोशिश रही कि कोई भी दिव्यांग बच्चों की जिंदगी में किसी भी पर्व की खुशी की कमी न रहे और आज उसी का प्रयास और परिणाम है कि समाज के प्रतिष्ठित और सम्मानित वर्ग इन दिव्यांग बच्चो को अपने साथ खुशी में शामिल कर रहे है। सभी शिक्षकों ने मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि भगवान सूर्य इनके जीवन में अपार खुशिया लाये।

## भुइया बस्ती में कंबल और चूड़ा, तिलकुट का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** मकर संक्रांति के अवसर पर विश्व हिंदू परिसद और भाजपा ओबीसी मोर्चा के ओर से मंगलवार को एना तालाब भुइया बस्ती में कंबल और चूड़ा, तिलकुट का वितरण किया गया। परिसद के जिला कोषाध्य्क्ष अमित अग्रवाल कार्यक्रम मे मुख्य अथिति के रूप मे उपस्थित थे। इस दौरान करीब डेढ़ सौ जरूरतमंद परिवार के लोगो को मदद दी गयी। अमित अग्रवाल ने कहा की अब समय आ गया है की हर हिन्दू जाति बंधन छोड़ कर एक साथ खड़े हो। सामर्थवान लोग जरूरतमंद लोगो के मदद के आगे आये। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के मिडिया प्रभारी कौशल वर्मा, महेंद्र गोप,अजय भुईया, महेंद्र चंद्रवंशी, तलवा देवी, अमेरिका देवी, लीला देवी आदि थे।

## मकर संक्रांति पर दामोदर नदी तट पर श्रद्धालुओं की भीड़, टुसू पर्व का उल्लास

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** मकर संक्रांति के अवसर पर तेलमच्चो ब्रिज स्थित दामोदर नदी तट पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य अर्जित किया। आसपास के ग्रामीणों सहित दूरदराज से आये लोगों ने नदी में डुबकी लगाई और फिर नदी किनारे स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पारंपरिक तिलकूट, चूड़ा और गुड़ का सेवन किया। इस मौके पर टुसु पर्व मनाने वाली दर्जनों महिलाओं ने नदी तट पर पहुंचकर टुसुमणी का विसर्जन भी किया। मकर संक्रांति के इस पर्व पर युवकों ने भी साउंड सिस्टम लेकर फिल्मी गीतों पर जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया।

तेलमच्चो ब्रिज के दोनों ओर विभिन्न दुकानों की भी भीड़ रही, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुएं खरीदी। विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मकर संक्रांति का यह पर्व श्रद्धा और उल्लास के बीच मनाया गया, जिससे क्षेत्र में एक अलग ही माहौल देखने को मिला।

## झारखंडी एकता संघ ठाणे ने मकर संक्रांति को लेकर चूड़ा-दही सह मिलन समारोह किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** संस्था झारखंडी एकता संघ ठाणे इकाई के द्वारा कशेली ब्रिज ठाणे भिवंडी रोड दत्ता मंदिर के सामने मकरसंक्रांति के मौके पर चुड़ा-दही सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में संस्था झारखंडी एक संघ के राष्ट्रीय संगठन सचिव विनोद प्रसाद और केंद्रीय सदस्य तौफीक अंसारी बतौर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। वहीं संघ के विनोद प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश के सभी प्रवासी मजदूरों से अपील किया कि हम सब एक साथ मिलकर चले और संस्था झारखंडी एकता संघ से जुड़े, ताकि हम लोग प्रवासी मजदूरों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रख सकते हैं। संघ के केंद्रीय सदस्य तौफीक अंसारी ने कहा ऐसे आयोजनों ने हम झारखंडी जनमानस को आपसी एकता और समरसता को नई ऊंचाई दी है। संघ के वरिष्ठजनों ने इस बात पर जोर दिया कि समाज में आपसी सहयोग और एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। झारखंड प्रदेश के युवाओं ने तकनीकी और आधुनिकता के साथ मुंबई जैसे शहर को दिशा देने में एक अहम भूमिका झारखंड प्रदेश के प्रवासी मजदूरों ने भी निभाई है। झारखंडी एकता संघ ठाणे इकाई अध्यक्ष मुन्नलाल प्रसाद, बोरीवली अध्यक्ष भीम कुमार गुप्ता और वर्ली अध्यक्ष उमेश कुमार मंडल सहित संघ के सक्रिय सदस्यों ने भी अपनी बातें और समस्याएं रखा, कार्यक्रम के समापन पर सभी ने एक स्वर में संघ की उन्नति के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल एक मिलन समारोह थी, बल्कि झारखंडी समाज के लिए प्रेरणा और ऊर्जा का स्त्रोत भी बनी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन सचिव विनोद प्रसाद, ठाणे इकाई अध्यक्ष मुन्नालाल प्रसाद, बोरीवली अध्यक्ष भीम कुमार गुप्ता, वर्ली अध्यक्ष उमेश कुमार मंडल, अतिथि गण अश्विन आगट, चेतन परब, सैलुट वीर संस्था के अध्यक्ष वंदना त्रिपाठी, कौशल कुमार, सक्रिय सदस्य नकुल महतो, हरि पंडित, कार्तिक प्रसाद, अशोक कुमार, सिताराम प्रसाद, सहादत अंसारी, अखतर अंसारी सहित झारखंडी एकता संघ ठाणे के पुरी टीम की सहयोग रहा और झारखंड प्रदेश के सेंकड़ों प्रवासी मजदूर इस मिलन समारोह में शामिल हुए।

## घर में घुसकर पिंटू की गोली मारकर हत्या से लगता है अपराधी बेखौफ हैं: चितरंजन साव



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड के मधुकरपुर निवासी सकूल नायक का पुत्र हजारीबाग कोषागार में पद स्थापित पिंटू कुमार नायक को घर में घुसकर बेरहमी से गोली मारकर हत्या, जिस तरह अपराधियों ने की उस से साफ दिख रहा हैं कि अपराधियों में कोई खौफ नहीं है। उक्त बातें जिप अध्यक्ष सुनीता देवी के समाजसेवी पति चितरंजन साव ने कही है। उन्होंने कहा कि अगर स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन इस घटना का 72 घंटा के अंदर नहीं करती है तो उग्रआंदोलन होगा। इसपर विधि व्यवस्था बिगड़ती है तो इसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन का होगा। साव ने मंगलवार को जिप अध्यक्ष और अपने समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों के साथ पिंटू के शोक संतप्त परिवार जनों को सांत्वना देने मधुकरपुर उसके घर पहुंचे थे। साव ने कहा कि मंजूरा निवासी एक प्रजापति युवक मिथिलेश कुमार की पिछले साल हुई मौत की गुत्थी भी कसमार पुलिस सुलझाने में असमर्थ रही है। जिस से साफ दिख रहा है कि स्थानीय प्रशासन का खौफ अपराधियों में नहीं हैं। जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने भी परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। घटना के बाद तुरंत जिला प्रशासन से अविलंब करवाई करने कि निर्देश दिये। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिली और उन्हें ढाढस दी। पीड़ित परिवार को आश्वासन दी कि हत्यारे की गिरफ्तारी जल्द से जल्द प्रशासन करेग। अगर प्रशासन इस केस में लापरवाही की तो सड़क से ले कर सदन तक आवाज उठाऊंगी। गिरिडीह से पूर्व लोकसभा प्रत्यासी ज्ञानेश्वर प्रसाद ने कहा कि आज हमारे समाज के एक होनहार बच्चे की हत्या होना बहुत बड़ी छती है। इसकी जितनी भी निंदा कि जाय कम है। जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया कि इस घटना की उद्भेदन जल्द से जल्द करे, अन्यथा तेली युवा मंच उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जरूरत पड़ने पर पीड़ित परिवार को तन, मन, धन से भी सहयोग किया जायेगा।

## नहीं रहे पत्रकार सुशील भिवानी वाला बस्ताकोला गौशाला में हुआ अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** पत्रकार सुशील भिवानी वाला का निधन सोमवार की रात धनबाद स्थित अपने निवास में हो गया। परिजनों के अनुसार सोमवार की रात उनकी बहुत हृदय गति रुकने के कारण हो गयी। चिकित्सकों के काफी प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। मंगलवार को बस्ताकोला स्थित गौशाला में उनका अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार में मुखअग्नि पुत्र दीपक अग्रवाल ने दिया, जहां बड़ी संख्या में लोग और पत्रकार मौजूद थे। वे अपने पीछे पत्नी और एक पुत्र को छोड़ गये। उनके निधन पर कई पत्रकार मौजूद थे अजय रवानी, अभिषेक अग्रवाल, सीडी मिश्रा, जेके सिंह, संतोष दे, रोशन हजारी के अलावा मुक्तेश्वर मिश्रा, उमेश सिंह, जनक देव जनक आदि पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## चांदमारी कोलियरी में देर रात लूटपाट को दिया अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** बस्ताकोला कोलियरी क्षेत्र के चांदमारी कोलियरी में सोमवार की देर रात लूट को अंजाम देने आये अपराधियों ने बीसीसीएल के ओवरमैन और तीन माइनिंग कर्मियों की पिटाई कर दी। पिटाई से ओवरमैन रवि विश्वकर्मा बुरी तरह जख्मी हो गया। इस घटना की जानकारी प्रबंधन ने धनसार पुलिस और सीआइएसएफ को दी। मौके पर धनसार पुलिस और सीआइएसएफ पहुंच क्षेत्र में अपराधियों की तलाश मे सर्च आपरेशन चलाया। तबतक सभी अपराधी फरार हो गये थे। इस घटना से गुस्साए कर्मियों ने इनमोसा के बैनर तले कार्य को बहिष्कार कर दिया। कर्मियों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सुरक्षा की मांग कर रहे थे। कार्य बहिष्कार होने से चांदमारी, इस्ट बस्ताकोला, नौ नंबर भुईयां बस्ती के पांच हजार आबादी वाले क्षेत्र मे पीटवाटर जलापूर्ति ठप हो गया। इसके अलावा आउटसोर्सिंग में बलास्टिंग कार्य भी प्रभावित रहा। इस मामले को लेकर प्रबंधन और इनमोसा के बीच वार्ता हुई। वार्ता इनमोसा के लोगों ने कहा कि जबतक 3/4 पीट इंक्लाइन के पास सीआइएसएफ की ड्यूटी नहीं लगायी जाती है, तबतक पीटवाटर आपूर्ति ठप रहेगी। वहीं बैठक मे मौजूद बस्ताकोला कोलियरी के पीओ अजय कुमार ने सीआइएसएफ की ड्यूटी लगाने का आश्वासन दिया है। घायल ओवरमैन रवि ने बताया कि रात को माइनिंग कर्मियों सुभाष साव, गोविंद कुमार, रितेश कुमार, संजय सोंडिक के साथ चांदमारी 3/4 पीट का निरिक्षण कर गये थे। थोड़ी देर बाद मै चांदमारी कार्यालय परिसर मे आ गये। इतने में एक दर्जन से अधिक सशस्त्र अपराधियों ने मुझे पकड़कर पिटाई करने लगे। शोर मचाने पर उक्त माइनिंग कर्मी यहां पहुंच मुझे बचाया। आंदोलन मे इनमोसा के रवि ओंकार, संजय सिंह, शिवशंकर महतो, राकेश सिंहा, निर्मल मंडल, सुभाष पांडे, अनिल कुमार, सुमन झा, श्रवण बेलदार, अमित कुमार थे। अपराधियों ने कर्मियों के साथ मारपीट की है। इसकी शिकायत धनसार थाना मे की गयी है। कर्मियों के सुरक्षा के लिए व्यवस्था की जा रही है।

## सांसद ढुल्लू महतो ने महाकुंभ और काशी यात्रा के दौरान झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना

**गंगा नदी में पवित्र स्नान सनातन धर्म की अमिट आस्था और दिव्य ऊर्जा का अनुभव कराता है : ढुलू महतो**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा सांसद ढुलू महतो ने अपने परिवारजनों और समर्थकों के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में महाकुंभ के दूसरे दिन पवित्र अमृत स्नान किया। इस अवसर पर उन्होंने पूज्य साध्वी सरस्वती जी के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना की, और भगवान सूर्य से धनबाद सहित पूरे झारखंड राज्य के वासियों की सुख-समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। महाकुंभ में गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के बाद महतो जी ने कहा कि यह स्नान जीवन को पुण्य से सराबोर करने के साथ-साथ सनातन धर्म की अमिट आस्था और दिव्य ऊर्जा का अनुभव कराता है। इस धार्मिक अवसर ने उन्हें नयी ऊर्जा और आस्था का अहसास कराया है। महाकुंभ स्नान के बाद महतो और उनके परिवार ने उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले स्थित विंध्याचल नगरी में स्थित गंगा नदी के तट पर विराजमान माता विंध्यवासिनी के दरबार में पूजा अर्चना की। तत्पश्चात महतो अन्य सदस्यों के साथ उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मिशन मौसम का शुभारंभ किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (14 जनवरी ) को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के 150वें स्थापना दिवस में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने 'मिशन मौसम' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने आइएमडी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आइएमडी भारत की वैज्ञानिक यात्रा का प्रतीक है। इसने 150 सालों तक करोड़ों भारतीयों की सेवा की है। आइएमडी की 150 वर्षों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए प्रधानमंत्री की ओर से एक डाक टिकट और विशेष सिक्का भी जारी किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ह्यमिशन मौसम का उद्देश्य एक (टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करना और आपदा प्रबंधन में (भविष्य की तैयारी) को मजबूत करना है। यह मिशन भारत की जलवायु प्रबंधन में अग्रणी भूमिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक सहयोग को दशार्ता है।

**आइएमडी की विश्व बंधुत्व और आपदा प्रबंधन में भूमिका**

प्रधानमंत्री ने बताया कि आईएमडी ने नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों को बाढ़ मार्गदर्शन सिस्टम के जरिए सहायता प्रदान की हैं। किसी भी आपदा की स्थिति में भारत सबसे पहले मदद के लिए पहुंचता है, जिससे विश्व में भारत को लेकर भरोसा और बढ़ा है। दुनिया में विश्व बंधु के रूप में भारत की छवि पहले से और भी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि आइएमडी ने युवाओं को मौसम विज्ञान के प्रति जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय मौसम विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया। हजारों छात्रों ने इसमें भाग लिया, जिससे युवाओं में इस क्षेत्र के प्रति रुचि बढ़ी।

**मौसम विज्ञान में भारत की प्रगति**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आईएमडी ने न केवल भारत में बल्कि पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में आधुनिक विज्ञान और तकनीक की एक मजबूत पहचान बनायी है। उन्होंने कहा कि आइएमडी ने भारत की आपदा प्रबंधन क्षमता को बेहतर किया है, जिससे न केवल भारतीय नागरिकों को बल्कि दुनिया भर के देशों को लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने आइएमडी को टिकाऊ विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान में अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने का अवाहन किया।

# महाकुंभ 2025: रेलवे की विशेष तैयारियों का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज क्षेत्र में रेलवे की तैयारियों को एक नया आयाम देते हुए कई प्रमुख परियोजनाओं और सुविधाओं का शुभारंभ किया।




## मुख्य घोषणाएं और उद्घाटन:

**1. कुंभ वार रूम का उद्घाटन:**

- रेलवे बोर्ड में कुंभ वार रूम का शुभारंभ।
- यह वार रूम 24*7 कार्य करेगा, जिसमें ऑपरेटिंग, कमर्शियल, आरपीएफ, मैकेनिकल, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल जैसे विभिन्न विभागों के अधिकारी तैनात रहेंगे।
- 1,176 सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त लाइव फीड की मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म स्तर से लेकर रेलवे बोर्ड स्तर तक की जायेगी।
- मॉनिटरिंग संरचना:
- प्लेटफॉर्म - स्टेशन - मंडल - जिला - जोनल - रेलवे बोर्ड।
- इस वार रूम के माध्यम से जिला प्रशासन और रेलवे के बीच समन्वय को मजबूत किया जायेगा, जिससे यात्रियों को तत्काल सहायता और सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके।

**2. घोषणा प्रणाली और यात्री पुस्तिका का विमोचन:**

- 12 भाषाओं में उद्घोषणा प्रणाली की शुरुआत प्रयागराज, नैनी, छिवकी और सुबेदारगंज स्टेशनों पर।
- यात्रियों को उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 22 भाषाओं में तैयार की गयी विशेष पुस्तिका का विमोचन।

## प्रयागराज क्षेत्र में यात्री सुविधाएं:

**1. रेलवे नेटवर्क में विस्तार और सुधार:**

- कुल 13,000 ट्रेनों का संचालन:
- 10,000 नियमित ट्रेनें।
- 3,134 विशेष ट्रेनें (पिछले कुंभ से 4.5 गुना अधिक):
- 1,869 शॉर्ट डिस्टेंस ट्रेनें।
- 706 लांग डिस्टेंस ट्रेनें।
- 559 रिंग ट्रेनें।
- मालगाड़ियों को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) पर डायवर्ट किया गया।
- महा कुंभ के लिए बीते 3 वर्षों में 5,000 करोड़ का निवेश।

**2. यात्री सुविधाओं का विस्तार:**

- 48 प्लेटफॉर्म, 21 फुट ओवर ब्रिज (एफओबीएस)।
- 23 स्थायी होल्डिंग एरिया, जिनकी क्षमता 1 लाख से अधिक।
- 554 टिकटिंग काउंटर, जिनमें 151 मोबाइल यूटीएस काउंटर शामिल।
- सड़कों और रेलवे की सुगम आवाजाही के लिए 21 आरओबीएस/आरयूबीएस का निर्माण।
- सभी 9 स्टेशनों पर 12 भाषाओं में उद्घोषणा प्रणाली।

**3. प्रमुख आधारभूत परियोजनाएं:**

- 3,700 करोड़ की लागत से परियोजनाएं:
- बनारस-प्रयागराज डबलिंग (गंगा ब्रिज सहित)।
- फाफामऊ-जंघई डबलिंग।

## कुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या और तैयारियां

- 40 करोड़ श्रद्धालु महा कुंभ में भाग लेंगे।
- मौनी अमावस्या के दिन 5 करोड़ श्रद्धालुओं की उपस्थिति।
- कुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए:
- 1,176 सीसीटीवी कैमरों से लाइव मॉनिटरिंग।
- 23 होल्डिंग एरिया, जिनकी क्षमता 1 लाख से अधिक।
- यात्रियों की सुविधाओं के लिए विशेष रंग-कोडेड टिकट और बारकोडेड यूटीएस प्रणाली का संचालन।

इन प्रयासों से महा कुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुविधाजनक और तकनीकी रूप से उन्नत यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।

# 20 तारीख से पूरी श्रीमंदिर में धाडी दर्शन शुरू होगा: पृथ्वीराज हरिचंदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जनवरी से श्रीमंदिर में धाडी दर्शन शुरू होगी। धाडी दर्शन के लिए रैंप और बैरिकेडिंग लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मंत्री ने कहा कि इसे प्रत्यक्ष रूप से लागू किया जायेगा न कि प्रायोगिक आधार पर। यह घोषणा कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने की। मार्केट स्क्वायर तक एक लाइन होगी। इस दौरान श्रद्धालुओं को पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अलावा वहां कूलर और पंखों की भी व्यवस्था की जायेगी। दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए विशेष उपाय करने का आदेश दिया गया है। दर्शन की छह पंक्तियों में से, पहली पंक्ति दिव्यांग भक्तों के लिए है। दूसरी पंक्ति महिलाओं के लिए है, उसके बाद लकड़ी के रैंप और बैरिकेड्स के साथ बच्चे और वरिष्ठ नागरिक हैं। हालांकि, मंत्री ने कहा कि सभी भक्त सात सीड वाले द्वार से प्रवेश करेंगे, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक घंटी द्वार से बाहर निकलेंगे और पुरुष भक्त गारद द्वार से बाहर निकलेंगे।

# बीएमसी की सफाई गाड़ी में धूल साफ करते समय लगी आग



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीएमसी की सफाई गाड़ी में आग लग गयी। धूल साफ करते समय गाड़ी में अचानक सड़क पर आग लग गयी। दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने से कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि आग कैसे लगी। खबरों के अनुसार, बीएमसी का एक सफाई वाहन आज सुबह भुवनेश्वर के धमणा चौक के पास सड़क की सफाई कर रहा था। मोबाइल रिसाव के कारण आग लगने की आशंका है। इस बीच, आग बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के लिए झाग का इस्तेमाल किया। आग लगने के बाद धमणा रोड पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया।

# छात्रों को मध्याह्न भोजन में दूध मिलेगा : गोकुलानंद मलिक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सरकार छात्रों को मध्याह्न भोजन में दूध उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। यह जानकारी मंगलवार को मत्स्य पालन और पशुधन मंत्री गोकुलानंद मलिक ने दी। गिफ्ट मिल्क के माध्यम से 29 स्कूलों के 1184 बच्चों को 200 ग्राम दूध देने की सोमवार को शुरूआत की गयी है। इसी तरह राष्ट्रीय पशुधन गोकुल योजना के तहत दूध उत्पादन को मजबूत करने की व्यवस्था की जा रही है। मत्स्य पालन और पशुधन मंत्री गोकुलानंद मलिक ने कहा कि लोगों के विकास के लिए 3, 000 गाय देने की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री ने कहा कि कामधेनू योजना के तहत दो गायों को 70 प्रतिशत की छूट पर दिया जायेगा। गोकुल परियोजना पर लगभग 38 करोड़ रुपये की लागत आयेगी।

# ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने वैतरणी नदी में पवित्र डुबकी लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**क्योंझर।** क्योंझर जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आये ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले में बैतरणी नदी में पवित्र स्नान किया। माझी एक विशेष विमान से रायसुआं हवाई पट्टी पहुंचे और सड़क मार्ग से पटना पहुंचे और वहां से बैतरणी नदी की ओर रवाना हुए जहां उन्होंने मकर बुध अनुष्ठान के तहत पवित्र स्नान किया, और बाद में प्राचीन आनंदेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। मकर संक्रांति के अवसर पर मुख्यमंत्री को पवित्र स्नान करते देखने के लिए नदी के तट पर भारी भीड़ जमा हो गयी थी। एहतियात के तौर पर, जलाशय में किसी भी संभावित अप्रिय घटना से बचने के लिए अग्निशमन कर्मियों की एक टीम के साथ एक स्कूबा गोताखोर को भी लगाया गया था। अपने कार्यक्रम के अनुसार, सीएम ने सर्किट हाउस में कुछ देर आराम किया और फिर अपने पैतृक गांव रायकला जाने से पहले झुंपुरा ब्लॉक में एक पुल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री कल धरणीधर विश्वविद्यालय मैदान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का शुभारंभ करेंगे और उसके बाद बड़बिल का दौरा करेंगे। सरस्वती शिशु विद्यामंदिर में प्रार्थना मंडप का उद्घाटन करेंगे और बड़बिल महोत्सव के रजत जयंती समारोह में भाग लेंगे। गुरुवार को राज्य की राजधानी लौटने से पहले माझी झुमपुरा के बालीबंधा में महेंद्र पटनायक की मां के ग्यारहवें दिन के अनुष्ठान में शामिल होंगे।

# कनासा में डायरिया से 40 लोग प्रभावित, दो की मौत



**पूरी (आजाद सिपाही)।** पुरी जिले के कनासा में डायरिया से 40 लोग पीड़ित हैं। पिछले कुछ दिनों में इस बीमारी से दो लोगों की मौत हो चुकी है। कनासा ब्लॉक के कई गांवों में जलजनित बीमारी ने अपना पैर पसार लिया है। डिसगोड़ा, गोपीनाथपुर, जगुलइपाड़ा और जामलागोड़ा के ग्रामीण इस बीमारी से गंभीर रूप से संक्रमित हैं। मरीजों का इलाज कनासा मेडिकल और गडिसगोड़ा मेडिकल में चल रहा है। नुआगांव के सारथी प्रधान की आठ दिन पहले इस बीमारी से मौत हो गयी थी, जबकि सोमवार को सचला साहू नाम की महिला की मौत हो गयी। डायरिया के बढ़ते प्रकोप का कारण जानने के लिए पुरी और भुवनेश्वर से डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम जल्द ही इलाके का दौरा कर सकती है। स्थिति को देखते हुए कनासा मेडिकल में 28 बेड का विशेष वार्ड बनाया गया है।

# राजभवन का उद्यान आम जनता के लिए खुला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के राजभवन उद्यान 13 तारीख से 22 जनवरी तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। उद्यान में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं है, लेकिन आगंतुकों को एक मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण करना आवश्यक है। पंजीकरण के लिए आगंतुक राजभवन उद्यान विजिट मोबाइल ऐप को प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं, या ओड़िशा राजभवन की वेबसाइट पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। उद्यान आम जनता के लिए प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक खुला रहेगा। स्कूल के छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है, वे सुबह 8:30 बजे से 10:00 बजे के बीच उद्यान का दौरा कर सकते हैं। इसके लिए स्कूल प्रशासन को एक अनुरोध पत्र भेजना होगा। छात्रों को अपनी स्कूल यूनिफॉर्म पहननी होगी और पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। सभी आगंतुकों को गेट नंबर 3 से, जो न्यू अभिषेक हॉल के पास है, प्रवेश करना होगा और सुरक्षा बैरक गेट से बाहर निकलना होगा। अधिक जानकारी के लिए, स्कूल प्रशासन वेबसाइट पर जा सकते हैं।


FURNITURE PLANET

*A Unit of Supreme Techno (India)*

Manufacturing Unit of

Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture



LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND

Web: www.supremetechnoindia.com

Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi

9570040095, 9570007788


# खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना ने सुरंग के निर्माण के साथ प्रमुख उपलब्धि हासिल की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खुर्दा रोड-बलांगीर नयी रेल लाइन परियोजना ने नयागढ़ जिले के बुगुडा और बानिगोछा के बीच स्थित सुरंग संख्या टी तीन की सफलता के साथ एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 2620 मीटर लंबी और 2 डिग्री घुमावदार इस सुरंग की खुदाई का काम अब नयी तकनीक का इस्तेमाल करके पूरा किया गया है। सफलता, या 'दिवालोक' 13 जनवरी 2025 को सफलतापूर्वक हासिल की गयी, जो इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक केंद्रीय रेलवे लाइन परियोजना के निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सुरंग संख्या टी तीन नयागढ़ जिले की सबसे लंबी सुरंग है और पूरे खुर्दा रोड-बलांगीर चालू रेल लाइन परियोजना में दूसरी सबसे लंबी सुरंग है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि ओड़िशा के पूर्व और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने, क्षेत्र की परिवहन और आर्थिक क्षमता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

**सुरंग निर्माण में प्रमुख चुनौतियों से निपटना**


301 किलोमीटर तक फैली खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना, विशेष रूप से सुरंगों के निर्माण में कई इंजीनियरिंग और लॉजिस्टिक चुनौतियां सामना करती है। इस परियोजना में 75 किलोमीटर की दूरी के भीतर सात सुरंगें शामिल हैं, जो सभी दसपल्ला और पुरुनाकटक के बीच स्थित हैं। इन सुरंगों का निर्माण - विशेष रूप से पूर्व घाट के कठिन इलाके के माध्यम से- परियोजना के सबसे जटिल पहलुओं में से एक रहा है। इन सुरंगों में से, सुरंग संख्या सात का 4.885 किलोमीटर की सबसे लंबी सुरंग का हिस्सा, सुरंग संख्या 1, सुरंग संख्या 3 और अन्य में अन्य सफलताओं के साथ, पहले ही सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है।

## प्रमुख सुरंग तथ्य:

- सात सुरंगें निमार्णाधीन हैं, जिनकी कुल लंबाई 12.76 किमी है।
- सुरंग संख्या ळ3, बुगुडा और बानिगोछा के बीच स्थित है, 2 डिग्री वक्र के साथ 2,620 मीटर लंबी है।
- सबसे लंबी सुरंग 4.885 किलोमीटर तक फैली है, जो अढेनीगढ़ के पास स्थित है, जिसमें सुरक्षा के लिए 700 मीटर की एस्केप सुरंग भी शामिल है।
- अब तक सात सुरंगों में से चार में ब्रेकथ्रू सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

## समय पर पूरा करने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार के लिए महत्वपूर्ण, खुर्दा रोड- बलांगीर रेल लाइन परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका है। कुल 215 किलोमीटर रेल लाइन पूरी हो चुकी है, जिसमें खुर्दा रोड से दसपल्ला तक 105.8 किलोमीटर और बलांगीर से पुरुनाकटक तक 109 किलोमीटर शामिल है। पुरुनाकटक से अढेनीगढ़ तक के खंड सहित शेष खंड प्रगति पर हैं और आने वाले महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। एक बार पूरा होने पर, यह रेल लाइन भुवनेश्वर और बलांगीर के बीच यात्रा के समय को काफी कम कर देगी, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बाजारों तक पहुंच में सुधार करके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगी।


POPKORN cinemas

SUJATA PICTURE PALACE

Now Showing

Schedule For 14th Jan., 2025 onwards!



| | |
|---|---|
| **at Screen-1 (Sujata)** | |
| Game Changer | : 11.30, 6.30 |
| Pushpa: The Rule-Part 2 | : 2.30 |
| **at Screen-2 (Miniplex)** | |
| Pushpa: The Rule-Part 2 | : 11.00, 5.30 |
| Fateh | : 3.00 |
| **at Popkorn Cinemas** | |
| Game Changer | : 11.30, 2.30, 5.30, 8.30 |
| Fateh | : 11.00, 7.30 |
| Marco | : 1.30 |
| Pushpa: The Rule-Part 2 | : 4.00 |

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

JOB VACANCY

सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए

एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-

- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For Life planning Officer (LPO)

Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus

Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.

Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP

नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।

Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi

M.: 7004800036, 9905678089 (W)



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**